रजिस्ट्री सं. डी. एल. 33001/95

REGISTERED No. DL—33001/95

SECRETARIAT LIBRARY
GOVERNMENT

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 46] नई दिल्ली, शनिवार नवम्बर 18, 1995 (कार्तिक 27, 1917)

No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 18, 1995 (KARTIKA 27, 1917)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

सरकारी और बैंक लेखा विभाग

बम्बई, दिनांक 18 नवम्बर 1995

भारत के राजपत्र में 20 अप्रैल 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल 1954 की अधिसूचना सं० एफ० (8) 70/बी०/52 और भारत के दिनांक 21 फरवरी 1990 के असाधारण राजपत्र सं० 67 के अंतर्गत यथा संशोधित लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के नियम 18 के अनुसरण में अगस्त 1995 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची खो गयी आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है, जिसके संबंध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्टया आधार मौजूद हैं कि प्रतिभूतियां खो गयी हैं और आवेदकों का दावा न्यायोचित है। नीचे लिखे गये संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका इन प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तत्काल मुख्य लेखाकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग, बंबई को सूचित करें। सूची दो भागों में विभाजित की गयी है। भाग "क" में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गयी हैं और भाग "ख" में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गयी है।

सूची "क"

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/ग्राम	नाम से जारी की गया	ब्याज धारित किये जाने की तारीख	डुप्लिकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार (रों) का/के नाम	जारी किये गये आदेश की संख्या तथा तारीख
	2	3	4	5	6
			तिरुवनन्तपुरम 9 प्रतिशत राहत	सर्किल बांड 1987	
1. टी० आर० 000337	2,00,000	पी० सी० थॉमस	19-1-1990	पी० सी० थॉमस	फाइल सं० एम० एल० 05-02-168 महा प्रबंधक का आदेश दि० 21-9-95

1	2	3	4	5	6
		मद्रास सर्किल			
		राष्ट्रीय रक्षा स्वर्ण बांड 80 "ए" सीरिज			
(1) एम० एस० 034168	10 ग्राम	पी० कुप्पुसामी चिल्ली (मृत)	27-10-67	के ०रामी अम्माल	जे० एम० डी० बाय सं० 122 दिनांक 28-8-95
(2) एम० एस० 036767	80 ग्राम	—वही—			

सूची "ख"

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/ ग्राम	जिस नाम से जारी की गयी	ब्याज धारित किए जाने की तारीख	डुप्लिकेट जारी करने/ तथा भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार (रों) का/के नाम	आदेश सं० एवं जारी करने की तारीख	लोक ऋण अधिनियम 1944 के अंतर्गत सूची के प्रकाशन की तारीख जिसमें प्रतिभूति पहली बार प्रकाशित की गयी थी
1	2	3	4	5	6	7
		स्वर्ण बांड (बंबई सर्किल)				
बी० बाई० आर० बी० एल० 000051	580 ग्राम	दीपक श्रीवास्तव और कमल किशन	(अवधि समाप्ति पर)	दीपक श्रीवास्तव और कमल किशन	मामला सं० 20-04-2008 दिनांक 10-7-1995 के महा प्रबंधक के आदेश तथा सी० ओ० डायरी सं० 21 दिनांक 12-7-1995	
बी० बाई० एस० बी० एल० 000002	499 ग्राम	संजय के० श्रीवास्तव और प्रकाश के० श्रीवास्तव	(अवधि समाप्ति पर)	संजय के० श्रीवास्तव और प्रकाश के० श्रीवास्तव	मामला सं० 20-04-1996 महाप्रबंधक के आदेश तथा सी० ओ० डायरी सं० 23, दिनांक 12-7-95	

डी० सी० पाडलकर,
कृते मुख्य महा प्रबंधक

शहरी बैंक विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 12 अक्तूबर 1995

सं० बी० आर० 129/16.26.00/95-96—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 24 की उपधारा (2क) के साथ पठित धारा 56 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा दिनांक 29 मार्च 1985 की अपनी अधिसूचना शबैंवि० बी० आर० सं० 763/बी० /-84-85 का अधिक्रमण करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक एतद्द्वारा यह विनिर्दिष्ट करता है कि 14 अक्तूबर 1995 को और से, उक्त अधिनियम की धारा 24 के प्रयोजन के लिए, भार रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों (जिन्हें इस अधिसूचना में इसके बाद प्रतिभूतियां कहा गया है) का मूल्यांकन निम्नलिखित विधि से किया जाएगा, अर्थात :

(क) 31 मार्च 1995 के दिन धारित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, जब तक वे निरन्तर धारिता में रहेंगी तथा बैंक के संविभाग में बनी रहेंगी, तब तक उसी मूल्यांकन प्रणाली को अपनाते हुए किया जाएगा जो उस तारीख को तुलन-पत्र के लिए अपनाई गई हो । उक्त मूल्यांकन तुरन्त बाद के सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष के दौरान अपरिवर्तित रहेगा । इसके अतिरिक्त, 1 अप्रैल 1995 से 31 मार्च 1996 तक अभिगृहीत प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, अंकित मूल्य अथवा अभिगृहण की तारीख के लागत मूल्य, इनमें से जो भी कम हो, पर किया जाएगा । जब तक ये प्रतिभूतियां बैंक के संविभाग में बनी रहेंगी, तब तक अथवा 31 मार्च 1996 तक, इनमें से जो भी पहले हो, इन प्रतिभूतियों को उसी मूल्य पर दर्शाया जाएगा ।

(ख) उसके बाद प्रति वर्ष 31 मार्च के दिन धारित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, जब तक ये निरन्तर धारिता में रहेंगी तथा बैंक के संविभाग में बनी रहेंगी, तब तक उसी मूल्यांकन प्रणाली को अपनाते हुए किया जाएगा जो उस तारीख को तुलन-पत्र के लिए अपनाई गई हो । उक्त मूल्यांकन तुरन्त बाद के सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष के दौरान अपरिवर्तित रहेगा । तथापि, आने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान अभिगृहीत प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, अंकित मूल्य अथवा अभिगृहण की तारीख के लागत मूल्य, इनमें से जो भी कम हो, पर किया जाएगा । जब तक ये प्रतिभूतियां बैंक के संविभाग में बनी रहेंगी, तब तक अथवा वित्तीय वर्ष के अन्त तक, इनमें से जो भी पहले हो, इन्हें उसी मूल्य पर दर्शाया जाएगा ।

एस० ए० हुसैन
कार्यपालक निदेशक

बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई-400005, दिनांक 30 अक्तूबर 1995

सं० बी० सी० 127/12.01.001/95-96—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 42 की उपधारा (1) के परन्तुक के साथ पठित उपधारा (7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और दिनांक 11 अप्रैल 1989 के परिपत्र डी० बी० ओ० डी० सं० आर० ई० टी० बी सी० 108/सी० 96/(आर० ई० टी०/89 में आंशिक संशोधन करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक एतद्द्वारा यह निदेश देता है कि 28 अक्तूबर 1995 से शुरू होने वाले पखवाड़े से, 27 अक्तूबर 1995 के स्तर के ऊपर अनिवासी (बाह्य) रुपया (एन० आर० इ०) जमा खातों की देयताओं में हुई किसी वृद्धि को औसत नकदी प्रारक्षित अनुपात (सी० आर० आर०) के अनुरक्षण से छूट होगी। तथापि, बैंकों से यह अपेक्षित होगा कि वे 27 अक्तूबर 1995 के स्तर तक एन० आर० ई० जमा राशियों के अन्तर्गत देयताओं के 15.0 प्रतिशत के औसत नकदी प्रारक्षित अनुपात को बनाये रखें।

2. ऊपर विनिर्दिष्ट छूट वाणिज्य बैंक द्वारा अनुरक्षित उसकी कुल शुद्ध मांग और मियादी देयताओं पर 3 प्रतिशत से अनधिक के प्रभावी नकदी प्रारक्षित अनुपात के अधीन होगी।

बी० के० पाल
कार्यपालक निदेशक

सं० बी० सी० 128/12.01.001/95-96—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 42 की उपधारा (1) के परन्तुक के साथ पठित उपधारा (7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और 11 जनवरी 1995 की अपनी अधिसूचना बैंपविवि. सं. बी सी. 5/12.01.001/94-95 में आंशिक संशोधन करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक एतद्द्वारा विनिर्दिष्ट करता है कि 28 अक्तूबर 1995 से शुरू होने वाले पखवाड़े से, 27 अक्तूबर 1995 के स्तर के ऊपर अनिवासी (अप्रत्यावर्तनीय) रुपया (एन० आर० एन० आर०) जमा खातों की देयताओं में हुई किसी वृद्धि को औसत नकदी प्रारक्षित अनुपात (सी० आर० आर०) के अनुरक्षण से छूट होगी। तथापि, बैंकों से यह अपेक्षित होगा कि वे 27 अक्तूबर 1995 के स्तर तक एन० आर० एन० आर० जमा राशियों के अन्तर्गत देयताओं के 7.5 प्रतिशत के औसत नकदी प्रारक्षित अनुपात को बनाये रखें।

2. ऊपर विनिर्दिष्ट छूट वाणिज्य बैंक द्वारा अनुरक्षित उसकी कुल शुद्ध मांग और मियादी देयताओं पर 3 प्रतिशत से अनधिक के प्रभावी नकदी प्रारक्षित अनुपात के अधीन होगी।

बी० के० पाल
कार्यपालक निदेशक

यूको बैंक

प्रधान कार्यालय

कार्मिक विभाग

कलकत्ता-700001, दिनांक 30 अक्तूबर 1995

सं० अधिकारी लेखा विनियम 1/1995—बैंक का निदेशक मण्डल बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से यूको बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में संशोधन हेतु निम्नलिखित विनियम बनाता है।

संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ :

(i) इन विनियमों को यूको बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधित) विनियम कहा जा सकेगा।

(ii) ये विनियम सरकारी गजट में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी होंगे।

(iii) विद्यमान विनियम 49(ii) के स्थान पर निम्नानुसार संशोधन किया जाय :

विद्यमान प्रावधान का पाठ	संशोधित विनियम का पाठ
कार्य ग्रहण अवधि में अधिकारी को नये अथवा पुराने पद की परिलब्धियां, जो भी कम हों प्राप्त करने की पात्रता होगी।	कार्य ग्रहण अवधि में अधिकारी को स्थानांन्तरण के स्थान पर लागू परिलब्धियां प्राप्त करने की पात्रता होगी।

बी० वकटरामन
महाप्रबन्धक
(कार्मिक)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

बम्बई, दिनांक 20 अक्तूबर 1995

सं० यू० टी०/डी० बी० डी० एम०/329-ए/एस० पी० डी० 71 आई०/95-96—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अन्तर्गत बनाए गए मासिक आय प्लान 95 (2) का पंशकश दस्तावेज, जिसे 16 अगस्त 1995 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

ए० जी० जोशी
व्यवस्थापक
व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मासिक आय प्लान 1995 (2)

पेशकश (आफर) दस्तावेज

7 अगस्त, 1995 से 28 अगस्त, 1995 तक पेशकश खुली रहेगी ।

मासिक आय प्लान 1995 (2) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा (1) (8) (सी) के अन्तर्गत बनाया गया है जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई यूनिट योजना, मासिक आय योजना 1995 (2) के सम्बन्ध में है ।

प्लान के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम,, 1993 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है ।

प्लान का उद्देश्य

यह एक आयोन्मुख प्लान है । प्लान का उद्देश्य या तो मासिक आधार पर नियमित आय प्रदान कर अथवा 5 वर्षों की अवधि तक संचित की गई आय को उपलब्ध करा कर निवेशकों की आवश्यकताओं को पूरा करना है ।

विशिष्टताएं

* एक पांच वर्ष का प्लान है ।

* निवासी वयस्क व्यक्तियों/मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों/अवस्कों/हिन्दू अविभक्त परिवारों/न्यासों/समितियों/पंजीकृत सहकारी समितियों/अलाभकारी कम्पनियों सहित निगमित निकायों (कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत) के लिए खुला है ।

* ट्रस्ट द्वारा उत्तर दिनांकित मासिक वारंटों के जरिए पहले वर्ष के लिए न्यूनतम लक्षित लाभांश 13.5% प्रति वर्ष की दर से अदा किया जाना प्रस्तावित है । उसके बाद के वर्षों के लिए लाभांश पूर्ववर्ती वर्षों के अन्त में घोषित किया जाएगा और मासिक आधार पर अदा किया जाएगा ।

* मार्च 1996 तक के लिए उत्तर दिनांकित मासिक लाभांश वारंट अग्रिम रूप से दिए जाएंगे ।

* मासिक लाभांश के स्थान पर आय को संचित करने का विकल्प भी है ।

* 1 सितम्बर 1996 से एन० ए० वी० आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर पुनर्खरीद करने की अनुमति होगी ।

* निवेश का एक भाग इक्विटियों में होने से पूंजीवृद्धि की सम्भावना ।

* पूंजी वृद्धि से पूंजीगत अभिलाभ और लाभांश पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 एल एवं धारा 48 तथा 112 के अन्तर्गत कर लाभ ।

जोखिम के तत्व

* प्लान की यूनिटों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और प्लान के शुद्ध आस्ति मूल्य (एन० ए० वी०) का ऊपर या नीचे जाना बाजार की शक्तियों पर निर्भर करता है ।

* यदि वास्तविक आय 13.5% प्र० वा० न्यूनतम लक्षित लाभ का भुगतान करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी तो सदस्यों को उस हद तक यूनिट पूंजी का घाटा उठाना पड़ सकता है ।

* ट्रस्ट की पहले की योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप में भावी परिणामों का द्योतक नहीं है । इस प्लान के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है ।

* मासिक आय प्लान 95 (2) केवल प्लान का नाम है और यह किसी भी प्रकार से प्लान की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है । निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस प्लान में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लें ।

प्रबंधन के विचार में जोखिम के तत्व

ट्रस्ट 30 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और हमने 4 करोड़ 88 लाख से अधिक निवेशकों से लगभग 61,000 करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंधन में निपुणता हासिल की है।

ट्रस्ट के अब तक परिपक्व हुए तेरह मासिक आय प्लानों के कार्यनिष्पादन नीचे दी गई तालिका में दर्शाये गये हैं।

तालिका

क्रम सं० प्लान	वार्षिक लाभांश, मासिक रूप में अदा किया गया	परिपक्वता पर पूंजीवृद्धि (%)		बोनस (%)
		आश्वासित	वास्तविक	
1. एम० आई० एस–1	12% प्र० व०	—	6	—
2. एम० आई० एस–2	12% प्र० व०	—	7	—
3. एम० आई० एस–3	12% प्र० व०	—	8	—
4. एम० आई० एस–4	12% प्र० व०	—	8	—
5. एम० आई० एस–5	12% प्र० व०	—	10	—
6. एम० आई० एस–6	12% प्र० व०	2	5.5	1.5
7. एम० आई० एस–7	12% प्र० व०	2	6	1.5
8. एम० आई० एस–8	12% प्र० व०	2	7	1.5
9. एम० आई० एस–9	12% प्र० व०	2	9	1.75
10. एम० आई० एस–10	12% प्र० ग०	2	9	2.00
11. एम० आई० एस–11	12% प्र० व०	2	11	2.25
12. एम० आई० एस–12	12% प्र० व०	2	28	2.25
13. एम० आई० एस–13	12% प्र० व०	2	40	3.00

यू० टी० आई० की स्थापना

यू० टी० आई० अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण प्रबन्धन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होने वाली आया, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। इसने 1 जुलाई, 1964 से कार्य करना आरम्भ किया।

यू० टी० आई० का प्रबन्धन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबन्धन न्यासी मण्डल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है।

बोर्ड के अलावा एक सार्वाधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं। यह समिति मण्डल की कार्यक्षमता के अन्तर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिये सक्षम है।

न्यासी मण्डल

1. डा० एस० ए० दबे	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2. श्री एस० एच० खान	अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
3. डा० अरविन्द वीरमणि	सलाहकार, नीति निर्धारण, भारत सरकार, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय
4. श्री एन० एम० मेखसरिया	प्रबन्ध निदेशक, गुजरात अबुजा सीमेंट लि०
5. श्री पी० आर० खन्ना	सनदी लेखाकार
6. कु० आई० टी० वाज	कार्यपालक निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक
7. श्री जे० एस० सालुखे	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8. श्री एन० वाघुल	अध्यक्ष, आई० सी० आई० सी० आई० लि०
9. श्री जे० वी० शेट्टी	अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक, केनरा बैंक

मासिक आय योजना 1995 (2) का ब्यौरा

[एम० आई० एस० 95(2)]

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ :

(1) यह योजना मासिक आय योजना 1995 (2) [एम० आई० एस० 95 (2)] कही जाएगी।

(2) यह योजना पांच वर्ष अर्थात 1 सितम्बर 1995 से 31 अगस्त 2000 तक की अवधि के लिए होगी ।

(3) यूनिटों की बिक्री 7 अगस्त 1995 से 28 अगस्त 1995 तक 22 दिनों के लिए होगी ।

बशर्ते यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक आर्थिक कारणों से अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं ।

2. परिभाषाएं :

इस योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(ख) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(ग) "वैकल्पिक आवेदक" का अर्थ नाबालिग के मामले में माता-पिता के अलावा उस माता-पिता से है जिन्होंने नाबालिग की ओर से आवेदन किया हो ।

(घ) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना और उसके अन्तर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र होगा, जो अवयस्क नहीं होगा और आवेदन पत्र में उल्लिखित वैकल्पिक आवेदक सहित जब मानसिक विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिटों की बिक्री की गई हो और प्लान के खण्ड 3 के अन्तर्गत आवेदन करता हो ।

(ङ) "पात्र संस्था" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है ।

(च) योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में "सदस्य" के रूप में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का अर्थ और इस में शामिल उस आवेदक से है, जिसे इस योजना में यूनिट आवंटित किए गए हों ।

(छ) "मानसिक विकलांग व्यक्ति" का अर्थ वह व्यक्ति, जो ऐसी मानसिक अक्षमता से ग्रस्त हो, जो उसे जीवन के सामान्य कार्य करने से वंचित रखती हो और जो किसी पंजीकृत चिकित्सक द्वारा उसी रूप में प्रमाणित हो ।

(ज) "आरंभी समझे जाने वाले यूनिटों की संख्या" का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की कुल संख्या है ।

(झ) "व्यक्ति" में ऊपर यथापरिभाषित पात्र संस्था शामिल है ।

(ञ) "मान्यताप्राप्त शेयर बाजार" का अर्थ वह शेयर बाजार है, जिसे फिलहाल प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त है ।

(ट) "रजिस्ट्रार" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी सेवाएं ट्रस्ट द्वारा योजना के अन्तर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए ली जा सकें ।

(ठ) "विनियमावली" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है ।

(ड) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड ।

(ढ) "समिति" का अर्थ समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत स्थापित समिति या फिलहाल प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अन्तर्गत स्थापित अन्य कोई समिति है ।

(ण) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपये के आंशिक मूल्य का एक अविभक्त शेयर है ।

(त) यूनिट पूंजी का तात्पर्य फिलहाल यूनिट योजना के अन्तर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है ।

(थ) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अन्तर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है ।

(द) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम विनियमावली में दिये गये हैं ।

(ध) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं ।

इस योजना के अन्य उपबन्ध पृष्ठ सं० 9 से पृष्ठ 11 में दिए गए हैं । शीर्षक बनाए मासिक आय योजना 1995 (2) [एम० आई० एस० 95 (2)] के अन्तर्गत बनाये गए मासिक आय प्लान 1995 (2) [एम० आई० पी० 95 (2)] के ब्यौरे यहां नीचे दिए जाते हैं ।

1. परिभाषाएं :

शब्द (जो) प्लान में परिभाषित नहीं किये गये हैं तथा योजना और अधिनियम/विनियमों में परिभाषित किए गए हैं उनके अपने-अपने अर्थ योजना/अधिनियम/विनियमों में दिए गए अर्थ हैं ।

2. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

इस योजना के अन्तर्गत जारी प्रत्येक यूनिट का मूल्य दस रुपये होगा ।

3. यूनिटों के लिए आवेदन :

(1) यूनिटों के लिए आवेदन केवल निवासियों द्वारा किये जा सकते हैं, जैसे

(क) व्यक्ति, एकल या अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप में/उत्तरजीवी आधार पर ।

(ख) नाबालिग निवासी की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक । बालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकता ।

(ग) योजना में यथापरिभाषित पात्र संस्था, जिसमें अप्रति-संहरणीय और लिखत द्वारा निर्मित निधी न्यास शामिल हैं ।

(घ) मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए कोई व्यक्ति ।

(ङ.) योजना में यथापरिभाषित कोई समिति ।

(च) पंजीकृत सहकारी समिति ।

(छ) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत निर्मित अलाभकारी कम्पनी सहित अन्य निगमित निकाय लेकिन बैंक और कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत अन्य कम्पनियां शामिल नहीं हैं ।

(ज) हिन्दू अविभक्त परिवार ।

(2) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित कार्य में किये जाएंगे ।

4. न्यूनतम निवेश राशि :

दोनों विकल्पों मासिक और संचयी के अन्तर्गत आवेदन न्यूनतम 200 यूनिटों के लिए और उसके बाद 100 यूनिटों के गुणकों में किया जाएगा । कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी ।

आवेदक को जितनी यूनिटें चाहिए उन सब के लिए केवल एक ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करना चाहिए । एकल अथवा संयुक्त नामों से किए गए दो या अधिक आवेदन पत्रों को गुणक आवेदन माना जाएगा यदि उनमें एकमात्र अथवा प्रथम आवेदक समान है । ऐसे गुणक आवेदन पत्रों में से किसी को अथवा सभी को अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार पूर्णतया उसके स्वनिर्णय में सुरक्षित है ।

रु० 50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले में, निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पी० ए० एम०/जी० आई० आर० संख्या है तो वह उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करें ।

5. एकत्र की जाने वाली न्यूनतम लक्ष्य राशि :

योजना के अन्तर्गत एकत्र की जाने वाली लक्ष्य राशि 100 करोड़ रुपये होगी । अत्यधिदान, यदि कोई हो तो उसे ट्रस्ट द्वारा रखा जाएगा ।

यदि लक्ष्य राशि के 60 प्रतिशत का अभिदान नहीं हो तो, ट्रस्ट को आदाता के खाता चैक/प्रत्यर्पण आदेश द्वारा योजना के अन्तर्गत पूरी राशि को यूनिटों की बिक्री समाप्ति तिथि से छः हफ्तों या उसके पहले वापस करना होगा ।

उक्त अनुबद्ध अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में बिक्री बन्द होने की तिथि से 6 सप्ताहों की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा ।

6. खर्चों पर सीमा :

योजना के अन्तर्गत एकत्र निधि का निर्गम पूर्व व्यय 6% से अधिक नहीं होगा । योजना के प्रारम्भिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय	%
मुद्रण और डाक	1.50
प्रचार और मार्केटिंग	1.50
एजेंटों को कमीशन	1.25
प्रशासनिक व्यय	0.50
रजिस्ट्रारों का प्रभार	0.50
विविध	0.75
योग	6.00

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये में से कम से कम 94 पैसे का इस योजना में निवेश किया जाएगा ।

आरम्भिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% से अधिक नहीं होगा । अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं :

व्यय	%
प्रशासनिक व्यय	1.00
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.10
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
लेखा शुल्क	0.20
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.50
अन्य व्यय	0.60
योग	3.00

उपरोक्त व्यय अनुभानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों के साथ परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं। फिर भी, संघी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1993 के अनुसार कुल आरम्भिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 6% की सीमा के भीतर तथा आवर्ती व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% की सीमा के भीतर ही होगा। इसके अलावा प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान तथा कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान लेखा वर्ष के दौरान प्लान के साप्ताहिक औसत एन० ए० वी० के 1.25% से अधिक नहीं होगा।

7. भुगतान विधि :

(1) (1) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चैक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा।

यदि आवेदन यूटीआई के कार्यालयों में जमा किये जाएं, तो चैक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किए जाएं, जिस शहर में स्थित शाखा कार्यालय में आवेदन किया जाए।

लेकिन जहां आवेदक ट्रस्ट के शाखा कार्यालय/संग्रहण केन्द्र/अधिकृत कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहे तो आवंटित यूनिटों के लिये आवेदन पत्र के साथ देय चैक ड्राफ्ट के लिए देय बैंक प्रभार घटाकर बैंक ड्राफ्ट ट्रस्ट के शाखा कार्यालय को भेज सकता है।

(2) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चेक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो। लेकिन आवेदन ट्रस्ट द्वारा उपयुक्त समझे गए समय के भीतर ट्रस्ट या संग्रहण केन्द्र को प्राप्त हो जाए। यदि आवंटित यूनिट के लिए भुगतान की गई राशि आवंटित यूनिटों के लिए देय राशि से कम हो, तो आवेदक को उतनी ही कम संख्या में यूनिट जारी किए जाएंगे, जितने इस योजना के अन्तर्गत किए जा सकेंगे। उसके देय शेष राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से उसके खर्च पर उसे वापस कर दी जाएगी।

(2) (क) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक से योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके। योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा।

(ख) अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किये जा सकते हैं

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर, अस्वीकृत कर दिया जाएगा और राशि अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने पर वापस की जाएगी। बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी।

(3) यूनिट जारी होने के पहले आवेदक को योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान से सम्बंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा :

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को सन्तुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं जैसे न्यासों से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में ट्रस्ट विलेख, प्रबन्ध समिति का यूनिट खरीदने संबंधी संकल्प, नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाण पत्र, मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लाभ के लिए प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में चिकित्सक से प्रमाणपत्र आदि जो निवेशक की श्रेणी पर निर्भर करेगा। ऐसी अपेक्षाएं पूरी करने या नहीं करने के प्रति ट्रस्ट की संतुष्टि उसके अपने विवेक पर निर्भर होगी।

गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाले व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा।

ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% बट्टे के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे।

पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

8. यूनिटों की बिक्री :

पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों का बिक्री मूल्य सममूल्य पर होगा। ट्रस्ट द्वारा यूनिट की बिक्री संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। बिक्री संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को सदस्यता सूचना जारी करेगा। यह इस बात का साक्ष्य होगा कि उसे योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में सदस्य के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था और निगमित निकाय को जारी सदस्यता सूचना पात्र संस्था/निगमित निकाय के नाम में होगी। प्रेषित सदस्यता सूचना के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

ट्रस्ट प्लान के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से 10 हफ्तों के भीतर सदस्यता सूचना भेजने का प्रयास करेगा।

9. यूनिट की पुनर्खरीद :

(1) अवरुद्ध अवधि एक वर्ष अगस्त 1996 तक की होगी। योजना और उसके अन्तर्गत बनाए प्लान के अन्तर्गत पहले वर्ष के दौरान कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी। यूनिटों के एन० ए० वी०

पर आधारित पुनर्खरीद मूल्य (पूर्ववर्ती आधार पर) पहले वर्ष के दौरान प्रारम्भ में प्रत्येक 3 महीनों में एक बार घोषित किया जाएगा (दावों के निपटान के लिए)। अवरुद्ध अवधि समाप्त होने के बाद अर्थात 31-8-1996 को, एन० ए० वी० पर आधारित पुनर्खरीद मूल्य प्रत्येक माह 1-9-96 से आरम्भ करते हुए प्रत्येक माह घोषित किया जाएगा।

(2) मासिक आय विकल्प : ट्रस्ट प्लान के अन्तर्गत यूनिट धारण के दूसरे वर्ष से पुनर्खरीद के लिए यूनिटों की पेशकश करेगा। पुनर्खरीद पूर्ववर्ती एन० ए० वी० आधारित मूल्य पर की जाएगी। पुनर्खरीद मूल्य परिकल्पित करते समय ट्रस्ट को प्रशासकीय व्यय और अन्य प्रभार, जो प्रति यूनिट एन० ए० वी० के 5% से अधिक न हो, की कटौती करने की स्वतन्त्रता होगी। पुनर्खरीद सभी धारकों द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरी और अन्य व्यक्ति, जिसका नाम, पेशा और पता दिया जाए, के लक्ष्य के साथ सादे कागज पर अनुरोध पत्र के साथ सदस्यता सूचना प्राप्त होने पर प्रभावी होगी। सूचना में अंकित सभी यूनिट पुनर्खरीद के लिये पेश किए जाने चाहिये।

यूनिट की आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पुनर्खरीद के लिये आवेदन करते समय सदस्य को पुनर्खरीद माह तक के बचे हुए शेष अदत्त आय वितरण वारंट ट्रस्ट को सौंपने होंगे।

ट्रस्ट पुनर्खरीद के अनुरोध पत्र सहित सदस्यता सूचना प्राप्त होने पर भावी महीने के लिये यूनिट पर आय वितरण का भुगतान करने के लिये बाध्य नहीं होगा और न ही पुनर्खरीद की प्राप्तियों पर कोई ब्याज देय होगा।

प्राप्त सभी दस्तावेज और अदत्त आय वितरण वारंट, यदि हों, निरस्तीकरण के लिये ट्रस्ट द्वारा रख लिये जाएंगे

(3) पूर्ववर्ती उप-खण्डों में अन्तर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिट की पुनर्खरीद करते समय, सदस्य द्वारा उस समय तक बकाया आय वितरण वारंटों को अभ्यर्पित नहीं करने की स्थिति में ट्रस्ट ऐसे आय वितरण वारंटों की भविष्य में देय राशि पुनर्खरीद मूल्य में घटाकर सदस्य को शेष राशि का भुगतान करने के लिये स्वतन्त्र होगा। ट्रस्ट को सदस्यता सूचना और पुनर्खरीद का अनुरोध पत्र प्राप्त हो जाने के बाद सदस्य को स्वीकृति माह के आय वितरण सहित भावी आय वितरण प्राप्त करने का अधिकार नहीं रह जायेगा और ऐसे बकाया आय वितरण की राशि का दावेदार ट्रस्ट होगा।

(4) मासिक आधार पर प्रदत्त पूरे वर्ष के आय वितरण के हकदार बनने के लिए सदस्य को यूनिट पूरे वर्ष तक रखने होंगे। वर्ष के किसी भाग के लिये यूनिट रखनेवाला सदस्य केवल धारण अवधि के लिये, जो हमेशा पूर्ण अंगरेजी कैलेण्डर मास की होगी, आनुपातिक आय वितरण प्राप्त करने का हकदार होगा और माह के भाग को, चाहे वह कितने भी दिन का क्यों न हो, हमेशा छोड़ दिया जाएगा।

(5) सदस्य की मृत्यु हो जाने की स्थिति में वैध प्रतिनिधि या नामित द्वारा सदस्यता सूचना, पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र और बकाया अदत्त आय वितरण वारन्ट ट्रस्ट को सौंपे जाने के बाद वह (ट्रस्ट) दावे की मान्यता संबंधी निर्धारित आवश्यकता पूरी होने पर अपने नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें ऊपर उपखण्ड (2) और (3) में यथावर्णित रूप में यूनिट की पुनर्खरीद करेगा और दावे की निपटान तिथि तक के बकाया मासिक आय का आनुपातिक भुगतान करेगा।

(6) ट्रस्ट द्वारा कटौती यदि हो, करने के बाद पुनर्खरीदे गए यूनिटों के लिये भुगतान स्वीकृति तिथि के बाद यथाशीघ्र आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में यथोल्लिखित रीति से किया जायेगा। आवेदक को देय राशि पर किसी भी कारण से कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चेक या ड्राफ्ट का प्रेषण (डाक खर्च सहित) या वसूली खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

(7) संचयी विकल्प :

संचयी विकल्प के अंतर्गत जारी यूनिटों के मामले में ट्रस्ट और योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान के अंतर्गत यूनिट धारण के दूसरे वर्ष से यूनिटों के पुनर्खरीद की पेशकश करेगा। पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती एन.ए.वी. आधार पर होगा। पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट प्रति यूनिट एन. ए. वी. के 5% तक प्रशासकीय व्यय और अन्य प्रभार काटने के लिए स्वतंत्र होगा।

आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(8) पुनर्खरीद किए गए यूनिटों को पुनः जारी नहीं किया जाएगा।

(9) पुनर्खरीद मूल्य के परिकल्लन का आधार यथासमय सेबी द्वारा निर्धारित विनियम, दिशा-निर्देश के अधीन होगा।

10. यूनिट की पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिट की पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :—

(1) ऐसे दिन, जो कार्य दिवस नहीं हों; और

(2) ऐसी अवधि में जब बही और लेखे की वार्षिक बन्दी (ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित) के संबंध में सदस्यों की पंजी बन्द हो।

स्पष्टीकरण :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो :—

(1) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही

(2) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बन्द रहेगा ।

11. पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद ट्रस्ट यथाशीघ्र इसे प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करेगा ।

12. सदस्यता सूचना :

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जारी यूनिटों की सदस्यता के संबंध में किसी सदस्य को यूनिट/सदस्यता/प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा । उनको सदस्यता सूचना दी जाएगी, जो योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में सदस्य के रूप में स्वीकृति का साक्ष्य होगा ।

13. सदस्यता सूचना तैयार करने की रीति :

सदस्यता सूचना ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा निर्धारित रूप के अनुसार होगी ।

14. सदस्यता सूचना का विनिमय और कट-फट जाने, विरूपित हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया :

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में सदस्य उक्त प्रयोजनार्थ ऐसे नियमों/दिशा-निर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करेंगे और ऐसे दस्तावेजों का निष्पादन करेंगे, जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा बनाए जाएंगे/अपेक्षित होंगे ।

15. सदस्य की पंजी :

सदस्यों के पंजीकरण के सम्बंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :—

(1) ट्रस्ट द्वारा सदस्यों की पंजी रखी जाएगी और अन्य बातों के साथ-साथ पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे :—

(क) सदस्यों के नाम और पते;

(ख) सदस्यता सूचना की संख्या और प्रत्येक ऐसे व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) जिस तिथि को ऐसा व्यक्ति अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया ।

(2) सदस्य की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी । ट्रस्ट ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा । किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग हो, के लाभ के लिए यूनिटों हेतु आवेदन करने वाले आवेदक की मृत्यु के परिणाम स्वरूप होने वाले परिवर्तन की प्रविष्टि पंजी में तदनुसार की जाएगी।

(3) केवल पंजी बंदी को छोड़कर, इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कार्य-समय के दौरान (ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित समुचित परिसीमाओं के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घण्टे के लिए पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) सदस्य के निःशुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी ।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बन्द रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 45 दिन से अधिक समय के लिए बन्द नहीं रहेगी । ट्रस्ट समाचार पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बन्दी की सूचना देगा ।

(5) किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निहित और रचनात्मक सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी ।

16. पात्र संस्थाओं, नाबालिगों और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति आदि के लाभ के लिए किसी आवेदक का आवेदन और पंजीकरण :

(1) पात्र संस्थाएं निगमित निकाय और समितियों (सहकारी समितियों के साथ) सदस्य के रूप में पंजीकृत की जाएंगी ।

(2) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ग) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है । अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा । आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किए गए कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाण के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा ।

(3) जहां किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिए किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किया जाए, वहां ट्रस्ट प्रस्तुत कथन और प्रमाणपत्रों के आधार पर कार्य करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट सदभावपूर्वक कार्य कर रहा है । ट्रस्ट को हक होगा कि वह केवल आवेदक के साथ व्यवहार करे और उसकी मृत्यु की स्थिति में सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करे तथा उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिट के संबंध में किया गया भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन माना जाएगा ।

(4) पात्र संस्थाओं, निगमित निकायों या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की आवेदक की क्षमता से संबंधित सभी संबंधित दस्तावेज, जैसे संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम न्यास-विधियां आदि, प्रबंध निकाय द्वारा पारित संकल्प की प्रमाणित प्रति और अपेक्षित मुख्तारनामा की प्रति ट्रस्ट के समक्ष पेश करनी होगी ।

17. ट्रस्ट के उन्मोचन करने के लिए सदस्य द्वारा रसीद :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के संबंध में सदस्य को प्रदत्त राशि के लिए उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा ।

18. सदस्यों द्वारा नामांकन :

(1) सदस्य विनियमों में उपबंधित सीमा तक नामांकन करने या निरस्त करने के अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं ।

(2) सदस्यों को, जो नाबालिग की ओर से माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों तथा पात्र संस्था, समिति, निगमित निकाय और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिट हेतु आवेदन करने वाले आवेदक को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा ।

रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एन आर आई नामित किए जा सकते हैं ।

19. सदस्य की मृत्यु :

(1) यूनिट की संयुक्त सदस्यों में किसी एक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा जीवित व्यक्ति को ही योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के हकदार होने या उनके हिताधिकारी होने की मान्यता दी जाएगी ।

लेकिन इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात उक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे जीवित व्यक्ति के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी ।

(2) किसी एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में नामिती का यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जाएगी ।

(3) किसी एकल सदस्य द्वारा वैध नामांकन नहीं किए जाने की स्थिति में मृत व्यक्ति का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग 10 के अंतर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही वह व्यक्ति होगा, जिसे यूनिटों के हकदार के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जा सकती है ।

(4) किसी सदस्य की मृत्यु के परिणामस्वरूप यूनिट के हकदार हो जाने वाले व्यक्ति को, ट्रस्ट द्वारा उसके हक के लिए पर्याप्त समझे गए साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के बाद तथा दावेदार द्वारा दावा संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा ।

(5) यदि एकमात्र नामिती यूनिट रखने का पात्र है तो उक्त नामिती को उसकी इच्छा के अनुसार मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बदले उसको सदस्य के रूप में यूनिट रखने और पंजीकृत सदस्य के रूप में बने रहने की अनुमति दी जाएगी तथा जितने यूनिट वह रखना चाहेगा, न्यूनतम यूनिट रखने की शर्तों पर उतने यूनिटों का उल्लेख करते हुए उसके नाम से सदस्यता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा ।

(6) जिस आवेदक ने मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिटों हेतु आवेदन किया है, उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करेगा, मानो वही आवेदक हो । इसके अलावा आवेदक या वैकल्पिक आवेदक की मृत्यु की स्थिति में, जैसा भी मामला हो, मौजूदा आवेदक अपने वैकल्पिक आवेदक के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त करेगा ।

(7) अपरुद्ध अवधि में एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में ट्रस्ट आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दावे का निपटान करेगा और संबंधित खण्ड में दिए गए ब्यौरे के अनुसार या ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत अन्य रीति से कानूनी वारिस/नामिती को भुगतान करेगा ।

20. आय वितरण :

(1) सदस्य को मासिक आय विकल्प या संचयी विकल्प में भाग लेने के विकल्प का प्रयोग करने का अधिकार होगा । यह योजना में निवेश के समय किया जाएगा और एक बार किया गया विकल्प अंतिम होगा । आवेदक द्वारा प्रयोग किए गए किसी निर्दिष्ट विकल्प के अभाव के दौरान उसे मासिक आय विकल्प समझा जाएगा ।

मासिक आय विकल्प :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के संदर्भ में वर्ष के दौरान अर्जित किए गए लाभ के 90% से अधिक लाभांश के रूप में वितरित किए जाएंगे । लाभांश घोषित करने से पहले ट्रस्ट निवेशों पर मूल्यह्रास लगाएगा और अपने लेखा परीक्षक की संतुष्टि करते हुए संदिग्ध एवं अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान भी करेगा और लेखों की टिप्पणियों में मूल्यह्रास की पद्धति भी सूचित करेगा । ट्रस्ट न्यूनतम 13.5% प्रति वर्ष की दर से लक्षित लाभांश पहले वर्ष के लिए उत्तर दिनांकित मासिक वारन्टों द्वारा अदा करने का प्रस्ताव करता है ।

निवेश उद्देश्यों और प्लान की प्रचलित नीतियों तथा नियमों से अनुमानित लाभ, जिनमें योजना की निविदाओं का निवेश किया जाएगा, के आधार पर योजना को पहले वर्ष में निवेशकों को 13.5% प्रति वर्ष की दर से न्यूनतम लक्षित लाभांश अदा करने के लिए पर्याप्त माना गया है । इस न्यूनतम लक्षित प्रतिलाभ को नियत आय वाले निवेशों के लिए प्रचलित दरों को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है जिनमें प्लान को अंतर्गत किए गए निवेशों का अधिकांश भाग लगाया जाएगा अर्थात् :—

सरकारी प्रतिभूतियां—14

कार्पोरेट डिबेंचर—16-16.5%

प्रत्येक अनुवर्ती वर्ष के लिए लाभांश दर योजना की आय और संबंधित घटकों पर निर्भर करेगी और पिछले वर्ष की समाप्ति पर घोषित की जाएगी और मासिक आधार पर भुगतान किया जाएगा । लाभांश दर घोषित किए जाने की तिथि से 42 दिनों के भीतर ट्रस्ट आय वितरण वारन्ट प्रेषित करने का प्रयास करेगा।

(2) प्रत्येक माह की लिये आय वितरण अगले महीने के प्रारंभ में देय होगा और पूर्वभुगतान व्यवस्था के अंतर्गत ट्रस्ट द्वारा भुगतान ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट बैंक की शाखाओं पर सम्मूल्य पर देय आय वितरण वारन्ट या किसी लिखित के माध्यम से किया जाएगा। ऐसे यूनिट जिनकी बिक्री किसी महीने की 15 तारीख को या इसके पहले ट्रस्ट द्वारा स्वीकृत आवेदन के अंतर्गत की जा चुकी है, पूरे महीने के आय वितरण के पात्र होंगे और जो यूनिट महीने की 15 तारीख के बाद बेचे गए हों वे उस आधे महीने के आय वितरण के पात्र होंगे ।

लाभांश की हकदारी निम्न रूप से होगी :

07-08-1995 से 15-08-1995—पूरे महीने का लाभांश

16-08-1995 से 28-08-1995—आधे महीने का लाभांश

(3) 31 दिसंबर 1995 को समाप्त अवधि के लिए आय वितरण दिनांक 1 अक्तूबर 1995 के एक आय वितरण वारन्ट के द्वारा किया जाएगा और सदस्य को उसके साथ दि. 31 मार्च 1996 तक के लिए 3 उत्तर दिनांकित आय वितरण वारन्ट भेज जाएंगे ।

अप्रैल, 96 से अगस्त, 96 तक की अवधि के लिए वारंट कर कानूनों में हुए परिवर्तनों को ध्यान में रखने के बाद अलग से अप्रैल, 96 में भेजे जायेंगे ।

लेकिन ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित रीति से और अवधि के लिये ऐसे सदस्यों के लिये, जिनपर लागू होगा, उत्तर दिनांकित आय वितरण वारंट भेजने का ट्रस्ट का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

(4) उप खण्ड (3) के उपबंध के अधीन मासिक आधार पर आय वितरण के भुगतान के लिए वारन्ट सदस्य को अग्रिम रूप से भेजे जाएंगे ।

वारण्ट को इस प्रकार दिनांकित किया जाएगा कि सदस्य भुगतान के लिए परिपक्व होने पर प्रत्येक वारन्ट को भुना सके । हरेक वारंट तीन महीने के लिए वैध रहेगा ।

वैध अवधि पूरी होने के पहले सदस्य के पास कोई वारंट नहीं पहुंचने या उनके पुराने हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट ब्याज का भुगतान करने के लिये बाध्य नहीं होगा ।

(5) पुनर्खरीदी की स्थिति में, जो हमेशा पूर्णता में होगी, अदत्त वारंट की सुपुर्दगी नहीं करने पर सदस्य अगले महीने देय और परिपक्वता तिथि को सदस्य की अभिरक्षा में शेष वारंटों को भुनाने का हकदार होगा और ऐसे आय वितरण वारंट की राशि पुनर्खरीद की राशि से काट ली जाएगी ।

(6) सदस्य की मृत्यु की स्थिति में, यदि एकमात्र नामिती यूनिट रखने का पात्र है और आगे भी यूनिट रखना चाहता है, तो ऐसा एकमात्र नामिती आवश्यक सुधार के लिए भावी महीनों के अनभुनाए सभी वारन्ट वापस करने के लिए बाध्य होगा । लेकिन आगे यूनिट रखने के इच्छुक नामिति मृत सदस्य के पक्ष में पहले से जारी वारन्ट को सुधार करके नये प्रविष्ट सदस्य के पक्ष में करने में लगने वाले समय को लिए कोई ब्याज या मुआवजा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा ।

(7) किसी आवेदक की मृत्यु की स्थिति में, जहां मानसिक रूप से विकलांग किसी व्यक्ति के लाभ के लिये आवेदक द्वारा आवेदा किया जाए, वहां वैकल्पिक आवेदक को आवश्यक सुधार के लिये भावी महीनों के अनभुनाए सभी आय वितरण वारंट वापस करने होंगे । लेकिन ऐसा वैकल्पिक आवेदक मृत आवेदक के पक्ष में पहले से जारी वारंट को सुधार करके नये प्रविष्ट आवेदक के पक्ष में करने में लगने वाले समय के लिये कोई ब्याज या और मुआवजा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा ।

(8) पूर्ववर्ती उपखण्ड में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद यथास्थिति, तिमाही, छःमाही या वार्षिक आधार पर आय वितरण करने का, चाहे व्यय औचित्य, सदस्यों के हित या अन्य परिस्थितियों के कारण ट्रस्ट के लिये ऐसा करना आवश्यक हो जाए, ट्रस्ट का अधिकार सुरक्षित रहेगा । ऐसी स्थिति में ट्रस्ट अंग्रेजी भाषा के दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन द्वारा सदस्यों को सूचित करेगा । ट्रस्ट द्वारा ऐसी सूचना देने के बाद किसी भी सदस्य को मासिक आधार पर आय वितरण का दावा करने का अधिकार नहीं होगा ।

संचयी विकल्प :

यदि आवेदक संचयी विकल्प का चयन करता है तो दि. 1-10-95 का एक समेकित वारंट 31 अगस्त 1995 तक की अवधि के लिए जारी किया जाएगा । योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति तक इस विकल्प के अंतर्गत कोई अन्य आय वितरण नहीं किया जाएगा । अर्जित आय का पुनः निवेश किया जाएगा और उसे शुद्ध आस्ति मूल्य में दर्शाया जाएगा ।

आय वितरण वारंटों के खो जाने/गलत स्थान पर पहुंचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिए आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा पावती रसीद वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात् खाते का प्रकार एवं खाता संख्या, बैंक का नाम) दें । तब आय वितरण वारंट इस प्रकार से निर्दिष्ट किए गए उनके खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जाएंगे । सदस्य कथित बैंक में अपने खाते में जमा (क्रेडिट) करने हेतु उस आय वितरण वारंट को प्रस्तुत कर सकते हैं । यदि बैंक संबंधी पूरा विवरण नहीं दिया जाता है तो आय वितरण वारंट सदस्य के नाम से जारी किया जाएगा ।

मासिक आय योजना 1995 (2) [एमआईएस, 95 (2)] का संघ ब्यौरा

3. इस योजना से संबंधित आस्तियां तथा मूल्यांकन :

(क) मूल्यांकन की तारीख को बम्बई स्टाक एक्सचेंज के अंतिम मूल्यों पर सूचीबद्ध प्रतिभूतियों का मूल्यांकन किया जाएगा । जो प्रतिभूतियां बम्बई स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं होंगी उनका मूल्यांकन उनके प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों के अंतिम मूल्यों पर किया जाएगा । यदि मूल्यांकन की तारीख से पूर्व तीन माह से अधिक अवधि तक प्रतिभूतियों का व्यापार नहीं किया गया हो तो ऐसे प्रतिभूति के मूल्यांकन की विधि, ट्रस्ट जैसा उचित प्रतीत हो, तय की जाएगी ताकि बोर्ड द्वारा अनुमोदित मूल्यांकन की विधि के अनुसार इसका सही प्राप्य मूल्य दर्शाया जा सके ।

(ख) मुद्रा बाजार लिखत तथा डिबेंचर सहित अन्य नियत आय वाली लिखतों का मूल्यांकन वर्तमान आय और समतुल्य लिखतों के परिपक्वता मूल्य के आधार पर अथवा ट्रस्ट जैसा उचित समझे उस तरीके से किया जाएगा ।

(ग) अन्य सभी आस्तियां जिनका मूल्यांकन पूर्वोक्तानुसार न किया जा सके, उनका मूल्यांकन बही मूल्य पर किया जाएगा और यदि वह उपलब्ध न हो तो ट्रस्ट द्वारा उचित समझी गई विधि से किया जाएगा ।

(घ) जो प्रतिभूतियां सूचीबद्ध न हों उनका सही मूल्यांकन बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित की गई नीतियों के अनुसार किया जाएगा । आस्तियों का मूल्यांकन सेबी द्वारा यथासमय निर्धारित दिशानिर्देशों और विनियमों के अधीन होगा ।

4. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का निर्धारण :

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों का शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा । प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। इस एनएवी को (पूर्ववर्ती आधार पर) आरंभ में पहले वर्ष के दौरान कम-से-कम 2 दैनिक समाचार पत्रों में प्रत्येक 3 महीने में एक बार प्रकाशित किया जाएगा । शुद्ध आस्ति मूल्य की अवरुद्ध अवधि समाप्त होने अर्थात् 31-08-1996 के बाद

01-09-1996 से प्रत्येक माह या सेबी द्वारा अनुमोदित अंतराल में प्रकाशित किया जाएगा । शुद्ध आस्ति मूल्य का मूल्यांकन सेबी द्वारा यथासमय निर्धारित विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन होगा ।

5. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना

(1) जो व्यक्ति सदस्य के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से सदस्यता सूचना जारी की गई है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा सदस्य के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिये ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए यहां स्पष्ट रूप से किए गए प्रावधान या किसी सक्षम प्राधिकार वाले न्यायालय के आदेश को छोड़ कर किसी विपरीत नोटिस या किसी न्यास के निष्पादन पर ध्यान देने के लिए बाध्य नहीं होगा ।

(2) जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिए आवेदन करता है और ट्रस्ट द्वारा उसे स्वीकार किया जाता है तो यह नहीं माना जाएगा कि ट्रस्ट ने किसी विश्वास को ध्यान में रखा है । ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के अंतर्गत सभी प्रयोजनों के लिये नामिती या आवेदक की मृत्यु होने पर आवेदन पत्र में वैकल्पिक नामिती के रूप में उल्लिखित व्यक्ति के साथ व्यवहार करेगा ।

6. यूनिटों का अंतरण

इस योजना के अंतर्गत जारी यूनिट अंतरणीय/बिक्री योग्य अंतरणीय/समनुदेशनीय नहीं है ।

7. निवेश उद्देश्य और नीतियां

योजना के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का सभी प्रारंभिक परि- को नियमित मासिक आय उपलब्ध कराना तथा योजना की परिपक्वता पर ग्राहक की पूंजी में वृद्धि के लिए प्रयत्न करना भी है ।

योजना के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का सभी प्रारंभिक परिचालन पूर्व और परिचालनगत खर्चों का प्रावधान करने के बाद योजना के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सामान्यतः निम्न रूप में निवेश किया जाएगा ।

(1) निधियों का कम से कम 80% नियत आय/प्रतिभूतियों में निवेश किया जाएगा ।

(2) निधियों का 20% इक्विटी, इक्विटी संबंधी लिखतों और मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश किया जाएगा ।

पूर्वोक्त के बावजूद मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश का अनुपात इस संबंध में सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है ।

(3) सभी ऋण लिखत जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाना है उनके निवेश दर्जे का निर्धारण सी. आर. आई. एस. आई. एल./आई. सी. आर. ए./ सी. ए.आर. ई. या समय-समय पर मान्यता प्राप्त किसी अन्य क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा किया जाएगा बशर्ते यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा ।

(4) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिये जाएंगे ।

(5) निजी रूप से नियोजित डिबेंचरों, प्रतिभूत ऋणों और अन्य अनुद्धृत ऋण लिखतों के जरिए किया गया निवेश योजना की कुल आस्तियों के 40% से अधिक नहीं होगा ।

(6) यह योजना अपने निकाय का 5% से अधिक किसी एक कंपनी के शेयरों में निवेश नहीं करेगी ।

(7) इस योजना सहित सभी योजनाओं की निधियों का 10% से अधिक किसी एक कंपनी के शेयरों डिबेंचरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं किया जाएगा ।

(8) इस योजना की निधियों सहित सभी योजनाओं की निधियों का 15% से अधिक किसी एक उद्योग के शेयरों अथवा डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा ।

बशर्ते यह प्रावधान उस योजना को लागू नहीं होगा जो एक अथवा अधिक विशिष्ट उद्योगों में निवेश के लिए जारी की गई हो और इस आशय की घोषणा योजना पत्र में की गई है ।

(9) इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब——

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पाट आधार पर किए गए हों ।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिसमें ऐसे अंतरण किए जाते जाते हैं ।

(ग) सूचीबद्ध या उद्धृत न किए गए निवेशों का अंतरण यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा ।

(10) यह योजना यू टी आई की किसी अन्य योजना/प्लान में निवेश नहीं करेगी अथवा उसे उधार नहीं देगी ।

(11) यह योजना अपने निवेशों के वित्त पोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी ।

8. विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा । डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा ।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे दूसरे से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले

व्ययों को पूरा कर सके । इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, के लिए भी किया जा सकता है ।

9. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा । ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं ।

10. लेखों का प्रकाशन :

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि का योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के कार्यों का विवरण होगा । ट्रस्ट सेबी को विधिवत् रूप से परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और लाभ हानि लेखा, अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार चढ़ाव का एक तिमाही विवरण और पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित तिमाही पोर्टफोलियो विवरण भेजेगा । ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में हो और जिसका सूचित किया जाना आवश्यक हो । ट्रस्ट, सदस्य से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर, उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों की एक प्रति भेजेगा ।

11. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्तन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किए गये परिवर्धन/संशोधन की अधिसूचना सरकारी राजपत्र में की जाएगी । किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा ।

12. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति :

(क) प्लान पूर्ण रूप से 31-08-2000 को समाप्त किया जाएगा । सदस्यों के बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी और सदस्यों को उनके यूनिटों के मूल्य की अदायगी उक्त अवधि के दौरान अंतिम पुनर्खरीद के लिए निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी ।

निर्धारित अंतिम पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के अलावा बाद की किसी अवधि के लिए पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या लाभांश के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा । फिर भी ट्रस्ट, सेबी की पूर्व अनुमति से इस योजना को 5 वर्षों से आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है । ऐसी स्थिति में सदस्यों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को वापस ट्रस्ट को बेच दें अथवा इस योजना में बने रहें । ट्रस्ट द्वारा निवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को आरंभ की गई अथवा उस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित कर सके ।

(ख) ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(1) प्लान के पांच वर्ष पूरा होने पर अर्थात् 31 अगस्त 2000 को अथवा 5 वर्ष के आगे ऐसी तारीख की समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित हो ।

(2) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति आवश्यक हो, या

(3) योजना के 75% सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(4) सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दे ।

(ग) जहां उपर्युक्त खण्ड (ख) के अनुसरण में योजना की समाप्ति की जाती है, तो ट्रस्ट को योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना, समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और बम्बई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देनी होगी ।

(घ) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट :—

(1) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा ।

(2) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को जारी करना और रद्द करना बंद करेगा ।

(3) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा ।

(ङ) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा ।

(च) (1) न्यासी मंडल योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के यूनिट धारकों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा ।

(2) ऊपर दिए गए खण्ड (च) (1) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हो और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय ली गई तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा ।

(छ) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और यूनिट धारकों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियों जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए की गई योजना का व्यय, यूनिटधारकों को वितरण के लिए

उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षक से प्राप्त एक प्रमाण पत्र भेजेगा ।

(ज) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी [म्यूचुअल फंड] विनियमन 1993 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे।

(झ) खण्ड 12 (छ) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी ।

(ञ) ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र के साथ सदस्यता सूचना प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिसमापन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र पुनर्खरीद राशि का भुगतान किया जाएगा । सदस्यता सूचना पुनर्खरीद के लिए प्राप्त अनुरोध पत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रख लिए जाएंगे ।

13. उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा ।

इसके अंतर्गत बने योजना के प्रावधान और प्लान के प्रावधान, जैसे योजना में कहा गया है, एक दूसरे के साथ पढ़े जाएं ।

14. उपबंधों में ढील

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के निर्बाध और सहज संचालन के लिये योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में सेबी को सूचित करते हुए ढील दे सकता है, बशर्ते किसी सदस्य या सदस्य वर्ग के लिए ऐसा करना समीचीन हो । पेशकश दस्तावेज में कोई परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद ही किया जाएगा ।

15. योजना और उसके अंतर्गत बना प्लान सदस्यों के लिये बाध्यकारी होगा

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की शर्तों के साथ समय-समय पर इनमें किये गये संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक सदस्य और उसके माध्यम से दावा करने वाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिये इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह इसके लिए सहमत हो कि योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिये बाध्य हो ।

16. सदस्यों के लाभ

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति के समय एजेंटों, प्रारंभिक निधि और अधिक राशि के संबंध में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में शामिल सभी लाभ केवल उन्हीं सदस्यों को प्राप्त होंगे जो योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिये यूनिट के धारक रहे हों ।

स्रोत पर कर की कटौती

वर्तमान कराधान कानूनों के अनुसार धारा 194 के अधीन ट्रस्ट द्वारा इस प्लान के अंतर्गत 1-7-1995 के पश्चात् व्यक्ति सदस्यों को देय आय पर 15% की दर से स्रोत पर आयकर की कटौती की जाएगी । बशर्ते वित्तीय वर्ष के दौरान यह आय रु. 10,000/- से अधिक हो ।

इसी प्रकार हिंदू अविभक्त परिवारों (एच. यू. एफ.) को देय आय में स्रोत पर कर की कटौती की जाएगी यदि यह आय वित्तीय वर्ष के दौरान रु. 10,000/- से अधिक हो ।

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 अथवा 12 अथवा 10(22) अथवा 10(22ए) अथवा 10(23) अथवा 10(23एए) अथवा 10(23सी) के अंतर्गत आने वाली पात्र संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्र में उपलब्ध कराए गए प्रारूप में घोषणा किए जाने के आधार पर उनसे स्रोत पर कर की कटौती नहीं की जाएगी ।

व्यक्ति, एच. यू. एफ. और उपरोक्त के अलावा अन्य पात्र संस्थाएं जो स्रोत पर कर की कटौती के बिना आय चाहती हैं उन्हें ट्रस्ट को धारा 197ए के अंतर्गत लिखित रूप से निर्धारित फार्म पर दो प्रतियों में घोषणा प्रस्तुत करनी चाहिए और उसे इस आशय की निर्धारित रीति से सत्यापित किया जाना चाहिए कि उसकी गत वर्ष की अनुमानित कुल आय पर कर "शून्य" होगा ।

स्रोत पर कर की कटौती नहीं करने संबंधी निर्धारित फार्म निर्धारित फार्म सं. 15 (एच.) में इस आशय की घोषणा प्रस्तुत की गई हो कि संबंधित वर्ष के लिए निवेशक की अनुमानित कुल आय पर कर शून्य होगा ।

स्रोत पर कर की कटौती नहीं करने संबंधी निर्धारित फार्म आय वितरण वारंटों के भेजे जाने के कम से कम तीन माह पूर्व प्रस्तुत किए जाने चाहिए ।

कर में रियायत

प्लान के अंतर्गत आय और पूंजी वृद्धि पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा । वर्तमान कराधान कानूनों के अनुसार "एमआईपी-95 (2)" सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं के अंतर्गत यूनिटों से प्राप्त आय पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 एल के अंतर्गत रु. 13,000/- तक की कुल सीमा तक आय से कटौती उपलब्ध होगी ।

इस प्लान के अंतर्गत होने वाला कोई भी दीर्घावधि पूंजी अभिलाभ आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा ।

इस प्लान के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धन-कर से मुक्त है ।

न्यास ट्रस्टों के लिए

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2)(बी) के अंतर्गत अनुमोदित स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं । अतः यूनिटों में निवेश कर सकने वाले ट्रस्ट आयकर अधिनियम की धारा 11 और 13 के अंतर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे ।

सदस्यों के अधिकार

1. प्लान के अधीन सदस्यों को प्लान की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा प्लान द्वारा घोषित लाभांशों में समानुपातिक अधिकार है ।

2. सदस्यों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिए बाध्य होंगे।

3. लाभांश की घोषणा किए जाने के 42 दिनों के भीतर सदस्य लाभांश वारण्ट के प्रेषित किए जाने के हकदार होंगे।

4. सदस्यों को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, सी विंग, नरीमन पाइंट, बम्बई-400021 में स्थित है।

अभिरक्षक से अपेक्षा की जाती है कि वे ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत सभी योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित संपत्तियों की सुपुर्दगी लें और उन्हें अभिरक्षा खाते में धारित करें जो अभिरक्षकों तथा उनके अन्य ग्राहकों की आस्तियों से अलग हों।

अभिरक्षकों का यह प्रयास होगा कि वे योजनाओं/निधियों/प्लानों की सम्पत्तियों को ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत करें तथा वे उनकी सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करें। जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निदेश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद अंतरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक ब्यौरों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा। अभिरक्षक सभी सूचनाएं रिपोर्टें अथवा ट्रस्ट की योजना/निधियों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएगा।

लेखा परीक्षक

मैसर्स एस. के. मित्तल एण्ड क. ई/29, साउथ एक्सटेंशन पार्ट 2, नई दिल्ली-110049 और मैसर्स एस. के. कपूर एण्ड क. 16/98, एलआईसी बिल्डिंग, दी माल, कानपुर-208001 को आईडीबीआई द्वारा लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया है।

निवेशकों की शिकायतें

ट्रस्ट की विभिन्न 59 योजनाओं में 4.8 करोड़ से भी अधिक निवेशक हैं। जुलाई 1994 से मार्च 1995 तक की अवधि के दौरान प्राप्त कुल शिकायतों की संख्या और जिनका निवारण किया गया उनकी योजनावार संख्या नीचे दी गयी है :

	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	निवारणाधीन शिकायतें	निवारणाधीन शिकायतों का प्रतिशत
1	2	3	4	5
सतत खुली योजनायें				
सी० सी० सी० एफ०	511	455	56	10.96
सी० जी० जी० एफ०	10621	9611	1010	9.51
सी० जी० एस०	775	566	209	26.97
सी० आर० टी० एस०	130	42	88	67.69
गृह लक्ष्मी यूनिट				
प्लान 94	1163	808	355	30.52
एच० यू० एस०	263	136	127	48.29
आर० बी० पी० 95	84	1	83	98.81
राज लक्ष्मी यूनिट				
योजना	2501	1812	689	27.55
एम० सी० यू० पी०	326	233	93	8.53
यूलिप	7533	5394	2139	28.40
यू०एस० 64	113576	102440	11136	9.80
कुल	137483	121498	15985	11.63

1	2	3	4	5
नियतकालीन योजनाएं				
सी० जी० यू० एस० 91	13474	13314	160	1.19
डी० आई० यू० पी० 93	4155	3794	361	8.89
डी० आई० यू० एस० 90	3203	3142	61	1.90
डी० आई० यू० एस० 91	2778	2708	70	2.52
डी० आई० यू० एस० 92	1448	1388	60	4.14
जी० सी० जी० आई०	2143	1157	986	46.01
जी० आई० यू० एस० पूल	1494	1200	294	19.68
जी० एम० आई० एस० 91	7053	6787	266	3.77
जी० एम० आई० एस० 92	3094	2950	144	4.65
जी० एम० आई० एस० 92 (II)	4546	4053	493	10.84
जी० एम० आई० एस० बी० 92	2700	2504	196	7.26
जी० एम० आई० एस० बी० 92 (II)	5315	5188	127	2.39
जी० एम० आई० एस० बी० 92	2700	2504	196	7.26
जी० एम० आई० एस० बी० 92 (II)	5315	5188	127	2.39
ग्रैंड मास्टर	6825	6197	628	9.20
आई० यू० एस 82	29	15	14	48.28
आई० यू० एस 85	11	9	2	18.18
मास्टर ग्रोथ	26957	25265	1692	6.28
एम० ई० पी 91	9272	8462	810	8.74
एम० ई० पी० 92	26809	25868	941	3.51
एम० ई० पी० 93	5371	4900	471	8.77
एम० ई० पी० 94	8636	7805	831	8.50
एम० ई० पी० 95	17	13	4	23.53
मास्टर गैन 92	114271	95823	18448	16.14
एम० आई० पी० 93	5774	5178	596	10.32
एम० आई० पी० 94	4435	4058	377	8.50
एम० आई० पी० 94 (II)	3150	2749	401	12.73
एम० आई० पी० 94 (III)	720	694	26	3.81
एम० आई० एस० पूल	2801	1874	927	33.10
एम० आई० एस० जी० 90(I)	1664	1080	584	35.10
एम० आई० एस० जी० 90(II)	22261	20945	1316	5.91
एम० आई० एस० बी 93	3825	3577	248	6.48
एम० आई० एस० सी० 91	17839	16969	870	4.88
मास्टर प्लस 91	32818	28844	3974	12.11
मास्टर शेयर 86	23312	1105	22207	95.26
यू० जी० एस 2000	18650	11401	7249	38.87
यू० जी० एस० 5000	6276	4671	1605	25.57
यू० एस० 92	7546	7385	161	2.13
विविध	1530	1119	411	26.86
योग	402202	334191	68011	16.91
कुल योग	538155	454570	83585	15.53

शिकायतों के निवारणाधीन रहने के कारण :

(1) संग्रहण कर्ता बैंकों से आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना ।

(2) आवेदन पत्र में निदेशक फोलियो, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण ।

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन का सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना ।

(4) मार्ग में ही खो जाना ।

(5) डाक सेवा में विलंब ।

(6) अंतरण/मृत्यु दावों/पुनर्खरीद के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना ।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्यौरा ।

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलंब से प्राप्त होना ।

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना ।

शिकायतों/आपत्तियों के प्रकार पर निर्भर रहते हुए ट्रस्ट निवेशक/बैंक/रजिस्ट्रार को उक्त का निवारण करने हेतु लिखता है । सभी निवेशक निवेश का पूर्ण ब्यौरा देते हुए अपनी शिकायतें निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं :

श्री पी. पी. शास्त्री

महाप्रबंधक

केन्द्रीय निवेशक सम्पर्क कक्ष

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय

द्वारा नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग,

बम्बई-400020,

दूरभाष : 2003860/2003853

फैक्स : (022) 2003865

रजिस्ट्रार

यूटीआई निवेशक सेवा लि. प्लाट सं. 34, मरोल मरोशी रोड, मरोल मरोशी बस डिपो के समीप, विजय नगर, अंधेरी (पूर्व), बम्बई-400069, टेलिफोन : 8380395 को रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है ।

यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि रजिस्ट्रार के पास आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग करने, प्रमाणपत्रों को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशक की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त क्षमता है । आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात् सेवाएं रजिस्ट्रार की चार मुख्य शाखाओं द्वारा प्रदान की जाएंगी :

पश्चिम अंचल : प्लाट नं. 369, मरोल मरोशी रोड, मरोल मरोशी बस डिपो के समीप, विजय नगर, अंधेरी (पूर्व), बम्बई-400069 ।

पूर्व अंचल : 2 फेयरली प्लेस, पहली मंजिल, पोस्ट बैग नं. 60, कलकत्ता-700001 ।

दक्षिण अंचल : जस्टिस बशीर अहमद सईद बिल्डिंग, 45, संकेण्ड लाईन बीच, मद्रास-600001 ।

उत्तर अंचल : तेज बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, 8 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 ।

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज ।

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केन्द्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वारा नं. 1, सर विट्ठल ठाकरसी मार्ग, बम्बई-400020 में उपलब्ध रहेंगे ।

*यूटीआई अधिनियम

*सामान्य विनियम

*अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और संग्रहणकर्ता बैंकों के साथ किए गए करार

सामान्य

सेबी (म्यूचुअल फण्ड) विनियम, 1993 के अनुसार म्यूचुअल फण्डों की सभी निगत कालीन योजनाएं सूचीबद्ध होनी चाहिए। हमारी इस योजना की विशेष प्रकृति और प्रयोजन को ध्यान में रखते हुए हमने सेबी को आवेदन किया है कि वह एमआईपी 95(2) को सूचीबद्ध होने से छूट प्रदान करें । यदि हमारा अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाता है तो इस योजना को एनएसई और ओटीसीईआई में सूचीबद्ध करवाया जाएगा और यूटीआई विपणन योग्य लाट में प्रमाण पत्र जारी करेगा जो हस्तान्तरणीय होंगे । हालांकि, निवेशकों को एक वर्ष के बाद पुनर्खरीद सुविधा उपलब्ध कराया जाना जारी रहेगा, भले ही योजना सूचीबद्ध हो या न हो ।

यू० टी० आई के पिछले पांच मासिक आय प्लानों का विवरण

प्लान	एमआईपी 93	एमआईपी 94	एमआईपी 94(II)	एमआईपी94(III)	एमआईपी 95
आरम्भ होने की तिथि	01–11–93	01–03–94	01–07–94	01–01–95	01–07–95
समाप्ति की तिथि	31–10–98	28–02–98	30–06–98	31–12–99	20–06–2002
मासिक लाभांश	13.5% प्र०व०	पहले दो वर्षों के लिये 13% प्र० व०	पहले दो वर्षों के लिये 13% प्र० व०	पहले वर्षों के लिये 12% प्र० व०	पहले वर्षों के लिये 13% प्र० व०
संचयी विकल्प	रु० 2000/– संचित होकर रु० 4000/- हो जाते हैं।	रु० 2000/– 2 वर्षों में रु० 2590/- हो जाते हैं	रु० 2000/- 2 वर्षों में रु० 2590/- हो जाते हैं	—	—
संग्रह की गई राशि	रु०628 करोड़	रु० 453 करोड़	रु० 493 करोड़	रु० 701 करोड़	रु० 541.77 करोड़
आवेदन पत्रों की संख्या	203358	143404	134492	183000	178294

*30–06–95 तक अनंतिम आंकड़े

पूर्ववर्ती आंकड़े—

पूर्ववर्ती आंकड़े	1992–93					1993–94				
	एम आई एस पूल	एम आई एस जी 90 पूल	जीएमआईएस पूल	जीएमआईएम बी 92 पूल	एमआईएसबी 93 पूल	एमआईएस पूल	एमआईएसजी 90 पूल	जीएमआईएस पूल	जीएमआईएम बी 92 पूल	एमआईएसबी 93 पूल
(क) सकल आय	21976.66	52603.65	30851.93	7045.47	559.20	27496.13	51887.56	40810.07	13301.68	13991.33
(ख) व्यय (संदिग्ध आस्तियों के लिए प्रावधान सहित)	571.08	1135.13	1041.91	628.53	173.32	486.12	1274.92	979.94	434.66	957.44
(ग) शुद्ध आय	21405.58	51468.52	29810.02	6416.94	385.88	27010.01	50612.64	39830.13	12867.02	13033.89
(घ) लाभांश	14652.52	43199.99	19278.95	5757.82	0.00	9562.46	47043.45	20441.40	8247.96	11822.55
(ङ) न्यू०आ०मू० (प्रति यूनिट)*										
वर्ष के आरम्भ में	10.71	10.59	11.19	—	—	11.55	10.65	11.06	10.16	10.12
वर्ष के अंत में	11.55	10.65	11.06	10.16	10.12	14.73	11.35	12.99	11.71	10.96
(च) औसत मासिक शुद्ध आस्तियों का व्यय (%)	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(छ) पोर्टफोलियो स्विचआर	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(ज) बाजार मूल्य										
उच्चतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(झ) पुनर्खरीद मूल्य										
उच्चतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(ञ) बिक्री मूल्य										
उच्चतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(ट) अवधि की समाप्ति पर ओ/एस यूनिटों की संख्या (रु०' 000 में)**	184969.69	347161.23	209470.04	82323.85	43104.70	50706.67	354292.41	208431.38	82286.03	133731.35

*न्यू०आ०मू० की गणना आरक्षित पूंजी और पूल में निवेश की कुल अप्राप्त वृद्धि को ध्यान में रखते हुए की गई है।

**यूनिटों का अंकित मूल्य (अंक लाख में) दिया गया है हालांकि सभी पूलों के अंतर्गत प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य 10/- है और इस प्रकार तदनुसार यूनिटों की संख्या की गणना की जा सकती है।

प्रत्याशू वर्ष के लिए लाभांशों की गणना की जाती है और उस सीमा तक प्रावधान किये जाते हैं।

मासिक आय योजनाएं

					1994-95				
एम आई पी 94	एम आई पी (II)	एम आई एसजी पूल	जी एमआईएस पूल	जीएमआईएस बी92 पूल	एमआईएस बी 93 पूल	एमआई पी 94	एमआईपी 94 (II)	एमआईपी 94 (III)	एमआईपी 95
2443.14	198.33	50382.00	36865.00	15196.00	18030.00	5853.00	7227.00	3978.00	—
256.01	175.07	1550.00	1000.00	500.00	980.00	2583.00	2976.00	2057.00	13.00
2187.13	23.26	1117.00	5234.00	2642.00	1820.00	2548.00	3890.00	2779.00	13.00
		+	+	+	+	+	+	+	+
2106.70	0.00	47715.00	30361.00	12054.00	18870.00	5818.00	8141.00	4700.00	0.00
—	—	11.35	12.99	11.71	10.90	10.06	10.10	—	—
10.06	10.10	10.92	12.50	11.12	10.02	9.45	9.37	9.49	9.94
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
44552.46	38233.01	381368.00	205931.00	82116.00	133068.00	44552.46	61861.00	73500.00	16589.00

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

कार्पोरेट कार्यालय

13, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग (न्यू मरीन लाईन्स)

बम्बई-400 020, दूरध्वनि : 2068468
आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : केन्द्र-1, 28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, बम्बई-400005, दूरध्वनि : 2181099/2181254 पूर्वी अंचल : 2 फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, कलकत्ता-700001 दूरध्वनि : 2209391/2205322 दक्षिणी अंचल : यू टी आई हाउस 29, राजाजी सालै, मद्रास-600001, दूरध्वनि : 517101 उत्तरी अंचल : जीवन भारती, 13वीं मंजिल, टावर 2, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001 दूरध्वनि : 3329860/3329858.

पश्चिमी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाले शाखा कार्यालय

बम्बई मुख्य शाखा

केन्द्र-1, 29वीं मंजिल, कफ परेड, कोलाबा,
बम्बई-400 005

दूरध्वनि : 2181600/2181099

शाखाएं जहां फार्म भेजे जाएं

अहमदाबाद : यू टी आई हाउस, मिथाकाली रेलवे पूल के पास, आश्रम रोड के समीप, अहमदाबाद-380 009, दूरध्वनि : 403864 बड़ौदा : मेघधनुष, चौथी और पांचवी मंजिल, ट्रान्सेक सर्कल, रेस कोर्स रोड, बड़ौदा-390 015, दूरध्वनि : 332481 भोपाल : पहली मंजिल गंगा जमुना कमर्सिअल काम्प्लेक्स, प्लाट नं. 202, महाराणा प्रताप नगर अंचल 1, स्कीम 13, हबीब गंज, भोपाल-462 001, दूरध्वनि : 558308 बम्बई (1) : यूनिट सं. 2, ब्लाक "बी" जे वी पी डी शापिंग सेन्टर, गुलमोहर क्रास रोड नं. 9, अंधेरी (पश्चिम), बम्बई-400 049, दूरध्वनि : 6201995 बम्बई (2) : पर्सेपोलिस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, आंध्रा बैंक के उपर, सेक्टर 17, वाशी, नई बम्बई-400 703, दूरध्वनि : 7672607 बम्बई (3) लोटस कोर्ट बिल्डिंग, 196, जमशेदजी टाटा रोड, बैकबे रिक्लमेन्शन, बम्बई-400020, दूरध्वनि : 2850821/822 बम्बई (4) : श्रद्धा शापिंग आर्केड, पहली मंजिल, एस वी रोड, बोरीवली (पश्चिम), बम्बई-400 092, दूरध्वनि 8020521 बम्बई (5) सागर बोनांजा, पहली मंजिल, खोत लेन, घाटकोपार (पश्चिम), बम्बई-400 086, दूरध्वनि : 5162256, इन्दौर : सिटी सेन्टर : दूसरी मंजिल, 570 एम. जी. रोड, इन्दौर-452 001, दूरध्वनि : 22796, कोल्हापुर : अयोध्या टावर्स, सी एस नं. 511, के एच-1/2, 'ई' वार्ड, दाबोलकर कोरनर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर-416 001, दूरध्वनि : 657315, नागपुर : श्री मोहिनी काम्प्लेक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, (किंग्स्वे), नागपुर-440 001, दूरध्वनि : 536893 नासिक : सारदा संकुल, दूसरी मंजिल, एम. जी. रोड, नासिक-422 001, दूरध्वनि : 72166 पंजिम : ई. डी. सी. हाउस, भूतल, डा. ए. बी. मार्ग, पंजिम, गोवा-403 001, दूरध्वनि : 222472 पुणे : सदाशिव विलास, तीसरी मंजिल, 1183 'ए' फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी नगर, पुणे-411 005, दूरध्वनि : 325954 राजकोट : लल्लूभाई सेन्टर, चौथी मंजिल, लखाजी राज रोड, राजकोट-360 001, दूरध्वनि : 35112 सूरत : भूतल, सैफी बिल्डिंग, डच रोड, ननपुरा, सूरत-395 001, दूरध्वनि : 34550.

उत्तरी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाले शाखा कार्यालय

आग्रा : सी ब्लाक, भूतल, जीवन प्रकाश, संजय प्लेस, महात्मा गांधी रोड, आग्रा-282 002 दूरध्वनि : 350552 इलाहाबाद : यूनाइटेड टावर्स, तीसरी मंजिल, 53, लिडर रोड, इलाहाबाद-211 003 दूरध्वनि : 50521, अमृतसर : श्री द्वारका धिशजी काम्प्लेक्स क्विन्स रोड, अमृतसर-143 001, दूरध्वनि : 210367, चण्डीगढ़ : जीवन प्रकाश, एल आई सी बिल्डिंग, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160 017 दूरध्वनि : 543683, देहरादून : दूसरी मंजिल, 59/3, राजपुर रोड, देहरादून-248 001, दूरध्वनि : 26720, जयपुर : आनंद भवन, तीसरी मंजिल, संसार चन्द्र रोड, जयपुर-302 001, दूरध्वनि : 232501, कानपुर : 16/79 इ, सिविल लाईन्स, कानपुर-208 001, दूरध्वनि : 317278, लखनऊ : रिजेन्सी प्लाजा बिल्डिंग, 5, पार्क रोड, लखनऊ-226 001, दूरध्वनि : 232501, लुधियाना : सोहन पैलेस, 455, वि माल, लुधियाना-141 001, दूरध्वनि : 400373, नई दिल्ली : गुलाब भवन (पिछला ब्लाक), दूसरी मंजिल, 6 बहादूरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरध्वनि : 3318638/3319786, शिमला : 3, माल, पहली मंजिल, (आनकीदास एण्ड कम्पनी डिपार्टमेन्ट स्टोर के उपर), शिमला-171 002, दूरध्वनि : 4203, वाराणसी : पहली मंजिल, डी/58/2ए-1, भवानी मार्केट, रथयात्रा, वाराणसी-221001, दूरध्वनि : 54306/54262/54272.

दक्षिणी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाले शाखा कार्यालय

बंगलोर : विश्व व्यापार केन्द्र, चेम्बर आफ कामर्स, कोम्पे-गोवडा रोड, बंगलोर-560 009, दूरध्वनि : 2253739 कोचीन : जीवन प्रकाश, पांचवी मंजिल, एम. जी. रोड, एर्नाकुलम, कोचीन-682 001, दूरध्वनि : 362354, कोयम्बतूर : 82, चेरन टावर्स, तीसरी मंजिल, 6/25, राजकीय आर्टस कालेज, कोयम्बतूर-641 018, दूरध्वनि : 214973, हैदराबाद : पहली मंजिल, सुरभि आर्केड, 5-1-664, 665, 669, बैंक स्ट्रीट, हैदराबाद-500 001, दूरध्वनि 511095 मद्रास : यू. टी. आई. हाउस, 29, राजाजी सलाई, मद्रास-600 001, दूरध्वनि : 517101 मदुराई : तमिलनाडु सर्वोदय संघ बिल्डिंग, 108, तिरुप्परनकुन्दम रोड मदुराई-625 001, दूरध्वनि : 381186, मंगलोर : सिद्धार्थ बिल्डिंग, बालमाता रोड, मंगलोर-575 001, दूरध्वनि : 426290, तिरुअनंतपुरम : स्वस्तिक सेन्टर, तीसरी मंजिल, एम. जी. रोड, तिरुअनंत-पुरम-695 001, दूरध्वनि : 331415 त्रिची : 104, सलाय रोड वोरेयूर, तिरुचिरापल्ली-620003, दूरध्वनि : 27060, त्रिचूर : 28/876/77, वेस्ट पल्लिथानाम बिल्डिंग, करुणाकरण नंबियार रोड, राउण्ड नार्थ, त्रिचूर-680020, दूरध्वनि : 331259, विजयवाड़ा : 27-37-156,

बंदर रोड, मनोरमा होटल के आगे, विजयवाड़ा-520002, दूरध्वनि : 74434 विशाखापट्टनम : रत्ना आर्केड, तीसरी मंजिल, 47-15-6, स्टेशन रोड, द्वारका नगर विशाखापट्टनम-530016, दूरध्वनि : 548121.

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाले शाखा कार्यालय

भुवनेश्वर : पहली और दूसरी मंजिल, उड़ीसा को-आ. हौसिं. कारपोरेशन, लिमिटेड, बिल्डिंग 24, जनपथ, राम मंदिर के बाजू, भुवनेश्वर-751 001, दूरध्वनि : 410 995 कलकत्ता : 2 और 4, फेयरली प्लेस, कलकत्ता-700 001, दूरध्वनि : 2209391/2208322 दुर्गापुर : तीसरी एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, आसनसोल, दुर्गापुर विकास प्राधिकरण, सिटी सेन्टर, दुर्गापुर-713 216, दूरध्वनि : 4831 गुवाहाटी : हिंदुस्थान बिल्डिंग, मोतीलाल नेहरू रोड, पानबाजार, गुवाहाटी-781 001, दूरध्वनि : 543131 जमशेदपुर : 1-ए, राम मंदिर परीसर, भूतल और दूसरी मंजिल, बिलासपुर, जमशेदपुर-831 001, दूरध्वनि : 425508 पटना : जीवन दीप बिल्डिंग, एक्जीबीशन : रोड पटना-800 001, दूरध्वनि : 235001 सिलीगुड़ी : जीवन दीप, भूतल, गुरु नानक सारनी, सिलीगुड़ी-734401, दूरध्वनि : 23275.

सं. यू टी/डी बी डी एम/329-बी/एस पी डी 72 डी/95-96—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनाए गए डेफर्ड आय प्लान 1995 का पेशकश दस्तावेज, जिसे 16 अगस्त, 1995 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है ।

ए. पी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

डेफर्ड आय प्लान 1995

पेशकश (आफर) दस्तावेज

1 सितम्बर, 1995 से 25 सितम्बर, 1995 तक पेशकश खुली रहेगी ।

डेफर्ड आय प्लान 1995 भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अंतर्गत बनाया गया है जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई यूनिट योजना, डेफर्ड आय योजना 1995 के संबंध में है ।

प्लान के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फन्ड) विनियम, 1993 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन-साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है ।

प्लान का उद्देश्य

यह एक आयोन्मुख प्लान है । प्लान का उद्देश्य या तो बाद की तारीख में तिमाही आधार पर उच्च आय प्रदान कर अथवा 5 वर्षों की अवधि तक संचित की गई आय को उपलब्ध करा कर निवेशकों की आवश्यकताओं को पूरा करना है ।

विशिष्टताएं

* यह एक पांच वर्ष का प्लान है ।

* प्लान निवासी वयस्क व्यक्तियों/एकल या अन्य किसी व्यक्ति के साथ संयुक्त/या उत्तरजीवी आधार पर/अविभक्त परिवारों/न्यासों/समितियों/पंजीकृत सहकारी समितियों/अलाभकारी कम्पनियों सहित निगमित निकायों (कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत) के लिए खुला है ।

* ट्रस्ट द्वारा तीसरे वर्ष से प्रत्येक तिमाही के शुरू में न्यूनतम लक्षित लाभांश 26% प्रति वर्ष की दर से अदा किया जाना प्रस्तावित है । चौथे और पांचवें वर्षों के लिए लाभांश पूर्ववर्ती वर्ष के अंत में घोषित किया जाएगा और तिमाही आधार पर अदा किया जाएगा ।

* संचयी विकल्प के अंतर्गत कोई आय वितरण नहीं होगा । उत्पन्न आय का प्लान में ही निवेश कर दिया जाएगा और यह शुद्ध आस्ति मूल्य में परावर्तित होगा ।

* पहले वर्ष के बाद दोनों विकल्पों के अंतर्गत पुनर्खरीद एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर लागत को घटाकर किया जाएगा । लागत प्रति यूनिट एनएवी के 5% से अधिक नहीं होगी ।

* निवेश का एक भाग इक्विटियों में होने से पूंजी-वृद्धि की संभावना ।

* लाभांश और पूंजी वृद्धि से पूंजीगत लाभ पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 एल और धारा 48 तथा 112 के अंतर्गत कर लाभ ।

जोखिम के तत्व

* प्लान के यूनिटों में निवेश पर बाजार का जोखिम होता है और प्लान की शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का ऊपर या नीचे आना बाजार की शक्तियों पर निर्भर करता है ।

* यदि वास्तविक आय 26% प्र. व. न्यूनतम लक्षित लाभ का भुगतान करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी तो सदस्यों को उस तीसरे वर्ष में हद तक यूनिट पूंजी का घाटा उठाना पड़ सकता है ।

* ट्रस्ट की पहले की योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है। इस प्लान के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है ।

* डेफर्ड आय प्लान 1995 केवल प्लान का नाम है और यह किसी भी प्रकार से प्लान की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है । निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस प्लान में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लें ।

प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व

* ट्रस्ट 30 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 48 मिलियन से अधिक निवेशकों से लगभग 61,000 करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंधन में निपुणता हासिल की है ।

ट्रस्ट के अब तक शुरू किये गये चार डेफर्ड आय योजनाओं/प्लान के कार्यनिष्पादन नीचे दी गई तालिका में दर्शाये गए हैं :

यू० टी० आई० की स्थापना

यू० टी० आई० अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत भारतीय ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबन्धन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होने वाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। ट्रस्ट ने जुलाई 1964 से काम करना आरम्भ किया था।

यू० टी० आई० का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मण्डल में निहित है जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। बोर्ड के अलावा एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी शामिल हैं। यह समिति मण्डल की कार्यक्षमता के अन्तर्गत आने वाले किसी भी मामले पर विचार करने के लिये सक्षम है।

न्यासी मण्डल

1. डा० एस० ए० दवे	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2. श्री एस० एच० खान	अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
3. डा० अरविन्द वीरमणि	सलाहकार, नीति निर्धारण, भारत सरकार आर्थिक कार्य, विभाग वित्त मंत्रालय
4. श्री एम० एस० सेखसरिया	प्रबन्ध निदेशक, गुजरात अम्बुजा सीमेंट लि०
5. श्री पी० आर० खन्ना	सनदी लेखाकार
6. कु० आई० टी० वाज	कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक
7. श्री जे० एस० सालुखे	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8. श्री एन० बाघुल	अध्यक्ष, आई० सी० आई० सी० आई० लि०
9. श्री जे० वी० शेट्टी	अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक, कैनरा बैंक

क्रम सं० योजना/प्लान	डेफर्ड आय		विकल्प के अन्तर्गत तिमाही लाभांश			बोनस लाभांश (परपक्वता परिदेय)	लाभ
	3रे वर्ष	4 थेवें वर्ष	5वें वर्ष	6ठे वर्ष	7वें वर्ष		
(1) डी आई यू एस' 90							
5 वर्षीय विकल्प	18%	24%	30%	—	—	5%*(+30% परिपक्वता पर पूंजी वृद्धि)	17.25%
7 वर्षीय विकल्प	—	24%	24%	30%	30%	7.5%	14.25%
(2) डी आई यू एस' 91							
डेफर्ड विकल्प	18%	24%	30%	—	--	5%* & 6%**	15.37%
संचयी विकल्प						2.5%* & 3%**	15.50%
(3) डी० आई यू एस' 92	28%	28%	28%	—	—	—	15.70%
(4) डी आई यू पी' 93	28%	28%	28%	—	—	—	15.19%

*योजना में प्रावधान न रहते हुए भी 9-8-93 को अंतरिम बोनस लाभांश घोषित

**बोनस लाभांश घोषित करने के लिये योजना के प्रावधान के अनुसार तीसरे वर्ष की समाप्ति पर बोनस लाभांश 16-08-94 को घोषित।

डेफर्ड आय योजना 1995 का ब्यौरा (डीआईएस, 95)

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ :

(1) यह योजना डेफर्ड आय योजना 1995 (डीआईएस, 95) कहाी जाएगी।

(2) यह योजना और इसके अंतर्गत बना प्लान पांच वर्षों के लिए अर्थात् 1 अक्तूबर 1995 से 30 सितम्बर 2000 तक की अवधि के लिए होगी।

(3) यूनिटों की बिक्री 1 सितम्बर 1995 से 25 सितंबर 1995 तक 25 दिनों के लिए होगी।

बशर्तें यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक आर्थिक कारण होने पर अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं।

2. परिभाषाएं :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो : —

(क) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन-पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(ख) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(ग) "वैकल्पिक आवेदक" का अर्थ नाबालिग के मामले में माता-पिता के अलावा उस माता-पिता से है जिन्होंने नाबालिग की ओर से आवेदन किया हो।

(घ) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र होगा, जो अवयस्क नहीं होगा और प्लान के खण्ड 3 के अंतर्गत आवेदन करता हो।

(ङ) "पात्र संस्था" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट विनियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है।

(च) योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में "सदस्य" के रूप में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का अर्थ और इसमें शामिल उस आवेदक से है जिसे इस योजना में यूनिट आबंटित किए गए हों।

(छ) "जारी समझे जाने वाले यूनिटों की संख्या" का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की कुल संख्या है।

(ज) "व्यक्ति" में ऊपर यथापरिभाषित पात्र संस्था शामिल है।

(झ) "मान्यताप्राप्त शेयर बाजार" का अर्थ वह शेयर बाजार है, जिसे फिलहाल प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है।

(ञ) "रजिस्ट्रार" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी सेवाएं ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए ली जा सकें।

(ट) "विनियमावली" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अंतर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है।

(ठ) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड।

(ड) "समिति" का अर्थ समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्थापित समिति या फिलहाल प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अन्तर्गत स्थापित अन्य कोई समिति है।

(ढ) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है।

(ण) यूनिट पंजी का तात्पर्य फिलहाल यूनिट योजना के अंतर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है।

(त) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है।

(थ) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम विनियमावली में दिये गये हैं।

(द) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं।

योजना के अन्य उपबंध पृष्ठ सं. 12 से पृष्ठ सं. 16 तक दिए गए हैं।

डेफर्ड आय योजना 1995 (डीआईपी' 95) के अंतर्गत बनाये गए डेफर्ड आय प्लान 1995 (डीआईपी' 95))के उपबंध यहां नीचे दिए जाते हैं।

1. परिभाषाएं :

शब्द (जो) प्लान में परिभाषित नहीं किये गये हैं तथा योजना और अधिनियम/विनियमों में परिभाषित नहीं किए गए हैं उनके अपने-अपने अर्थ योजना/अधिनियम/विनियमों में दिए गए अर्थ हैं।

2. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

इस योजना के अंतर्गत जारी प्रत्येक यूनिट का मूल्य दस रुपये होगा।

3. यूनिटों के लिए आवेदन

(1) यूनिटों के लिए आवेदन केवल निवासियों द्वारा किये जा सकते हैं, जैसे

(क) व्यक्ति, एकल या अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप में/उत्तरजीवी आधार पर ।

(ख) नाबालिग निवासी की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक । बालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकता ।

(ग) योजना में यथापरिभाषित पात्र संस्था, जिसमें अप्रति-संहरणीय और लिखत द्वारा निर्मित निजी न्यास शामिल है) ।

(घ) योजना में यथापरिभाषित कोई समिति ।

(ङ) पंजीकृत सहकारी समिति ।

(च) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत निर्मित अलाभकारी कम्पनी सहित अन्य निगमित निकाय लेकिन बैंक और कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत अन्य कम्पनियां शामिल नहीं हैं ।

(छ) हिन्दू अविभक्त परिवार ।

(2) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित फार्म में किये जायेंगे ।

4. न्यूनतम निवेश राशि :

दोनों विकल्पों डेफर्ड और संचयी के अंतर्गत आवेदन न्यूनतम 200 यूनिटों के लिए और उसके बाद 100 यूनिटों के गुणकों में किया जाएगा । कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी ।

आवेदक को जितनी यूनिटें चाहिए उन सब के लिए केवल एक ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करना चाहिए । एकल अथवा संयुक्त नामों से किए गए दो या अधिक आवेदन पत्रों को गुणक आवेदन माना जाएगा यदि उनमें एकमात्र अथवा प्रथम आवेदक समान है। ऐसे गुणक आवेदन पत्रों में से किसी को अथवा सभी को अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार पूर्णतया उसके स्वनिर्णय में सुरक्षित है ।

रु. 50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले में, निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पीएएन/जीआईआर संख्या है तो वह उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करें ।

5. एकत्र की जाने वाली न्यूनतम लक्ष्य राशि

प्लान के अंतर्गत एकत्र की जाने वाली लक्ष्य राशि 50 करोड़ रुपए होगी । अत्यधिदान, यदि कोई हो तो उसे ट्रस्ट द्वारा रखा जाएगा ।

यदि लक्ष्य राशि के 60 प्रतिशत का अभिदान नहीं हो तो, ट्रस्ट को आदाता के खाता चैक/प्रत्यर्पण आदेश द्वारा प्लान के अंतर्गत संग्रहीत पूरी राशि को यूनिटों की बिक्री समाप्ति तिथि से छः हफ्तों या उसके पहले वापस करना होगा ।

उक्त अनुबद्ध अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में बिक्री अवधि में बिक्री बंद होने की तिथि से 6 सप्ताहों की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेवार होगा ।

6. खर्चों पर सीमा

निर्गम के आरम्भिक खर्चे प्लान के अंतर्गत एकत्र निधि के 6% से अधिक नहीं होंगे । प्लान के प्रारम्भिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय	%
मुद्रण और डाक	1.50
प्रचार और मार्केटिंग	1.50
एजेंटों को कमीशन	1.25
प्रशासनिक व्यय	0.50
रजिस्ट्रारों को प्रभार	0.50
विविध	0.75
योग	6.00

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपए का कम से कम 94 पैसे का इस प्लान में निवेश किया जाएगा ।

आरम्भिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर प्लान का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% से अधिक नहीं होगा । अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार है :

व्यय	%
प्रशासनिक व्यय	1.00
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.10
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
लेखा शुल्क	0.20
रजिस्टरों के लिए शुल्क	0.50
अन्य व्यय	0.60
योग	3.00

उपरोक्त व्यय अनुमानित है और वास्तविक रूप से दिए गए व्ययों में परस्पर परिवर्तित किए जाने के अधीन है । फिर भी, सेबी (म्युचुअल फन्ड) विनियम, 1993 के अनुसार कुल आरम्भिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 6% की सीमा के भीतर तथा आवर्ती व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% की सीमा के भीतर ही होगा । इसके अलावा, प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि और कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान लेखा वर्ष के दौरान प्लान के साप्ताहिक औसत एनएवी के 1.25% से अधिक नहीं होगा ।

7. भुगतान विधि :

(1) (1) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा ।

जहां आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालयों में जमा किये जाए, वहां चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किये जाएं, जिस शहर में स्थित कार्यालय में आवेदन किए जाएं ।

लेकिन जहां आवेदक ट्रस्ट के क्षेत्रीय/संग्रहण केन्द्र/विशेष अधिकृत कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिटों के लिये आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिये देय बैंक प्रभार घटाकर बैंक ड्राफ्ट भेजते हुए ऐसा कर सकता है। किन्तु जहां आवेदक ट्रस्ट के कार्यालय/संग्रहण केन्द्र/विशेष अधिकृत कार्यालय वाले स्थान से आवेदन करना चाहे हो, बैंक ड्राफ्ट कमीशन निदेशक को ही भरना होगा ।

(2) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट की शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चेक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो ।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो । लेकिन आवेदन ट्रस्ट द्वारा उपयुक्त समझे गए समय के भीतर ट्रस्ट या संग्रहण केन्द्र को प्राप्त हो जाएं । यदि आवेदित यूनिट के लिए भुगतान की गई राशि आवेदित यूनिटों के लिए देय राशि से कम हो, तो आवेदक को उतनी ही कम संख्या में यूनिट जारी किए जाएंगे, जितने इस योजना के अंतर्गत किए जा सकेंगे । उसको देय शेष राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से उसके जोखिम पर उसे वापस कर दी जाएगी ।

(2) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ट्रस्ट का होगा :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक से योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके । योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा ।

अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किये जा सकते हैं

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर, अस्वीकृत कर दिया जाएगा और अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने पर बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी ।

(3) यूनिट जारी होने के पहले आवेदक के लिये योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा ।

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में यूनिट के लिए आवेदन करनेवाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं जैसे न्यासों से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में ट्रस्ट विलेख प्रबंध समिति का यूनिट खरीदने संबंधी संकल्प नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाणपत्र, आदि जो निवेशक की श्रेणी पर निर्भर करेगा । ऐसी अपेक्षाएं पूरी करने या नहीं करने के प्रति ट्रस्ट की संतुष्टि उसके अपने विवेक पर निर्भर होगी ।

गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा । ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे । पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

8. यूनिटों की बिक्री :

पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों का बिक्री मूल्य सममूल्य पर होगा । ट्रस्ट द्वारा यूनिट की बिक्री संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी । बिक्री संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को सदस्यता सूचना जारी करेगा । यह इस बात का साक्ष्य होगा कि उसे योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में सदस्य के रूप में स्वीकार कर लिया गया है । ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था और निगमित निकाय को जारी सदस्यता सूचना पत्र तथा/निगमित निकाय के नाम में होगी ।

प्रेषित सदस्यता सूचना के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा ।

ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से 10 हफ्तों के भीतर सदस्यता सूचना भेजने का प्रयास करेगा ।

9. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) अवरुद्ध अवधि एक वर्ष अर्थात् 30 सितम्बर 1996 तक की होगी । प्लान के अंतर्गत पहले वर्ष के दौरान कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी । यूनिटों के एनएवी पर आधारित

पुनर्खरीद मूल्य (पूर्ववर्ती आधार पर) पहले वर्ष के दौरान प्रारंभ में प्रत्येक 3 महीनों में एक बार घोषित किया जाएगा । अवरुद्ध अवधि समाप्त होने के बाद अर्थात् 30-9-1996 को, एनएवी पर आधारित पुनर्खरीद मूल्य प्रत्येक माह 1-10-96 से प्रारंभ करते हुए प्रति यूनिट एनएवी के 5% तक की लागत को घटाने के बाद घोषित किया जाएगा ।

(2) **डेफर्ड आय विकल्प** : ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत यूनिट धारण के दूसरे वर्ष से पुनर्खरीद के लिए यूनिटों की पेशकश करेगा । पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती एनएवी पर आधारित होगा। पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट को प्रशासकीय व्यय और अन्य प्रभार, जो प्रति यूनिट एनएवी के 5% से अधिक न हों, की कटौती करने का अधिकार होगा । सादे कागज पर एक अनुरोध पत्र के साथ सदस्यता सूचना प्राप्त होने पर पुनर्खरीद की जाएगी किन्तु अनुरोध पत्र सभी धारकों द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए और अन्य व्यक्ति द्वारा सत्यापित होना चाहिए तथा सत्यापन करनेवाले व्यक्ति का नाम, पता और व्यवसाय दिया जाना चाहिए । सूचना में अंकित सभी यूनिट पुनर्खरीद के लिये पेश किए जाने चाहिये । यूनिटों की आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति नहीं दी जाएगी । पुनर्खरीद के लिये आवेदन करते समय सदस्य को पुनर्खरीद तिमाही तक के बचे हुए सभी अदत्त आय वितरण वारंट ट्रस्ट को सौंपने होंगे ।

ट्रस्ट पुनर्खरीद के अनुरोध पत्र सहित सदस्यता सूचना प्राप्त होने पर स्वीकृति वाली तिमाही या भावी तिमाही के लिये यूनिटों पर आय वितरण का भुगतान करने के लिये बाध्य नहीं होगा और न ही पुनर्खरीद की प्राप्तियों पर कोई ब्याज देय होगा ।

प्राप्त सभी दस्तावेज और अदत्त आय वितरण वारंट, यदि हों, निरस्तीकरण के लिये ट्रस्ट द्वारा रख लिए जाएंगे ।

(3) पूर्ववर्ती उप-खण्डों में अन्तर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिट की पुनर्खरीद करते समय, सदस्य द्वारा उस समय तक बकाया आय वितरण वारंटों को अभ्यर्पित नहीं करने की स्थिति में ट्रस्ट ऐसे आय वितरण वारंटों की भविष्य में देय राशि पुनर्खरीद मूल्य में घटाकर सदस्य को शेष राशि का भुगतान करने के लिये स्वतंत्र होगा । ट्रस्ट को सदस्यता सूचना और पुनर्खरीद का अनुरोध पत्र प्राप्त हो जाने के बाद सदस्य को स्वीकृति तिमाही के आय वितरण सहित भावी आय वितरण प्राप्त करने का अधिकार नहीं रह जायेगा और ऐसे बकाया आय वितरण की राशि का दावेदार ट्रस्ट होगा ।

(4) तिमाही आधार पर प्रदत्त पूरे वर्ष के आय वितरण के हकदार सदस्य को यूनिट पूरे वर्ष तक रखने होंगे । वर्ष के किसी भाग के लिये यूनिट रखनेवाला सदस्य केवल धारण अवधि के लिये, जो हमेशा धारण की पूरी तिमाहियों की होगी, आनुपातिक आय वितरण प्राप्त करने का हकदार होगा और तिमाही के भाग को, चाहे उसकी अवधि कितनी भी क्यों न हो, हमेशा छोड़ दिया जाएगा ।

(5) सदस्य की मृत्यु हो जाने की स्थिति में वैध प्रतिनिधि या नामित द्वारा सदस्यता सूचना, पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र और बकाया अदत्त आय वितरण वारन्ट-ट्रस्ट को सौंप जाने के बाद वह (ट्रस्ट) दावे की मान्यता संबंधी निर्धारित औपचारिकता पूरी होने पर अपने नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें ऊपर उपखण्ड (2) और (3) में यथावर्णित रूप में यूनिट की पुनर्खरीद करेगा और दावे की निपटान तिथि तक के बकाया तिमाही आय वितरण का आनुपातिक भुगतान करेगा और ऐसा भुगतान पूरी तिमाहियों की अवधि के लिए होगा ।

(6) ट्रस्ट द्वारा कटौती, यदि कोई हो, करने के बाद पुनर्खरीद गए यूनिटों के लिये भुगतान स्वीकृति तिथि के बाद यथाशीघ्र आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में यथालिखित रीति से किया जायेगा। आवेदक को देय राशि पर किसी भी कारण से कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चैक या ड्राफ्ट का प्रेषण (डाक खर्च सहित) या वसूली खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

(7) **संचयी विकल्प** :

संचयी विकल्प के अन्तर्गत जारी यूनिटों के मामले में ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत यूनिट धारण के दूसरे वर्ष से यूनिटों के पुनर्खरीद की पेशकश करेगा। पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती एनएवी आधार पर होगा । पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट प्रति यूनिट एनएवी के 5% तक प्रशासकीय व्यय और अन्य प्रभार काटने के लिए स्वतंत्र होगा।

आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(8) पुनर्खरीद किए गए यूनिटों को पुनः जारी नहीं किया जाएगा।

(9) पुनर्खरीद मूल्य के परिकलन का आधार यथासमय सेबी द्वारा निर्धारित विनियम, दिशा-निर्देशों के अधीन होगा।

10. **यूनिटों की पुनर्खरीद पर प्रतिबंध** :

प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(1) ऐसे दिन, जो कार्य दिवस नहीं हों; और

(2) ऐसी अवधि में जब बही और लेखे की वार्षिक बन्दी (ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित) के संबंध में सदस्यों की पंजी बन्दी हो।

स्पष्टीकरण :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(1) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे राज्यों में, जहां ट्रस्ट को कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही

(2) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट व कार्यालय बन्द रहेंगे ।

11. **पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन** :

पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद ट्रस्ट यथाशीघ्र इसे दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करेगा ।

12. **सदस्यता सूचना** :

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जारी यूनिटों की सदस्यता के संबंध में किसी सदस्य को यूनिट/सदस्यता प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाएगा। उनको सदस्यता सूचना दी

जाएगी, जो योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में सदस्य के रूप में स्वीकृति का साक्ष्य होगा।

13. **सदस्यता सूचना तैयार करने की रीति :**

सदस्यता सूचना ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित रूप के अनुसार होगी ।

14. **सदस्यता सूचना का विनिमय और उसके फट-फट जाने, विरूपित हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया :**

प्लान के अंतर्गत सदस्य उक्त प्रयोजनार्थ ऐसे नियमों/दिशा-निर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करेंगे और ऐसे दस्तावेजों का निष्पादन करेंगे, जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा बनाये जाएंगे/अपेक्षित होंगे।

15. **सदस्यों की पंजी :**

सदस्यों के पंजीकरण के सम्बंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :

(1) ट्रस्ट द्वारा सदस्यों की पंजी रखी जाएगी और अन्य बातों के साथ-साथ पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे;

(क) सदस्यों के नाम और पते;

(ख) सदस्यता सूचना की संख्या और हरेक ऐसे व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) जिस तिथि को ऐसा व्यक्ति अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया।

(2) सदस्य की ओर से उसके नाम और पते में परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी। ट्रस्ट ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा ।

(3) केवल पंजी 'बंदी' को छोड़कर, इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कार्य-समय के दौरान (ट्रस्ट द्वारा अधिनियत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिये पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) सदस्य के निःशुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिये पंजी बंद रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 45 दिन से अधिक समय के लिये बन्द नहीं रहेगी। ट्रस्ट समाचार पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बन्दी की सूचना देगा ।

(5) किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निहित और रूपात्मक सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी ।

16. **पात्र संस्थाओं, निगमित निकाय आदि द्वारा आवेदन और पंजीकरण :**

(1) पात्र संस्थाएं, निगमित निकाय और समितियां (सहकारी समितियों सहित) सदस्य के रूप में पंजीकृत की जाएंगी ।

(2) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है। अनुज्ञानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष प्रस्तुत करेगा । ट्रस्ट आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किये गये कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाणपत्र के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा।

(3) पात्रसंस्थाओं, निगमित निकाय या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की आवेदक की क्षमता से संबंधित सभी दस्तावेज, जैसे संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम उप-विधियां आदि, प्रबंध निकाय द्वारा पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति और अपेक्षित मुख्तारनामा की प्रति ट्रस्ट को पेश करनी होगी।

17. **ट्रस्ट के उन्मोचन करने के लिये सदस्य द्वारा रसीद :**

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के संबंध में सदस्य को प्रदत्त राशि के लिये उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा ।

18. **सदस्यों द्वारा नामांकन :**

(1) सदस्य विनियमों में उपबंधित सीमा तक नामांकन करने या निरस्त करने के अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं ।

(2) सदस्यों जो किसी नाबालिग के माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों तथा संस्था, समिति, निगमित निकायों और हिंदू अविभक्त परिवार हो, को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा।

आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एनआरआई नामित किए जा सकते हैं।

19. **सदस्य की मृत्यु :**

(1) यूनिट के संयुक्त सदस्यों में किसी एक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा जीवित व्यक्ति को ही योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के हकदार होने या उनके हिताधिकारी होने की मान्यता दी जाएगी।

लेकिन इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात उक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे जीवित व्यक्ति के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी ।

(2) किसी एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में नामिति को यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जाएगी।

(3) किसी एकल सदस्य द्वारा वैध नामांकन नहीं किये जाने की स्थिति में मृत व्यक्ति का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग 10

के अंतर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक हो वह व्यक्ति होगा, जिसे यूनिटों के हकदार के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जा सकती है।

(4) किसी सदस्य की मृत्यु के परिणामस्वरूप यूनिट के हकदार हो जानेवाले व्यक्ति का, ट्रस्ट द्वारा उसका हक के लिये पर्याप्त समझे गये साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के बाद तथा दावेदार द्वारा दावा संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा।

(5) यदि एकमात्र नामिती यूनिट रखने का पात्र है तो उक्त नामिती अपनी इच्छा के अनुसार मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बदले उसका सदस्य के रूप में यूनिट रखने और पंजीकृत सदस्य के रूप में बने रहने की अनुमति दी जाएगी तथा जितने यूनिट वह रखना चाहेगा, न्यूनतम यूनिट रखने की शर्तों पर उतने यूनिटों का उल्लेख करते हुए उसके नाम से सदस्यता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

(6) अवरूद्ध अवधि में एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में ट्रस्ट आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दावे का निपटान करेगा और संबंधित खंड में दिये गये ब्यौरे के अनुसार या ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत अन्य रीति से कानूनी वारिस/नामिती को भुगतान करेगा।

20. **आय वितरण :**

(1) सदस्य को डेफर्ड आय विकल्प या संचयी विकल्प में भाग लेने के विकल्प का प्रयोग करने का अधिकार होगा। यह प्लान में निवेश के समय किया जाएगा और एक बार दिया गया विकल्प अंतिम होगा। आवेदक द्वारा प्रयोग किए गए किसी निर्दिष्ट विकल्प के अभाव के दौरान उसे डेफर्ड आय विकल्प समझा जाएगा।

(2) **डेफर्ड आय विकल्प**

प्लान के अंतर्गत ट्रस्ट पहले दो वर्षों के दौरान लाभांश घोषित नहीं करेगा। ट्रस्ट का तीसरे वर्ष में प्रत्येक तिमाही के आरंभ में 26% प्र. व. की दर से न्यूनतम लक्षित लाभांश का भुगतान करने का प्रस्ताव है। लाभांश घोषित करने से पहले ट्रस्ट निवेशों पर मूल्यह्रास लगाएगा और अपने लेखा परीक्षकों को संतुष्ट करते हुए संदिग्ध एवं अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान भी करेगा और लेखों की टिप्पणियों में मूल्यह्रास की पद्धति भी सूचित करेगा।

निवेश उद्देश्यों और प्लान की प्रचलित नीतियों तथा लिखतों से अनुमानित लाभ, जिसमें प्लान की निधियों का निवेश किया जाएगा, के आधार पर प्लान को तीसरे वर्ष में तिमाही आधार पर निवेशकों के लिए 26% प्रति वर्ष की दर से न्यूनतम लक्षित लाभांश अदा करने के लिए पर्याप्त आय प्राप्त हो सकेगी। नियत आय प्रतिभूतियों से वर्तमान में लाभ 16% से 16.5% के बीच है और परिपक्वता पर लाभ 18% से 19% के बीच है। इक्विटियों से कम से कम 20% प्र. व. लाभ होने की उम्मीद है। इस तरह ट्रस्ट के लिए यह संभव हो सकेगा कि वह निवेशकों को तीसरे वर्ष में तिमाही आधार पर देय 20% प्र. व. का न्यूनतम लक्षित लाभ अदा कर सके। प्रत्येक अनुवर्ती वर्ष के लिए लाभांश दर योजना की आय और संबंधित घटकों पर निर्भर करेगी और पहले वर्ष की समाप्ति पर घोषित की जाएगी और तिमाही आधार पर अदा किया जाएगा। निवेशकों को 3रे, 4थे और 5वें वर्ष के लिए उत्तरदिनांकित आय वितरण वारन्ट पहले ही भेज दिए जाएंगे। लाभांश दर घोषित किए जाने की तिथि से 42 दिनों के भीतर ट्रस्ट आय वितरण वारंट प्रेषित करने का प्रयास करेगा।

(3) प्रत्येक तिमाही के लिये आय वितरण तिमाही के प्रारंभ में देय होगा और पूर्व भुगतान व्यवस्था के अंतर्गत ट्रस्ट द्वारा भुगतान ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट बैंक की शाखाओं पर सममूल्य पर देय आय वितरण वारंट या किसी लिखत के माध्यम से किया जाएगा। लेकिन ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित रीति से और अवधि के लिए ऐसे सदस्यों के लिए, जिनपर लागू होगा, उत्तर दिनांकित आय वितरण वारंट भेजने का ट्रस्ट का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

(4) उप खण्ड (3) के उपबंध के अधीन तिमाही आधार पर आय वितरण के भुगतान के लिए वारन्ट सदस्य को भेजे जाएंगे। वारन्ट को इस प्रकार दिनांकित किया जाएगा कि सदस्य भुगतान के लिए परिपक्व होने पर प्रत्येक वारन्ट को भुना सके। हरेक वारंट तीन महीने के लिए वैध रहेगा।

वैध अवधि पूरी होने के पहले सदस्य के पास कोई वारंट नहीं पहुंचने या उनके पुराने हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट ब्याज का भुगतान करने के लिये बाध्य नहीं होगा।

5 सदस्य की मृत्यु की स्थिति में, यदि नामिती यूनिट रखने का पात्र है और आगे भी यूनिट रखना चाहता है, तो ऐसा नामिती आवश्यक सुधार के लिए भावी महीनों के अनभुनाए सभी वारन्ट वापस करने के लिए बाध्य होगा।

लेकिन आगे यूनिट रखने के इच्छुक नामिति मृत सदस्य के पक्ष में पहले से जारी वारन्ट को सुधार करके नये प्रविष्ट सदस्य के पक्ष में करने में लगने वाले समय के लिए कोई ब्याज या मुआवजा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।

(6) पूर्ववर्ती उपखण्ड में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद यथास्थिति, तिमाही, छःमाही या वार्षिक आधार पर आय वितरण करने, चाहे व्यय औचित्य, सदस्यों के हित या अन्य परिस्थितियों के कारण ट्रस्ट के लिए ऐसा करना आवश्यक हो जाए, का ट्रस्ट का अधिकार सुरक्षित रहेगा। ऐसी स्थिति में ट्रस्ट अंग्रेजी भाषा के दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन द्वारा सदस्यों की सूचित करेगा। ट्रस्ट द्वारा ऐसी सूचना देने के बाद किसी भी सदस्य को तिमाही आधार पर आय वितरण का दावा करने का अधिकार नहीं होगा।

(7) **संचयी विकल्प :**

संचयी विकल्प के अंतर्गत कोई आय वितरण नहीं किया जाएगा। अर्जित आय का पुनः निवेश किया जाएगा और शुद्ध आस्ति मूल्य में दर्शाया जाएगा।

प्रत्येक 1000/- रु. के निवेश का तीसरे वर्ष की चौथी तिमाही के आरंभ में सांकेतिक मूल्य 1260/- रुपये होगा।

(8) **परिपक्वता बोनस लाभांश :**

प्लान के अंतर्गत परिपक्वता पर, आरंभिक निवेश पर कोई बोनस लाभांश घोषित करने पर, संचयी विकल्प के लिए बोनस लाभांश डेफर्ड आय विकल्प से 2% अधिक होगा।

डेफर्ड आय विकल्प के अंतर्गत तीसरे, चौथे और पांचवें वर्ष में उत्तरदिनांकित आय वितरण वारंट भेजे जाते हैं। संचयी विकल्प के अंतर्गत ऐसे वारंटों को भेजने की आवश्यकता नहीं होती है इसलिए स्टेशनरी, मुद्रण, डाक खर्च, बैंक प्रभार, रजिस्ट्री प्रभार, प्रशासनिक प्रभार आदि पर कम खर्च किया जाता है। इन्हीं कम खर्चों के कारण ट्रस्ट डेफर्ड आय की तुलना में संचयी विकल्प के अंतर्गत 2% अधिक बोनस लाभांश का भुगतान करने में सक्षम होगा।

आय वितरण वारण्टों के खो जाने/गलत स्थान पर पहुंचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिए आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा पासबुक वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात् खाते का प्रकार एवं खाता संख्या, बैंक का नाम) दें। तब आय वितरण वारंट इस प्रकार से निर्दिष्ट किए गए उनके खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जाएंगे। सदस्य कथित बैंक में अपने खाते में जमा करने हेतु उस आय वितरण वारण्ट को प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि बैंक संबंधी पूरा विवरण नहीं दिया जाता तो आय वितरण वारण्ट सदस्य के नाम से जारी किया जाएगा।

डेफर्ड आय योजना 1995 (डीआईएस' 95) का शेष ब्यौरा

3. इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(क) मूल्यांकन की तारीख को बम्बई स्टाक एक्सचेंज के अंतिम मूल्यों पर सूचीबद्ध प्रतिभूतियों का मूल्यांकन किया जाएगा। जो प्रतिभूतियां बम्बई स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं होंगी उनका मूल्यांकन उनके प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों के अंतिम मूल्यों पर किया जाएगा। यदि मूल्यांकन की तारीख से पूर्व तीन माह से अधिक अवधि तक प्रतिभूतियों का व्यवसाय नहीं किया गया हो तो ऐसी प्रतिभूति के मूल्यांकन की विधि ट्रस्ट को जैसा उचित प्रतीत हो, तय की जाएगी ताकि बोर्ड द्वारा अनुमोदित मूल्यांकन की विधि के अनुसार इसका सही प्राप्य मूल्य दर्शाया जा सके।

(ख) मुद्रा बाजार लिखत तथा डिबेंचर सहित अन्य नियत आय वाली लिखतों का मूल्यांकन वर्तमान आय और समतल्य लिखतों के परिपक्वता मूल्य के आधार पर अथवा ट्रस्ट जैसा उचित समझे उस तरीके से किया जाएगा।

(ग) अन्य सभी आस्तियों जिनका मूल्यांकन पूर्वोक्तानुसार न किया जा सके, उनका मूल्यांकन बही मूल्य पर किया जाएगा और यदि वह उपलब्ध न हो तो ट्रस्ट द्वारा उचित समझी गई विधि से किया जाएगा।

(घ) जो प्रतिभूतियां सूचीबद्ध न हों उनका सही मूल्यांकन बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित की गई नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

आस्तियों का मूल्यांकन सेबी द्वारा यथास्थाय निर्धारित दिशा-निर्देशों और विनियमन के अधीन होगा।

4. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का निर्धारण :

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के अंतर्गत जारी यूनिटों का शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। इस एनएवी को (पूर्ववर्ती आधार पर) आरम्भ में पहले वर्ष के दौरान कम से कम 2 दैनिक समाचार पत्रों में प्रत्येक 3 महीने में एक बार प्रकाशित किया जाएगा। अवरुद्ध अवधि समाप्त होने अर्थात् 30-9-96 के बाद 1-10-96 से प्रत्येक माह या सेबी द्वारा अनुमोदित अंतराल से प्रकाशित किया जाएगा। शुद्ध आस्ति मूल्य का मूल्यांकन सेबी द्वारा यथासमय निर्धारित विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन होगा।

5. योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना।

जो व्यक्ति सदस्य के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से सदस्यता सूचना जारी की गई है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा सदस्य के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिए ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या ईक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए यहां स्पष्ट रूप से किए गए प्रावधान या किसी सक्षम प्राधिकार वाले न्यायालय के आदेश को छोड़कर किसी विपरीत नोटिस या किसी न्यास के निष्पादन पर ध्यान देने के लिए बाध्य नहीं होगा।

6. यूनिटों का अंतरण/गिरवी/समनुदेशन

इस योजना के अंतर्गत जारी यूनिट अंतरणीय/गिरवी रखने योग्य/समनुदेशनीय नहीं है।

7. निवेश उद्देश्य और नीतियां :

योजना का निवेश उद्देश्य और इसकी नीतियां मुख्यतया ग्राहक को नियमित तिमाही आय उपलब्ध कराना तथा योजना की परिपक्वता पर ग्राहक को पूंजी में वृद्धि के लिए प्रयत्न करना भी है। योजना के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का सभी प्रारम्भिक कार्य पूर्व और परिचालनगत खर्चों का प्रावधान करने के बाद निम्न रूप में निवेश किया जाएगा।

(1) निधियों का कम से कम 80% सावधि आय सिक्यूरिटियों और निवेशों में निवेश किया जाएगा।

(2) निधियों का 20% इक्विटी, इक्विटी संबंधी लिखतों और मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश किया जाएगा। पूर्वोक्त के बावजूद मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश का अनुपात इस संबंध में सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

(3) सभी ऋण लिखत, जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाना है उनके निवेश दर्जे का निर्धारण सीआरआईएसआईएल/आईसीआरए/सीएआरई या समय-समय पर मान्यताप्राप्त किसी अन्य क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा किया जाएगा। परन्तु यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट को न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा।

(4) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिया जाएगा।

(5) निजी रूप से नियोजित डिबेंचरों, प्रतिभूत ऋणों और अन्य अनुवर्धित ऋण लिखतों के जरिए किया गया निवेश योजना की कुल आस्तियों के 40% से अधिक नहीं होगा।

(6) यह योजना अपने निकाय का 5% से अधिक किसी एक कम्पनी शेयरों में निवेश नहीं करेगी

(7) इस योजना सहित सभी योजनाओं की निधियों का 10% से अधिक किसी एक कम्पनी के शेयरों/डिबेंचरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं किया जाएगा।

(8) इस योजना की निधियों सहित सभी योजनाओं की निधियों का 15% से अधिक किसी एक उद्योग के शेयरों अथवा डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा ।

परन्तु यह प्रावधान उस योजना को लागू नहीं होगा जो एक अथवा अधिक विशिष्ट उद्योगों में निवेश के लिए जारी की गई है और उस आशय की घोषणा पेशकश पत्र में की गई है ।

(9) इस योजना से दूसरे योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब—

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण तात्कालिक आधार पर किए गए हों ।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनसे ऐसे अंतरण किए जाते हैं ।

(ग) सूचीबद्ध या उधृत न किए गए निवेशों का अंतरण यू टी आई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा ।

(10) यह योजना यूटीआई को किसी अन्य योजना/प्लान में निवेश नहीं करेगी अथवा उसे उधार नहीं देगी ।

(11) यह योजना अपने निवेशों के वित्त पोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी ।

8. विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा ।

डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा ।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके । इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट की छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, के लिए भी किया जा सकता है ।

9. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा । ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं ।

10. लेखों का प्रकाशन ;

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि की योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के कार्य का विवरण होगा । ट्रस्ट सेबी को विधिवत् रूप से परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और लाभ हानि लेखा; अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार चढ़ाव का एक तिमाही विवरण और पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित तिमाही पोर्टफोलियो विवरण भेजेगा । ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में हो और जिसका सूचित किया जाना आवश्यक हो । ट्रस्ट, सदस्य से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर, उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों की एक प्रति भेजेगा ।

11. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन और संशोधन

बोर्ड समय-समय पर इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किए गए परिवर्धन/संशोधन की अधिसूचना सरकारी राजपत्र में की जाएगी । किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा ।

12. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति :

(क) योजना और इसके अंतर्गत बना प्लान पूर्ण रूप से 30-9-2000 को समाप्त किया जाएगा । सदस्यों को बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी और सदस्यों को उनके यूनिटों के मूल्यों की अदायगी उक्त अवधि के दौरान अंतिम पुनर्खरीद के लिए निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी । निर्धारित अंतिम पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के अलावा बाद की किसी अवधि के लिए पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या लाभांश के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपलब्ध नहीं होगा । फिर भी, ट्रस्ट सेबी की पूर्व अनुमति से इस योजना को 5 वर्ष से आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है । ऐसी स्थिति में सदस्यों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को समस्त ट्रस्ट को लेने दें अथवा इस योजना में बने रहें । ट्रस्ट सदस्य निवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को आरम्भ की गई अथवा इस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित कर सकते हैं ।

(ख) ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(1) प्लान के पांच वर्ष पूरा होने पर अर्थात् 30 सितम्बर 2000 को अथवा 5 वर्ष के आगे ऐसी तारीख की समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित हो ।

(2) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति आवश्यक हो, या

(3) यदि योजना के 75% सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(4) यदि सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निदेश दे ।

(ग) जहां उपर्युक्त खण्ड (ख) के अधीन योजना की समाप्ति की जाती है, तो ट्रस्ट को उसकी सूचना सेबी को देनी होगी और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और बम्बई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देनी होगी ।

(घ) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट ।

(1) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा ।

(2) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा ।

(3) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा ।

(ङ) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा ।

(च) (1) न्यासी मंडल योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के यूनिट धारकों के हित में निपटाएगा ।

(2) ऊपर दिए गए खण्ड (च) (1) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय ली गई तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा ।

(छ) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और यूनिट धारकों को समाप्ति पर एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियों जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व निधि की आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए की गई निधियों का व्यय, यूनिटधारकों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र शामिल होगा ।

(ज) इसमें ऊपर दिए गए किसी भी बात के बावजूद, सेबी (म्यूच्यूअल फण्ड) विनियमन 1993 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे ।

(झ) खण्ड 7 (छ) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी ।

ञ) ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र विधिवत रूप से भरे हुए पुनर्खरीद फार्म के साथ सदस्यता सूचना प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा । पुनर्खरीद के लिए प्राप्त सदस्यता सूचना और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए सुरक्षित रखे जाएंगे ।

8. उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाला या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा ।

इसके अंतर्गत बने योजना के प्रावधान के और प्लान के प्रावधान, जैसे योजना में कहा गया है, एक दूसरे के साथ पढ़े जाएं ।

14. उपबंधों में ढील :

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के निर्बाध और सहज संचालन के लिये योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में ढील दे सकता है, परिवर्तित या संशोधन कर सकता है, बशर्ते किसी सदस्य या सदस्य वर्ग के लिए ऐसा करना समीचीन हो । प्रावधान में परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद ही किया जाएगा ।

15 **योजना और उसके अंतर्गत बना प्लान सदस्यों के लिये बाध्यकारी होगा :**

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की शर्तों के साथ समय-समय पर इनमें किये गये संशोधन और परिवर्तन सदस्य और उसके माध्यम से दावा करनेवाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिए इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिए बाध्य हो ।

16. **सदस्यों को लाभ**

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति के समय पूंजी, प्रारक्षित निधि और अधिक राशि के संबंध में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में उपचित सभी लाभ केवल उन्हीं सदस्यों को प्राप्त होंगे जो योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिए यूनिट के धारक रहे हों ।

स्रोत पर कर की कटौती :

वर्तमान कराधान कानूनों के अनुसार धारा 194के. के अनुसार ट्रस्ट द्वारा इस प्लान के अंतर्गत 01/07/1995 के पश्चात व्यक्ति सदस्यों को देय आय पर 15% की दर से स्रोत पर आयकर की कटौती की जाएगी । बशर्ते वित्तीय वर्ष के दौरान यह आय रु. 10,000/- से अधिक हो ।

इसी प्रकार हिन्दू अविभक्त परिवारों (एचयूएफ) को देय आय से स्रोत पर कर की कटौती की जाएगी यदि यह आय वित्तीय वर्ष के दौरान रु. 10,000/- से अधिक हो ।

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 अथवा 12 अथवा 10(22) अथवा 10(22ए) अथवा 10(23) अथवा 10(23एए) अथवा 10(23सी) के अंतर्गत आनेवाली धर्मार्थ संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्र में उपलब्ध कराए गए प्रारूप में घोषणा किए जाने के आधार पर उनसे स्रोत पर कर की कटौती नहीं की जाएगी ।

स्रोत पर कर की कटौती वहां नहीं की जाएगी जहां निर्धारित फार्म सं. 15 (एच) में इस आशय की घोषणा प्रस्तुत की गई

हो कि संबंधित वर्ष के लिए नियोजक की अनुमानित कुल आय पर कर शून्य होगा ।

स्रोत पर कर की कटौती नहीं करने संबंधी निर्धारित फार्म आय वितरण वारंटों के भेजे जाने के कम से कम तीन माह पूर्व प्रस्तुत किए जाने चाहिए ।

कर में रियायत

प्लान के अंतर्गत आय और पूंजी वृद्धि पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा । वर्तमान कराधान कानूनों के अनुसार "डीआईपी-95" सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं के अंतर्गत यूनिटों से प्राप्त आय पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 एल के अंतर्गत रु. 13,000/- तक की कुल सीमा तक आय से कटौती उपलब्ध होगी ।

इस प्लान के अंतर्गत होनेवाला कोई भी दीर्घावधि पूंजी अभिलाभ आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा । इस प्लान के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धनकर से मुक्त है ।

पात्र ट्रस्टों के लिए :

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2) (बी) के अंतर्गत यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं । अत: यूनिटों में निवेश कर रहे पात्र ट्रस्ट आयकर अधिनियम की धारा 11 और 12 के अंतर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे ।

सदस्यों के अधिकार

1. प्लान के अधीन सदस्यों को प्लान की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा प्लान द्वारा घोषित लाभांशों में समानुपातिक अधिकार है ।

2. सदस्यों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे ।

3. लाभांश की घोषणा किए जाने के 42 दिनों के भीतर सदस्य लाभांश वारंट के प्रेषित किए जाने के हकदार होंगे ।

4. सदस्यों को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है ।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग, नरीमन प्वाइंट, बम्बई-400021 में स्थित है ।

अभिरक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत सभी योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित संपत्तियों की सुपुर्दगी लें और अभिरक्षा खाते में धारित करें जो अभिरक्षकों तथा उनके अन्य ग्राहकों की आस्तियों से अलग हो ।

अभिरक्षकों का यह प्रयास होगा कि वे योजनाओं/निधियों/प्लानों की आस्तियों को ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत करें तथा वे उनकी सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करें । जबतक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निदेश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसको धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद, अंतरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक कार्यों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा । अभिरक्षक सभी सम्बन्धित रिपोर्ट अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध करायेंगे ।

लेखा परीक्षक

मैसर्स एम के मित्तल एण्ड कं., ई/29, साउथ एक्सटेंशन पार्ट 2, नई दिल्ली-110049 और मैसर्स एम के न्यार एण्ड कं., 16/98, एलआईसी बिल्डिंग, दी माल, कानपुर-208001 को आईडीबीआई द्वारा लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया है ।

निवेशकों की शिकायतें

ट्रस्ट की विभिन्न 59 योजनाओं में 48 मिलियन से भी अधिक निवेशक हैं । जुलाई 1994 से मार्च 1995 तक की अवधि के दौरान प्राप्त कुल शिकायतों की संख्या और जिनका निवारण किया गया उनकी योजनावार संख्या नीचे दी गई है :—

	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	लम्बित शिकायतें	लम्बित शिकायतों का प्रतिशत
	1	2	3	4
सतत खुली योजनाएं				
सी० सी० सी० एफ०	511	455	56	10.96
सी० जी० जी० एफ०	10621	9611	1010	9.51
सी० जी० एस०	775	566	209	26.97
सी० आर० टी० एस०	130	42	88	67.69
गृह लक्ष्मी यूनिट प्लान 94	1163	808	355	30.52

1	2	3	4	5
एच० यू० एस०	263	136	127	48.29
आर० बी० पी० 95	84	1	83	96.81
राज लक्ष्मी यूनिट				
योजना	2501	1812	689	27.55
एस० सी० यू० पी०	326	233	93	28.53
यूलिप	7533	5394	2139	28.40
यू० एस० 64	113576	102440	11136	9.80
कुल	137483	121498	15985	11.63
नियतकालीन योजनायें				
सी० जी० यू० एस० 91	13474	13314	160	1.19
डी० आई० यू० पी० 93	4155	3794	361	8.89
डी० आई० यू० एस० 90	3203	3142	61	1.90
डी० आई० यू० एस० 91	277	2703	70	2.52
डी० आई० यू० एस० 92	1448	1388	60	4.14
जी० सी० जी० आई०	2143	1157	986	46.01
जी० आई० यू० एस० पूल	1494	1200	294	19.68
जी० एम० आई० एस० 91	7053	6787	266	3.77
जी० एम० आई० एस० 92	3094	2950	144	4.65
जी० एम० आई० एस० 92 (II)	4546	4053	493	10.84
जी० एम० आई० एस० बी 92	2700	2504	196	7.26
जी० एम० आई० एस० बी 92 (II)	5315	5188	127	2.39
जी० एम० आई० एस० बी 92	2700	2504	196	7.26
जी०एम० आई० एस० बी० 92 (II)	5315	5188	127	2.39
ग्रोथ मास्टर	6825	6197	628	9.20
आई० यू० एस० 82	29	15	14	48.28
आई० यू० एस० 85	11	9	2	18.18
मास्टर ग्रोथ	26957	25265	1692	6 28
एम० ई० पी० 91	9272	8462	810	8.74
एम० ई० पी० 92	26809	25868	941	3.51
एम० ई० पी० 93	5371	4900	471	8.77
एम० ई० पी० 94	8636	7805	831	8.50
एम० ई० पी० 95	17	13	4	23.53
मास्टर गैन 92	114271	95823	18448	16.14
एम आई० पी० 93	5774	5178	596	10.32
एम० आई० पी० 94	4435	4058	377	8.50
एम० आई० पी० 94 (II)	3150	2749	401	12.73
एम० आई० पी० 94 (III)	720	694	26	3.81
एम० आई० एस० पूल	2801	1874	927	33.10
एम० आई० एस० जी० 90(I)	1664	1080	584	35.10
एम० आई० एस० जी० 90(II)	22261	20945	1316	5.91
एम० आई० एस० बी० 93	3825	3577	248	6.48
एम० आई० एस० जी० 91	17839	16969	8 0	4.88
मास्टर प्लस 91	32818	28844	3974	12.11

1	2	3	4	5
मास्टर गेयर 86	23312	1105	22207	95.26
यू० जी० एस० 2000	18650	11401	7249	38.87
यू० जी० एस० 5000	6276	4671	1605	25.57
यू० एस० 92	7546	7385	161	2.13
विविध	1530	1119	411	26.86
योग	402202	334191	68011	16.91
कुल योग	538155	454570	83585	15.53

शिकायत लम्बित रहने के कारण

(1) संग्रहण कर्ता बैंकों में आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना।

(2) आवेदन पत्र में निवेशक पता, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना।

(4) मार्ग में ही खो जाना।

(5) डाक सेवा में विलंब।

(6) अंतरण/मृत्यु दावों/पुनर्खरीद के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्यौरा।

(8) कमीशन प्राप्त न हो जाना/विलंब से प्राप्त होना।

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना।

शिकायतों/आपत्तियों के प्रकार पर निर्भर ट्रस्ट निवेशक/बैंक/रजिस्ट्रार को उनका निवारण करने हेतु लिखता है। सभी निवेशक निवेश का पूर्ण ब्यौरा देते हुए अपनी शिकायतें निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं।

श्री पी पी शास्त्री
महाप्रबंधक
केन्द्रीय निवेशक सम्पर्क कक्ष
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय बेसमेंट
दुआर क. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग,
बम्बई-400020,
दूरभाष : 2003860/2003853
फैक्स : (022) 2003865

रजिस्ट्रार

यूटीआई निवेशक सेवा लि. प्लाट सं. 34, मरोल मरोशी रोड, मरोल मरोशी बस डिपो के समीप, विजय नगर, अंधेरी (पूर्व), बम्बई-400069, टेलिफोन : 8380395 को रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है।

यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि रजिस्ट्रार के पास आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग करने, प्रमाणपत्रों को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशक की शिकायतों को दूर करने के जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त क्षमता है।

आवेदन पत्र की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात् सेवायें रजिस्ट्रार की चार मुख्य शाखाओं द्वारा प्रदान की जाएगी।

पश्चिमी अंचल : प्लाट सं. 369, मरोल मरोशी रोड, मरोल मरोशी बस डिपो के समीप, विजय नगर, अंधेरी (पूर्व), बंबई-400069

पूर्वी अंचल : 2, फैअरली प्लेस, पहली मंजिल, पोस्ट बैग नं. 60, कलकत्ता-700001

दक्षिणी अंचल : जस्टीस बशीर अहमद रोड बिल्डिंग, 45, वां लाइन बीच, मद्रास-600001

उत्तरी अंचल : राजा बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, 8 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केन्द्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट, दुआर सं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, बम्बई-4000020 में उपलब्ध रहेगा

*यूटीआई अधिनियम

*सामान्य विनियम

*अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और संग्रहणकर्ता बैंकों के साथ किए गए करार

सामान्य

सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1993 की विनियम 30 के अनुसार म्यूचुअल फंडों की सभी नियत कालीन योजनाएं सूचीबद्ध होनी चाहिए। हमारी इस योजना की विशेष प्रकृति और प्रयोजन को मद्देनजर रखते हुए हमने सेबी को आवेदन किया है कि वह डीआईपी 95 सूचीबद्ध होने से छूट प्रदान करें। यदि हमारा अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाता है तो इस योजना को एनएसई और ओटीसीईआई में सूचीबद्ध करवाया जाएगा और यूटीआई विपणन योग्य लाट में प्रमाण पत्र जारी करेगा जो हस्तांतरणीय होंगे। हालांकि निवेशकों का एक वर्ष के बाद पुनर्खरीद सुविधा उपलब्ध करायी जाना जारी रहेगा भले ही योजना सूचीबद्ध हो या न हो।

पिछले चार डेफर्ड आय योजनाओं का विवरण

योजना/प्लान का नाम	डी०आई० यू०एस० 90 (5 वर्षीय)	डी आई०यू०एस० 90 (7 वर्षीय)	डी०आई०यू०एस० 91	डी०आई०यू०एस० 92	डी० आई० यू० एस० 93
आरम्भ होने की तिथि	16-08-90	16-08-90	01-08-91	10-08-92	01-10-93
समाप्ति की तिथि	15-08-95 01-09-95 01-10-95	16-08-97 01-09-97 01-10-97	01-09-96	31-08-97	30-09-98
लाभांश	पहले 2 वर्षों के लिये कोई लाभांश नहीं। 3रे, 4थे, और 5वें वर्षों में क्रमशः तिमाही आधार पर 18%, 24% 24 % और 30 % प्र० व०	पहले 3 वर्षों के लिये कोई लाभांश नहीं। 24%प्र०व० तिमाही आधार पर 4थे, और 5 वें वर्ष में और 6ठे एवं 7वें वर्ष में 30%	पहले दो वर्षों के लिये कोई लाभांश नहीं। 18% 24%और 30 प्र० व० तिमाही आधार पर क्रमशः 3रे, 4 थे और 5 वें वर्षों में	पहले 2 वर्षों के लिये कोई लाभांश नहीं। 3रे, 4थे, और 5वें वर्ष में 28%, प्र० व० तिमाही आधार पर	पहले 2 वर्षों के लिये कोई लाभांश नहीं। 3रे, 4थे और 5वें वर्ष मे 28%प० व० तिमाही आधार पर
संचयी विकल्प	लागू नहीं	लागू नहीं	5 वर्षों की समाप्ति पर यूनिटों की पुनर्खरीद मूल्य पर किया जाएगा जो प्रति यूनिट 20/- रु० से कम नहीं होगा।	5 वर्षों की समाप्ति पर यूनिटों की पुनर्खरीद मूल्य पर किया जाएगा जो प्रति यूनिट 21/- रु० से कम नहीं होगा।	2000/-- रु० 4015/-- रु० बन जायेंगे
संग्रह की गई राशि	105.31*		205.23	128.70	376.56
आवेदन पत्रों की संख्या	46,904		1,89,465	95,930	2,46,830

*इसमें 7 वर्षीय विकल्प के अन्तर्गत एकत्र की गई राशि/आवेदन पत्र भी शामिल है।

डी० आई० यू० एस० शृंखला पूर्ववर्ती आंकड़े

डी० आई० यू० एस० 90

(रुपये लाख में)

विवरण	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95 (अनितम)
1	2	3	4	5	6
क. शुद्ध आस्ति मूल्य (अंकित मूल्य रु० 10/-)	11.10	15.33	17.81	18.75	16.63
ख. (i) निवेशों के अन्तरण/बिक्री पर लाभ के अलावा कुल आय	977.00	1754.14	3222.14	2716.63	834.00
(ii) निवेशों के अन्तरण/अन्तर योजना बिक्री पर लाभ से प्राप्त कुल आय	शून्य	2674.65	12.39	222.52	शून्य
(iii) तृतीय पक्षकार को बेचे/प्रतिदान किये गये निवेशों पर लाभ से प्राप्त कुल आय	शून्य	226.75	शून्य	0.91	शून्य

1	2	3	4	5	6
(iv) पिछले वर्षों के प्रारक्षित से राजस्व लेखा का अन्तरण	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(v) मूल्यह्रास प्रावधान का पुनरांकन किया गया, चूंकि अब आवश्यक नहीं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख. =(i)+(ii)+(iii)+(iv)+(v)	977.00	4655.55	3234.51	2940.06	834.00
ग. व्यय (संदिग्ध आस्तियों के प्रावधान सहित)	69.75	61.45	54.92	56.87	120.00
घ. शुद्ध आय—(ख)—(ग)	907.25	4594.10	3179.59	2883.19	714.00
ङ. हिसाब न रखे गये निवेशों के मूल्य पर अप्राप्त मूल्य वृद्धि	149.43	111.55	150.83	411.98	234.00
च. हिसाब न रखे गये निवेशों पर मूल्यह्रास	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
छ. पुनर्खरीद मूल्य@					
————उच्चतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
————न्यूनतम					
पुनः बिक्री मूल्य@	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
————उच्चतम					
————न्यूनतम					
ट. मूल्य कमाई अनुपात	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं

स्रोत : वार्षिक रिपोर्ट

@चूंकि इस योजना के अन्तर्गत पुनर्खरीद/पुनः बिक्री नहीं की जा सकती न ही इन्हें शेयर बाजारों में सूची बद्ध किया गया है, इसलिये कोई मूल्य कमाई अनुपात नहीं है।

डी० आई० यू० एस० शृंखला पूर्ववर्ती आंकड़े

डी० आई० यू० एस०'91

(रुपये लाख में)

विवरण	1991–92	1992–93	1993–94	1994–95 (अन्तिम)
1	2	3	4	5
क. शुद्ध आस्ति मूल्य				
(अंकित मूल्य—रु० 10/–)	13.17	14.75	18.47	19.63
ख. (i) निवेशों के अंतरण/बिक्री पर लाभ के अलावा कुल आय	2565.84	5555.43	5047.24	4710.00
(ii) निवेशों के अंतरण/अंतर योजना बिक्री पर लाभ से प्राप्त कुल आय	2123.94	शून्य	शून्य	शून्य
(iii) तृतीय पक्षकार को बेचे प्रतिदान किए गए निवेशों पर लाभ से प्राप्त कुल आय	82.86	शून्य	321.80	शून्य
(iv) पिछले वर्षों के प्रारक्षित से राजस्व लेखा का अंतरण	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

1	2	3	4	5
(v) मूल्यह्रास प्रावधान का पुनरांकन किया गया चूंकि अब आवश्यक नहीं	शून्य	शून्य	140 83	शून्य
ख=(i) +(ii)+(iii)+(iv)+(v)	4772.64	5555 43	5509.87	4710.00
ग. व्यय (संविदग्ध आस्तियो के प्रावधान सहित)	157.17	291.75*	128.68*	200.00
घ. शुद्ध आय (ख) –(ग)	4615.47	5263.68	5381.19	4510.00
ङ. हिसाब न रखे गये निवेशों के मूल्य पर अप्राप्त मूल्य वृद्धि	1869.20	शून्य	2365.56	751.00
च. हिसाब न रखे गये निवेशों पर मूल्यह्रास	शून्य	140.83	शून्य	शून्य
छ. पुनर्खरीद मूल्य@				
——— उच्चतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नही	उपलब्ध नही
———न्यूनतम				
पुनः बिक्री मूल्य@	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नही	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नही
———उच्चतम				
———न्यूनतम				
ज. मूल्य कमाई अनुपात	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नही	उपलब्ध नही	उपलब्ध नही

स्रोत : वार्षिक रिपोर्ट

@चूंकि इस योजना के अंतर्गत पुनर्खरीद/पुनः बिक्री नहीं की जा सकती न ही इन्हे शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किया गया है, इसलिए कोई मूल्य कमाई अनुपात नहीं है ।

		1992–93	1993–94
	*व्यय	150.92	128.68
ङ	संदिग्ध आस्तक के लिए प्रावधान	140.83	—
		291.75	128.68

डी० आई० यू० एस० श्रृंखला पूर्ववर्ती आंकड़े

(रुपये लाख में)

विवरण	डी० आई० यू० एस०/92 1992–93	1993–94	1994–95 (अन्तिम)
1	2	3	4
क. शुद्ध आस्ति मूल्य (अंकित मूल्य –सं० 10/–)	10.28	14 81	14.77
ख. (i) निवेशों के अंतरण/ बिक्री पर लाभ के अलावा कुल आय	1276.49	1635.04	2241.06
(ii) निवेशों के अंतर अंन्तरण योजना बिक्री पर लाभ से प्राप्त कुल आय	50.56	1488.76	शून्य

1	2	3	4
(iii) तृतीय पक्षकार को बेचे प्रतिदान किए गए निवेशों पर लाभ से प्राप्त कुल आय	शून्य	शून्य	45.94
(iv) पिछले वर्षों के प्रारक्षित से राजस्व लेखा का अंतरण	शून्य	शून्य	शून्य
(v) मूल्यह्रास प्रावधान का पुनर्संएकांन किया गया चूंकि अब आवश्यक नहीं	शून्य	422.25	शून्य
ख. =(i)+(ii)+(iii)+ (iv)+(v)	1327.05	3546.05	3287.00
ग. व्यय (संदिग्ध आस्तियों के प्रावधान सहित)	557.39*	79.24*	175.00
घ. शुद्ध आय (ख)—(ग)	769.66	3466.81	2112.00
ङ. हिसाब न रखे गये निवेशों के मूल्य पर अप्राप्त मूल्य वृद्धि	शून्य	1967.61	696.00
च. हिसाब न रखे गये निवेशों पर मूल्यह्रास	422.25	शून्य	शून्य
छ. पुनर्खरीद मूल्य@			
——उच्चतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
——न्यूनतम			
पुनः बिक्री मूल्य@	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
——उच्चतम			
——न्यूनतम			
ट. मूल्य कमाई अनुपात	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं

स्रोत : वार्षिक रिपोर्ट

@चूंकि इस योजना के अंतर्गत पुनर्खरीद/पुनः बिक्री नहीं की जा सकती न ही इन्हें शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किया गया है, इस लिए कोई मूल्य कमाई अनुपात नहीं है।

	1992.93	1993—94
*व्यय	135.14	79.24
संदिग्ध आस्तक के लिए प्रावधान	422.25	—
	557.19	79.24

डी० आई० यू० एस० श्रृंखला पूर्ववर्ती आंकड़े

डी० आई० यू० एस० '93

(रु० लाख में)

विवरण	1993-94	1994-95 (अनन्तिम)
क. शुद्ध आस्ति मूल्य		
(अंकित मूल्य—रु० 10/-)	11.84	12.42
(i) निवेशों के अंतरण/बिक्री पर लाभ के अलावा कुल आय	3410.66	5306.04
(ii) निवेशों के अन्तरण/ अन्तर योजना बिक्री पर लाभ से प्राप्त कुल आय	शून्य	359.46
(iii) तृतीय पक्षकार को बेचे/प्रतिदिन किये गये निवेशों पर लाभ से प्राप्त कुल आय	5.76	48.50
(iv) पिछले वर्षों के प्रारक्षित से राजस्व लेखा का अन्तरण	शून्य	शून्य
(v) मूल्य ह्रास प्रावधान का पुनरांकन किया गया, चूंकि अब आवश्यक नहीं	शून्य	शून्य
ख—(i)+(ii)+(iii)+(iv)+(v)	3416.42	5774.00
ग. व्यय (संदिग्ध आस्तियों के प्रावधान सहित)	386.11	250.00
घ. शुद्ध आय (ख)—(ग)	3030.31	5524.00
ङ. हिसाब न रखे गये निवेशों के मूल्य पर अप्राप्त मूल्य वृद्धि	3877.30	551.00
च. हिसाब न रखे गये निवेशों पर मूल्य ह्रास	शून्य	शून्य
छ. पुनर्खरीद मूल्य		
———उच्चतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
———न्यूनतम		
पुन: बिक्री मूल्य@		
———उच्चतम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
———न्यूनतम		
ट. मूल्य कमाई अनुपात	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं

स्रोत : वार्षिक रिपोर्ट

@चूंकि इस योजना के अन्तर्गत पुनर्खरीद/पुन : बिक्री नहीं की जा सकती न ही इन्हें शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किया गया है, इसलिए कोई मूल्य कमाई अनुपात नहीं है।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

कार्पोरेट कार्यालय

13, सर विट्ठल दास ठाकरसी मार्ग (न्यू मरीन लाइन्स),

बम्बई-400020, दूरध्वनि : 2068468

आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : केन्द्र-1, 28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, बम्बई-400005, दूरध्वनि : 2181600 पूर्वी अंचल : 2 फेयरली प्लेस, 1ली मंजिल, कलकत्ता 700001 दूरध्वनि : 2209391/2205322 दक्षिणी अंचल : यूटीआई हाउस 29, राजाजी सालै, मद्रास-600001, दूरध्वनि : 517101 उत्तरी अंचल : जीवन भारती (केन्द्र कोर) 13 वीं मंजिल, टावर 2, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001, दूरध्वनि : 3329860/3329858.

पश्चिमी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

अहमदाबाद : यूटीआई हाउस, हिमालय ... के पास, आश्रम रोड के समीप, अहमदाबाद-380009 दूरध्वनि : 400864 बड़ौदा : ... चौथी और पांचवीं मंजिल, ... सर्कल, रेस कोर्स रोड, बड़ौदा-390015, दूरध्वनि : 3332481 भोपाल : 1ली मंजिल, ... कम्प्लेक्स, प्लाट नं. 202, ... 1 सकील 13, हमीदिया गंज, भोपाल-46200, दूरध्वनि : 558308 बम्बई (1) : ... सं. 2 ब्लाक 'सी' ... शापिंग सेन्टर, ... रोड नं. 9 ... (पश्चिम) बम्बई-400049, दूरध्वनि : 6201995 बम्बई (2) : ... बिल्डिंग तीसरी मंजिल, सेक्टर 17, वाशी नई बम्बई-400703, दूरध्वनि : 7672607 बम्बई (3) : ... बिल्डिंग, 196 ... रोड ... बम्बई-400020, दूरध्वनि : 2850921/920/923 बम्बई (4) : ... आर्केड, पहली मंजिल, एस वी रोड ... (पश्चिम) बम्बई-400092 दूरध्वनि 8020521 बम्बई (5) सागर संगीत, पहली मंजिल, ... लेन ... (पश्चिम), बम्बई-400086, दूरध्वनि : 5162256 कोल्हापुर : अयोध्या टावर्स, सी एस नं. 511, के एच-1/2 "ई" वार्ड, दाभोलकर कोरनर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर-416001, दूरध्वनि : 657315, इन्दौर : सिटी सेंटर, ... मंजिल, 570, एम जी रोड, इन्दौर-452001, दूरध्वनि : 22796, नागपुर : श्री मोहिनी कम्पलेक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, (किंग्सवे), नागपुर-440001, दूरध्वनि : 536893 नासिक : दूसरी मंजिल, शारदा ..., एम. जी. रोड, नासिक-422001, दूरध्वनि : 70166 पणजी : ई. डी. सी. हाउस, भूतल डा. ... मार्ग, पणजी, गोवा-403001, दूरध्वनि : 222472 पुणे : सदाशिव ..., तीसरी मंजिल, 1183 फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी नगर, पुणे-411005, दूरध्वनि : 325954 राजकोट : चौथी मंजिल, ... सेन्टर, ... रोड, राजकोट-360001 दूरध्वनि : 25119 सूरत : ... बिल्डिंग, ... रोड नानपुरा, सूरत-395001, दूरध्वनि : 34550 ।

उत्तरी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

आगरा : भूतल, सी ब्लाक, जीवन प्रकाश, संजय प्लेस, महात्मा गांधी रोड, आगरा-282002 दूरध्वनि : 350552 इलाहाबाद : यूनाइटेड टावर्स, तीसरी मंजिल, 53, लीडर रोड, इलाहाबाद-211003 दूरध्वनि : 50521, अमृतसर : श्री द्वारका धीशजी काम्पलेक्स, क्वीन्स रोड, अमृतसर-143001 दूरध्वनि : 64463, चंडीगढ़ : जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, सेक्टर 17-बी, चण्डीगढ़-160017 दूरध्वनि : 543683, देहरादून दूसरी मंजिल, 59/3, राजपुर रोड, देहरादून-248001, दूरध्वनि : 26720, जयपुर : आनन्द भवन, तीसरी मंजिल, संसार चन्द्र रोड, जयपुर 302001, दूरध्वनि : 365212, कानपुर : 16/79ई, सिविल लाईन्स, कानपुर 208001, दूरध्वनि : 317278, लखनऊ : रिजेंसी प्लाजा बिल्डिंग, 5, पार्क रोड, लखनऊ 226001, दूरध्वनि : 232501, लुधियाना : सोहन पैलेस, 455, दि माल, लुधियाना 141001, दूरध्वनि : 400373, नई दिल्ली : गुलाब भवन (पिछला ब्लाक), दूसरी मंजिल, 6, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली 110002, दूरध्वनि : 3318638/3319786 शिमला : 3, माल, पहली मंजिल, (आनन्दीलाल एण्ड कं. डिपार्टमेन्ट स्टोर के ऊपर), शिमला 171001, दूरध्वनि : 4203. वाराणसी : पहली मंजिल, डी/58/2ए-1, भवानी मार्केट रथयात्रा, वाराणसी 221001, दूरध्वनि : 54306/54262/54272 ।

दक्षिणी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

बंगलोर : विश्व व्यापार केन्द्र, चेंबर आफ कामर्स, केम्पेगोडा रोड, बंगलोर 560009, दूरध्वनि : 2253739 कोचीन : जीवन प्रकाश, पांचवी मंजिल, एम जी रोड, एर्नाकुलम, कोचीन 682011, दूरध्वनि : 362354, कोयम्बतूर : चेरन टावर्स, तीसरी मंजिल, 6/25, राजकीय आर्ट्स कालेज रोड, कोयम्बतूर 641018, दूरध्वनि : 214973, हुबली : कालबुर्गी मेंशन, 4 थी मंजिल, लेमिंगटन रोड, हुबली 580020, दूरध्वनि : 363963, हैदराबाद : पहली मंजिल, सुरभि आर्केड, 5-1-664, 665, 669, बैंक स्ट्रीट, हैदराबाद 500001, दूरध्वनि : 511095 मद्रास : यू.टी.आई. हाउस, 29, राजाजी सलाई, मद्रास-600001, दूरध्वनि : 517101 मदुरै : तमिलनाडु सर्वोदय संघ बिल्डिंग, 108 तिरुप्परनकुन्द्रम रोड, मदुरै 625001, दूरध्वनि 38186. मंगलोर : सिद्धार्थ बिल्डिंग, 1ली मंजिल, बालमत्ता रोड, मंगलोर-575001, दूरध्वनि : 426290, तिरुअनंतपुरम : स्क्रिप्स सेन्टर, तीसरी मंजिल, एम. जी. रोड, तिरुअनंतपुरम 695001, दूरध्वनि : 331415 त्रिची : 104, सलाई रोड, थोरेयूर, तिरुचिरापल्ली 620003, दूरध्वनि : 27060, त्रिचूर : 28/876/77, ... बिल्डिंग ... रोड, ... नार्थ त्रिचूर 680020, दूरध्वनि : 331059, विजयवाडा : 27-37-156, बन्दर रोड ... के पास, विजयवाडा 520002, दूरध्वनि 74434 विशाखापट्टनम : रत्ना आर्केड तीसरी मंजिल, 47-15-6, स्टेशन रोड, द्वारका नगर, विशाखापट्टनम 530016, दूरध्वनि : 548121 ।

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

भुवनेश्वर : ... निवास, लेविस रोड, भुवनेश्वर-751014 दूरध्वनि : 56141 कलकत्ता : 2 और 4, फेयरली प्लेस, कलकत्ता 700001, दूरध्वनि : 2209391/2208-322 दुर्गापुर : तीसरी एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, ...

मंज़िल, आसनसोल, दुर्गापुर विकास प्राधिकरण, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713216, दूरध्वनि : 4831 गुवाहाटी : हिन्दुस्तान बिल्डिंग, एम एल, नेहरीलाल रोड, पानबाजार, गुवाहाटी 781001, दूरध्वनि : 543131 जमशेदपुर : 1-ए, राम मंदिर परिसर, भूतल और दूसरी मंजिल, बिस्तूपुर, जमशेदपुर 831001, दूरध्वनि : 425508 पटना : जीवन दीप बिल्डिंग, एक्ज़ीबिशन रोड, पटना 800001, दूरध्वनि : 235001 सिलीगुड़ी : जीवन दीप, भूतल, गुरू नानक सारनी, सिलीगुड़ी-734 401, दूरध्वनि 23275.

बम्बई, दिनांक 20 अक्तूबर 1995

सं. यू टी/डी बी डी एम/329-सी/एस पी डी 89/95-96—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनाए गए संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1995 का पेशकश दस्तावेज, जिसे 16 अगस्त, 1995 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

ए. जी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

संस्थागत निवेशक विशेष निधि

यूनिट योजना 1995 (आई आई एस एफ यू एस 1995)

पेशकश दस्तावेज

पेशकश 21 अगस्त 1995 से 30 सितम्बर 1995 तक

खुली रहेगी

यह यूनिट योजना यू टी आई के न्यासी मंडल द्वारा भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अनुसरण में बनायी गयी है।

प्लान के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्युच्युअल फण्ड) विनियम 1993 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।

योजना का उद्देश्य

यह एक पांच वर्षीय नियत कालीन आयोन्मुख योजना है, जिसमें एन ए वी आधारित मूल्य पर योजना से आहरण किया जा सकता है। यह योजना संस्थागत निवेशकों के लिए है जिन्हें कि विशिष्ट योजना में प्रचुर धन का निवेश करना है।

विशिष्टताएं

*न्यूनतम निवेश 1 लाख यूनिटें और इसके बाद 50,000 यूनिटों के गुणकों में किया जा सकता है। यूनिटों का अंकित मूल्य रुपए 10/- होगा।

*यह धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों पात्र न्यास, समिति पंजीकरण अधिनियम 1960 के अंतर्गत समितियां, अन्य किन्हीं निकायों जो धर्मार्थ प्रयोजनों के लिए राज्य या केन्द्रीय अधिनियम द्वारा स्थापित या नियंत्रित हों, सेना/वायुसेना/नौसेना/अर्ध सैनिक फण्ड और अन्य किसी संस्था/निगमित निकाय (कम्पनियों को छोड़कर) सहित पात्र न्यासों के लिए खुला है।

*ट्रस्ट द्वारा पहले वर्ष के लिए लाभ न्यूनतम 15% प्र. व. की लक्षित दर से अदा किया जाना प्रस्तावित है। यह समानुपातिक आधार पर जुलाई 1996 में अदा किया जाएगा। उसके बाद के वर्षों के लिए लाभांश पूर्ववर्ती वर्षों के अंत में घोषित किया जाएगा और प्रति वर्ष जनवरी और जुलाई में अर्ध वार्षिक आधार पर अदा किया जाएगा।

*लाभांश का पुनर्निवेश करने का विकल्प उपलब्ध है।

*योजना आरम्भ होने की तिथि से एक वर्ष के बाद एन ए वी आधारित मूल्य पर पुनर्खरीद की अनुमति दी जाएगी।

जोखिम के तत्व

*योजना के यूनिटों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य (एन ए वी) का ऊपर या नीचे जाना पूंजी बाजार को प्रभावित करने वाले घटकों और शक्तियों पर निर्भर करता है।

*यदि वास्तविक आय 15% प्रति वर्ष न्यूनतम लक्षित लाभ का भुगतान करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी तो यूनिट धारकों को उस हद तक यूनिट पूंजी का घाटा उठाना पड़ सकता है।

*ट्रस्ट के पहले की योजनाओं/प्लानों का कार्य निष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है। इस योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है।

*संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1995 केवल योजना का नाम है और यह किसी भी प्रकार से योजना की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है। निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस योजना में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लें।

प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व

*ट्रस्ट 30 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 48 मिलियन से अधिक निवेशकों से लगभग 61,000 करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंध में निपुणता हासिल की है।

यू टी आई की स्थापना

यू टी आई अधिनियम 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होने वाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। इसने 1 जुलाई 1964 से कार्य करना आरम्भ किया था।

यू टी आई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबन्धन न्यासी मण्डल में निहित है जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है।

बोर्ड के अलावा एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर विचार करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल

1.	डॉ० एस० ए० दवे	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट
2.	श्री एस० एच० खान	अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
3.	डॉ० अरविंद विरमानी	सलाहकार, नीति निर्धारण, भारत सरकार आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय
4.	श्री एन० एस० सेकसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेंट लि०
5.	श्री पी० आर० खन्ना	सनदी लेखाकार
6.	कु० ए० ई० टी० बाज	कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक
7.	श्री जे० एस० सालुंखे	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8.	श्री एन० वाघुल	अध्यक्ष, आई० सी० आई० सी० आई० लि०
9.	श्री जे० वी० शेट्टी	अध्यक्ष, और प्रबंध निदेशक, केनरा बैंक

योजना की विशेषताओं का विवरण नीचे दिया गया है :—

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ

(1) यह योजना संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1995 (आई आई एस एफ यू एस 1995) कही जाएगी।

(2) यह माह अगस्त 1995 के 21वें दिन से आरम्भ होगी।

(3) यह योजना पांच वर्षों की अवधि के लिए अर्थात् 1 अक्तूबर, 1995 से 30 सितम्बर, 2000 तक होगी।

(4) यूनिटों की बिक्री 21 अगस्त, 1995 से 30 सितम्बर, 1995 तक 41 दिनों के लिए होगी।

बशर्ते कि यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक आर्थिक कारण होने पर अखबारों में 7 दिनों का नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति में जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं।

2. परिभाषाएं

इस योजना में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(1) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब यूनिट ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(2) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(3) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना में शामिल होने के लिए पात्र होगा और योजना के खण्ड 4 के अंतर्गत आवेदन करता हो।

(4) "पात्र ट्रस्ट" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य नियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है।

(5) "जारी यूनिटों की संख्या" का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की संख्या है।

(6) "व्यक्ति" में ऊपर यथापरिभाषित पात्र ट्रस्ट शामिल है।

(7) "विनियमावली" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अंतर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है।

(8) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड।

(9) इस योजना से संबंधित "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपए के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है।

(10) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है।

(11) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियमावली में दिये गए हैं।

3. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य

प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये होगा।

4. यूनिटों के लिए आवेदन

(1) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों के लिए आवेदन निम्नलिखित द्वारा किया जा सकता है :—

(1) धर्मार्थ और धार्मिक ट्रस्ट सहित सभी पात्र ट्रस्ट।

(2) समिति पंजीकरण अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत समितियां।

(3) अन्य कोई निकाय जो धर्मार्थ प्रयोजनों के लिए राज्य या केन्द्रीय अधिनियम द्वारा नियंत्रित या स्थापित या उसके अधीन हो।

(4) सेना/वायुसेना/नौसेना/अर्ध सैनिक फंड।

(5) अन्य कोई संस्था/निगमित निकाय (कंपनियों को छोड़कर) जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चित किया जाएगा।

(2) आवेदन ऐसे फार्म में किया जाएगा जैसा ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा ।

(3) पात्र संस्थाएं, निगमित निकाय या समितियां यथा-अपेक्षा ट्रस्ट को वे भी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करेंगी जिनसे आवेदक की यूनिटों में निवेश करने की सक्षमता का पता चलता है, जैसे संस्था के बहिर्नियम और अंतर्नियम, उपनियम आदि, यूनिटों में निवेश के अधिकार देने के प्रबंधन निकाय के संकल्प की प्राधिकृत प्रति आदि और समुचित मुख्तारनामे की प्रति ।

5. निवेश की न्यूनतम राशि

योजना के अंतर्गत न्यूनतम निवेश 1 लाख यूनिटों और इसके बाद 50 हजार यूनिटों के गुणकों में किया जा सकता है, कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी ।

आवेदक को जितने यूनिट चाहिए उन सब के लिए केवल एक ही आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। यदि आवेदक एक ही हो तो उनसे दो या अधिक आवेदन पत्रों को बहुलित आवेदन पत्र माना जाएगा । ट्रस्ट ऐसे बहु आवेदनों को अपने पूर्ण विवेक से रद्द करने के अपने अधिकार को सुरक्षित रखता है ।

निवेशकों को सलाह दी जाती है कि यदि उनका आय कर पीएएन/जीआईआर नंबर हो तो उसे तथा संबंधित आय कर सर्किल के पते का उल्लेख करें ।

6. भुगतान विधि

(1) आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए आवेदन पत्र के साथ चैक या ड्राफ्ट द्वारा (बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक द्वारा ही वहन किया जाएगा) भुगतान किया जाएगा, चैक या ड्राफ्ट वसूल करने की लागत भी इसमें शामिल होगा । चैक या ड्राफ्ट उसी शहर के बैंकों की शाखाओं पर आहरित होने चाहिए जहां ट्रस्ट के शाखा कार्यालय हैं और उस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

(2) यदि भुगतान चैक द्वारा किया गया है तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट द्वारा चैक प्राप्त करने की तिथि होगी, बशर्ते कि चैक की राशि की वसूली हो जाए । यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया गया हो, तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट जारी करने की तारीख होगी, बशर्ते कि ऐसे ड्राफ्ट की राशि की वसूली हो जाए, परन्तु ट्रस्ट को आवेदन पत्र ऐसे समय के भीतर प्राप्त हो जाए जो ट्रस्ट द्वारा उचित समझा जाए । यदि आवेदित यूनिटों के भुगतान के लिए अदा की गयी राशि आवेदित यूनिटों के लिए दी राशि और अन्य देय प्रभार से कम हो तो आवेदक को उतने ही यूनिट जारी किए जाएंगे जो 50,000 यूनिटों के गुणकों में हों (न्यूनतम 1 लाख यूनिटों तक) और आवेदित संख्या के आसपास हों । तथा शेष राशि यदि कोई हो, उसको उसके खर्च पर वापस की जाएगी ।

(3) आवेदन पत्र स्वीकार या अस्वीकार करने का ट्रस्ट का अधिकार योजना के अंतर्गत यूनिट जारी करने के लिए आवेदन पत्र स्वीकार करने और/या अस्वीकार करने का एकमात्र स्वविवेकाधिकार ट्रस्ट का होगा । योजना के अंतर्गत आवेदन करने की किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के संबंध में ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा ।

(4) अपूर्ण आवेदन पत्र निरस्तीकरण के भागी होंगे।

यदि आवेदन पत्र अपूर्ण पाया जाए तो उसे रद्द किया जा सकेगा और ट्रस्ट यथाशीघ्र बिना किसी देयता के चाहे वह ब्याज के लिए हो या अन्य कोई राशि हो, आवेदन राशि वापस कर देगा । आवश्यक परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताओं का अनुपालन किए जाने के बाद राशि वापस की जाएगी ।

(5) यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना के अंतर्गत अपेक्षाओं का अनुपालन करना होगा ।

योजना के अंतर्गत यूनिटों के लिए आवेदन करने वाली संस्थाओं को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी जैसे ट्रस्ट द्वारा आवेदन करने पर न्यास विलेख, यूनिट खरीदने के लिए प्रबंध निकाय का संकल्प, समितियों द्वारा आवेदन करने पर उप-नियम और प्रबंध समिति का संकल्प आदि। यह निवेशकों की श्रेणी पर निर्भर होगा । ट्रस्ट की संतुष्टि के लिए ऐसी अपेक्षाओं का पालन करना या न करना ट्रस्ट के पूर्ण स्वविवेक पर निर्भर होगा ।

कोई संस्था गलत घोषणा कर यूनिट रखेगी तो वह सदस्यता निरस्त किए जाने की भागी होगी और उसका नाम यूनिट धारकों की पूंजी से काट दिया जाएगा ।

ऐसी स्थिति में ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह 25% जुर्माने के तौर पर घटाकर यूनिटों की पुनर्खरीद सममूल्य पर या ऐसे मूल्य पर कर ले जो ट्रस्ट द्वारा तय किया जाए और गलती से किए गए आय वितरण के भुगतान की वसूली पुनर्खरीद राशि से कर ले और शेष राशि वापस कर दे ।

इस राशि पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा, चाहे ट्रस्ट को पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि प्रेषित करने में कितना भी समय लगे ।

7. राशि जुटाने का न्यूनतम लक्ष्य

योजना के अंतर्गत एकत्र की जाने वाली लक्ष्य राशि का लक्ष्य 50 करोड़ रुपए होगा । अत्यभिदान यदि कोई हो तो उसे ट्रस्ट द्वारा रखा जाएगा । यदि राशि का 60% का अभिदान नहीं होता है तो ट्रस्ट आवेदकों को खाता चैक/प्रत्यर्पण आदेश द्वारा योजना के अंतर्गत संग्रहीत पूरी राशि को यूनिटों की बिक्री समाप्ति तिथि से 6 हफ्तों या उसके पहले वापस करेगा ।

उक्त अनुबद्ध अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में बिक्री बंद होने की तिथि से 6 सप्ताहों की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा ।

8. खर्चों पर सीमा

योजना के अंतर्गत एकत्र निधि का निर्गम पूर्व व्यय 3.5% से अधिक नहीं होगा । योजना के प्रारंभिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :—

व्यय का शीर्षक	
मुद्रण और डाक	0.75%
प्रचार और विपणन	0.75%
कमिशन/प्रोत्साहन भुगतान	1.00%
प्रशासनिक व्यय	0.50%
विविध	0.50%
योग	3.50%

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये का कम से कम 96.5 पैसा इस योजना में निवेश किया जाएगा। प्रारंभिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य का 2% से अधिक नहीं होगा। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं :-

व्यय का शीर्षक	
प्रशासनिक व्यय	1.0%
अभिरक्षण शुल्क	0.5%
विकास आरक्षित निधि	0.1%
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.1%
लेखा शुल्क	0.2%
अन्य व्यय	0.1
योग	2.0

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों में परस्पर परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं फिर भी सेबी (म्यूचुअल फण्ड) विनियम, 1993 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 3.5% की सीमा के भीतर तथा आवर्ती व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध मूल्य के 2% की सीमा के भीतर ही होगा। इसके अलावा प्रशासनिक व्यय, विकास आरक्षित निधि में अंशदान लेखा वर्ष के दौरान योजना के साप्ताहिक औसत एन ए वी के 1.25% से अधिक नहीं होगा।

9. यूनिट की बिक्री :

पंशकश अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी।

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री संविदा स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। ट्रस्ट इसके बाद 50,000 यूनिटों के लाट में यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा। प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने या गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगी।

यूनिट ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट/सोसायटी/निगमित निकाय को जारी यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट/सोसायटी/निगमित निकाय के नाम पर ही होगा। यूनिट ट्रस्ट यूनिट प्रमाण-पत्र को यथाशीघ्र लेकिन यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से दस सप्ताहों के भीतर भेजने का प्रयत्न करेगा।

10. इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(क) मूल्यांकन की तारीख को बंबई स्टाक एक्सचेंज के अंतिम मूल्यों पर सूचीबद्ध प्रतिभूतियों का मूल्यांकन किया जाएगा। जो प्रतिभूतियाँ बम्बई स्टाक एक्सचेन्ज में सूचीबद्ध नहीं होंगी उनका मूल्यांकन उनके प्रमुख स्टाक एक्सचेन्ज के अंतिम मूल्यों पर किया जाएगा।

यदि मूल्यांकन की तारीख से पूर्व एक माह से अधिक अवधि तक प्रतिभूतियों का व्यवसाय नहीं किया गया होता तो ऐसी प्रतिभूति के मूल्यांकन की विधि ट्रस्ट द्वारा, जैसा उचित प्रतीत हो, तय की जाएगी ताकि बोर्ड द्वारा अनुमोदित मूल्यांकन की विधि के अनुसार इसका सही प्राप्य मूल्य बताया जा सके।

(ख) मुद्रा बाजार लिखत तथा डिबेंचर सहित अन्य नियत आयवाली लिखतों का मूल्यांकन, वर्तमान आय और समतूल्य लिखतों के परिपक्वता मूल्य के आधार पर अथवा ट्रस्ट जैसा उचित समझे उस तरीके से किया जाएगा।

(ग) अन्य सभी आस्तियां जिनका मूल्यांकन पूर्वोक्तानुसार न किया जा सके, उनका मूल्यांकन बही मूल्य पर किया जाएगा और यदि वह उपलब्ध न हो तो ट्रस्ट द्वारा उचित समझी गयी विधि से किया जाएगा।

(घ) जो प्रतिभूतियां सूचीबद्ध नहीं हों उनका सही मूल्यांकन बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित की गई नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

आस्तियों का मूल्यांकन सेबी द्वारा यथासमय निर्धारित दिशानिर्देशों और विनियम के अधीन होगा।

11. शुद्ध आस्ति मूल्य का निर्धारण :

योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य का निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। इस एनएवी का (पूर्ववर्ती आधार पर) आरम्भ में पहले वर्ष के दौरान कम-से-कम 2 दैनिक समाचार-पत्रों में प्रत्येक 3 महीने में एक बार प्रकाशित किया जाएगा। अवरुद्ध अवधि समाप्त होने के बाद 1 अक्तूबर, 1996 से प्रत्येक सप्ताह या सेबी द्वारा अनुमोदित अंतराल में एनएवी घोषित की जाएगी। शुद्ध आस्ति मूल्य का मूल्यांकन सेबी द्वारा यथासमय निर्धारित विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन होगा।

12. निवेश उद्देश्य और नीतियां :

(1) योजना के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का अधिक से अधिक 20% इक्विटी और इक्विटी सम्बद्ध लिखतों में और शेष का ऋण और मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश किया जाएगा। उपर्युक्त में किसी बात के अन्यथा होते हुए, सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश के अंश को बढ़ाया भी जा सकता है।

(2) संविभाग की संरचना के बारे में विनिर्णय ट्रस्ट के विवेकाधीन होगा जो निवेशकों के हितों को ध्यान में रखते हुए निवेश पर प्रतिबंधों और आय वितरित करने पर निर्भर करेगा।

(3) सभी ऋण लिखतें जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाना है, उनके निवेश ग्रेड का निर्धारण सीआरआईएसआईएल/आईसीआरए/सीएआरई या समय-समय पर मान्यताप्राप्त किसी अन्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

परन्तु यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा ।

(4) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिया जाएगा।

(5) निजी रूप से नियोजित डिबेंचरों, प्रतिभूत ऋणों और अन्य अनुद्धृत ऋण लिखतों के जरिए किया गया निवेश योजना की कुल आस्तियों के 40% से अधिक नहीं होगा ।

(6) यह योजना अपने निकाय का 5% से अधिक किसी एक कम्पनी के शेयरों में निवेश नहीं करेगी ।

(7) इस योजना सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 10% से अधिक किसी एक कंपनी के शेयरों, अथवा डिबेंचरों अन्य प्रतिभूतियों में निवेश किया जाएगा।

(8) इस योजना की यूनिट ट्रस्ट की निधियों सहित सभी योजनाओं की निधियों का 15% से अधिक किसी एक उद्योग के शेयरों अथवा डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा।

परन्तु यह प्रावधान उस योजना को लागू नहीं होगा जो एक अथवा अधिक विशिष्ट उद्योगों में निवेशों के लिए जारी की गई है और उस आशय की घोषणा प्रस्ताव-पत्र में की गई है।

(9) इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब :

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पष्ट आधार पर किए गए हों ।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं।

(ग) सूचीबद्ध या उधृत न किए गए निवेशों का अंतरण यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा ।

(10) यह योजना यूटीआई की किसी अन्य योजना/प्लान में निवेश नहीं करेगी अथवा उसे उधार नहीं देगी।

(11) यह योजना अपने निवेशों के वित्त पोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी ।

12. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) (1) अवरुद्ध अवधि एक वर्ष अर्थात् 30 सितम्बर, 1996 तक की होगी । योजना के पहले वर्ष के दौरान यूनिटों की कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी। पुनर्खरीद मूल्य एनएवी (शुद्ध आस्ति मूल्य) आधारित मूल्य पर होगा और पहले वर्ष के दौरान प्रारंभ में प्रत्येक 3 महीने में एक बार घोषित किया जाएगा । अवरुद्ध अवधि समाप्त होने पर पुनर्खरीद मूल्य प्रत्येक सप्ताह में एक बार घोषित किया जाएगा जो 1/10/96 से आरम्भ होगा ।

आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति तभी दी जाएगी बशर्ते कि ऐसे की गई पुनर्खरीद से यूनिटधारक की यूनिटधारिता पचास हजार यूनिटों के गुणकों के अतिरिक्त किसी दूसरे रूप में न हो।

पूर्ण रूप से भरे हुए पुनर्खरीद फार्म के साथ यूनिट प्रमाण-पत्र प्राप्त होने पर पुनर्खरीद की जाएगी ।

(2) यूनिटधारक को यूनिटों को पुनर्खरीद के लिए पेश करने के लिए कोई आवश्यकता नहीं होगी जैसे कि ऊपर उप-खंड 1(1) में उल्लेख किया गया है और वह योजना चालू रहने के दौरान अपनी इच्छानुसार उसका धारण कर सकता है।

(2) स्वीकृति तिथि को पुनर्खरीद के लिए संविदा समाप्त मानी जाएगी।

(3) यूनिट ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद गए यूनिटों के लिए स्वीकृति तिथि के बाद जितना जल्दी हो सके भुगतान किया जाएगा । भुगतान ऐसे ढंग से किया जाएगा जैसा आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र में सूचित किया गया हो। आवेदक को देय राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज अदा नहीं किया जाएगा और प्रेषण का खर्च (डाक खर्च सहित) या डाक द्वारा भेजे गए ड्राफ्ट या चेक की वसूली का खर्च आवेदक द्वारा ही वहन किया जाएगा।

(4) पुनर्खरीद किए गए यूनिटों को पुनः जारी नहीं किया जाएगा ।

(5) पुनर्खरीद प्रक्रिया में परिवर्तन का अधिकार ट्रस्ट द्वारा निर्धारित निधियों और दिशानिर्देशों के अधीन होगा ।

13. यूनिटों की बिक्री और पुनर्खरीद पर प्रतिबंध

योजना के विलेख की शर्तों में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की खरीद या पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा।

(1) ऐसे दिन, जो कार्य दिवस न हो, और

(2) ऐसी अवधि में जब बही और लेखों की अर्ध-वार्षिक/वार्षिक बंदी (जब ब्याज घोषित किया) के संबंध में यूनिटधारकों की पंजी बंद हो।

स्पष्टीकरण :

इस योजना के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो :

(1) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और/या

(2) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बंद रहेगा ।

15. बिक्री या पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि को होगी :

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की प्रत्येक बिक्री और पुनर्खरीद स्वीकृत तिथि के अनुसार उस दिन को प्रचलित मूल्य पर होगी।

16. पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

पुनर्खरीद मूल्य निर्धारित करने के बाद यूनिट ट्रस्ट जितना जल्दी संभव हो ऐसी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य को दो दैनिक अखबारों में प्रकाशित करेगा।

17. यूनिट प्रमाण-पत्र का फार्म :

यूनिट प्रमाण-पत्र ऐसे फार्म में होगा जैसाकि अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा निश्चित किया जाएगा। प्रत्येक यूनिट प्रमाण-पत्र पर विभेदक संख्या, यूनिटों की संख्या जिनके लिए प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो तथा यूनिटधारक का नाम होगा।

18. यूनिट प्रमाण-पत्र तैयार करने की विधि :

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाण-पत्र उत्कीर्ण या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट द्वारा विधिवत् रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षरित होगा। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिक विधि से लगाया जाएगा। जब तक यूनिट प्रमाण-पत्र इस रूप से हस्ताक्षरित नहीं होगा, तब तक वह वैध नहीं होगा। इस रूप में हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाण-पत्र इस बात के होते हुए भी वैध और बाध्यकारी होगा कि उसे जारी करने से पहले कोई व्यक्ति जिसका हस्ताक्षर उस पर है, ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाण-पत्र हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति न रहा हो।

परन्तु इस रूप में तैयार किया गया यूनिट प्रमाण-पत्र जिसमें प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हैं, प्रमाण-पत्र जारी होने के समय जिसकी मृत्यु हो जाती है, तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सबसे उचित समझता है, प्रमाण-पत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर करा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाण-पत्र भी वैध होगा।

19. जब प्रमाण-पत्र के कट-फट जाने, विरूपित हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया :

(1) यदि कोई यूनिट प्रमाण-पत्र कट-फट जाता है या घिस-पिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामलों में ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार हकदार व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाण-पत्र जारी कर सकता है जिसमें यूनिटों की वही संख्या हो जो कट-फट गए, घिस-पिट गए या विरूपित हो गए प्रमाण-पत्र में हो। यूनिट प्रमाण-पत्र के खो जाने, चोरी होने या नष्ट होने के मामले में, यूनिट ट्रस्ट अपने विवेकाधिकार पर, उसके बदले में हकदार व्यक्ति को नया यूनिट प्रमाण-पत्र जारी कर सकता है। कोई भी नया यूनिट प्रमाण-पत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक ने पहले ही :

(1) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के कटे-फटे होने, फटा पुराना हो जाने, विरूपित होने, खो जाने, चोरी या नष्ट हो जाने के संतोषजनक साक्ष्य यूनिट ट्रस्ट को प्रस्तुत नहीं किये हों;

(2) तथ्यों की जांच से संबंधित सभी खर्चों का भुगतान कर दिया हो;

(3) कट-फट जाने या फटा-पुराना हो जाने या विरूपित होने के मामले में) कटे-फटे, फटे-पुराने या विरूपित यूनिट प्रमाण-पत्र प्रस्तुत और सुपुर्द नहीं कर दिया हो, तथा;

(4) यूनिट ट्रस्ट की अपेक्षानुसार उसे क्षतिपूर्ति प्रस्तुत नहीं कर दी हो।

इस खण्ड के उपबंधों के अनुसार यूनिट ट्रस्ट सद्भावपूर्वक ऐसा प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए कोई देयता नहीं उठाएगा।

(2) इस खण्ड के उपबंधानुसार प्रमाण-पत्र करने के पहले ट्रस्ट यह अपेक्षा कर सकता है कि आवेदक यूनिट प्रमाण-पत्र के लिए ट्रस्ट द्वारा निर्गत प्रति यूनिट प्रमाण-पत्र के लिए पांच रुपये के शुल्क के साथ, जो ट्रस्ट की राय में कर और ऐसे प्रमाण-पत्र के निर्गम और प्रेषण के संबंध में देय डाक पंजीकरण, प्रचार सहित अन्य खर्च पूरा करने के लिए पर्याप्त हो, का भुगतान करे।

20. यूनिटधारकों की पंजी :

यूनिटधारकों के पंजीकरण के संबंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :—

(1) ट्रस्ट द्वारा यूनिटधारकों की पंजी रखी जाएगी और पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे :—

(क) यूनिटधारकों के नाम और पते;

(ख) हरेक ऐसे यूनिटधारकों द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) वह तिथि जब ऐसा यूनिटधारक अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया।

(2) यूनिटधारक की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी। ट्रस्ट द्वारा ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा।

(3) केवल पंजी बंदी को छोड़कर, इसमें इनके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कार्य-समय के दौरान (यूनिट ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) यूनिटधारक के निःशुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी।

(4) यूनिट ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बंद रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 45 दिनों से अधिक समय के लिए बंद नहीं रहेगी। यूनिट ट्रस्ट समाचार-पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बंदी की सूचना देगा।

(5) यूनिट धारक के सिवाय किसी व्यक्ति के किसी यूनिट से संबंधित यूनिटधारक के सिवाय कोई स्पष्ट निहित और रचनात्मक सूचना और कोई हकाधिकार पंजी में दर्ज नहीं किया जाएगा।

21. यूनिटधारक द्वारा नामांकन

यूनिटधारक द्वारा प्रदत्त राशि के लिए जारी यूनिट प्रमाण-पत्र के यूनिटों के संबंध में उसके द्वारा दिया गया रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा ।

22. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखना/समनुदेशन :

योजना आरम्भ होने के 3 महीनों की अवरुद्ध अवधि के बाद अर्थात् 1 जनवरी, 1996 से निम्नलिखित शर्तों के अधीन यूनिटों के अंतरण/गिरवी रखने/समनुदेशन के लिए अनुमति दी जाएगी :—

(1) प्रत्येक यूनिटधारक को उसकी द्वारा धारित यूनिटों अथवा कुछ यूनिटों का अंतरण करने का हक होगा और वह ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित फार्म पर लिखित रूप में लिखत द्वारा किया जाएगा। परन्तु यदि एसे पंजीकरण से अंतरणकर्ता या अंतरिती ऐसे यूनिटों के धारक बनते हैं जहां यूनिटों की संख्या 50,000 के गुणक में नहीं है तो अंतरण पंजीकृत नहीं किया जाएगा ।

परन्तु यह कि केवल खण्ड 4 में उल्लिखित श्रेणियों के व्यक्तियों को छोड़कर, किसी अन्य को अंतरण नहीं किया जाएगा ।

(2) अंतरण की प्रत्येक लिखत अंतरणकर्ता और अंतरिती द्वारा हस्ताक्षरित होगी और अंतरणकर्ता उस समय तक अंतरित यूनिटों का धारक होगा जब तक कि रजिस्टर में अंतरिती के नाम का प्रविष्ट नहीं हो जाती ।

(3) अंतरण की प्रत्येक लिखत संबंधित यूनिट प्रमाण-पत्रों के साथ यूनिट ट्रस्ट की किसी भी शाखा में प्रस्तुत किए जा सकते हैं ।

(4) अंतरण की प्रत्येक लिखत विधिवत रूप से स्टाम्प की जाएगी (यदि कोई की अंतरण स्टाम्प करना आवश्यक हो) और उस ट्रस्ट को पंजीकरण के लिए संबंधित यूनिट प्रमाण-पत्र/पत्रों के साथ दिया जाएगा और अंतरणकर्ता के हक के संबंध में अथवा यूनिटों का अंतरण करने के उसके अधिकार के संबंध में ट्रस्ट जैसा साक्ष्य चाहेगा, उसे भी प्रस्तुत करना होगा । ट्रस्ट ऐसे यूनिट प्रमाण-पत्रों को प्रस्तुत करने में छूट दे सकता है जो खो गए हों, चुरा लिए गए हों अथवा नष्ट हो गए हों । इसके लिए अंतरणकर्ता को उन अपेक्षाओं को पूरा करना होगा जो उनके स्थान पर जारी करने हेतु उसके द्वारा किए गए आवेदन पर उत्पन्न हुई होंगी ।

(5) यदि अंतरिती विधि के परिचालन से या आधिकारिक क्षमता के कारण यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अथवा पात्र होने पर ऐसे साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण, जिसे ट्रस्ट की शाखा पर्याप्त समझे, के अधीन ट्रस्ट की शाखा अंतरण को लागू करेगी ।

(6) जब यूनिट अधिकारिक नाम से जारी किए जाते हैं तो वे कार्यालय के प्रत्येक धारक से कार्यालय में उसके उत्तराधिकारी धारक के नाम बिना किसी अंतरण लिखत के अंतरित माने जाएंगे, और यह अंतरण उस तिथि को या उस तिथि से होगा जब दूसरा धारक कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करता है ।

(7) जब कार्यालय का धारक इस प्रकार से धारित यूनिटों का अंतरण ऐसे व्यक्ति के नाम करता है जो कार्यालय में उसका उत्तराधिकारी न हो, तो अंतरण लिखत द्वारा अंतरण किया जाएगा, जो कार्यालय के धारक द्वारा हस्ताक्षरित होगा और उस पर कार्यालय की मोहर होगी ।

(8) अंतरण की सभी लिखतें, जो पंजीकृत हो सकती हैं, ट्रस्ट द्वारा प्रक्रिया संबंधी और परिचालनगत आवश्यकताओं को पूरा करने तक रोक ली जाएंगी ।

(9) ट्रस्ट अंतरिती संबंधी ब्यौरों को यूनिट प्रमाण-पत्र के पीछे पर इस प्रयोजन के लिए दी गयी जगह पर पृष्ठांकित करेगा ।

(10) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट प्रमाण-पत्र और अंतरण संबंधी लिखतें प्रस्तुत करने के 30 दिनों के भीतर अंतरण का पंजीकरण करेगा और अंतरिती को प्रमाण-पत्र वापस करेगा।

23. आवेदन और अंतरण फार्म पर अटर्नी द्वारा हस्ताक्षर

यदि मुख्तारनामा पहले से ही ट्रस्ट की बहियों में पंजीकृत नहीं हो और यदि किसी आवेदन-पत्र या अंतरण-पत्र पर मुख्तारनामा रखने वाला कोई व्यक्ति जिसे ऐसा करने का अधिकार दिया गया हो, हस्ताक्षर करे तो मूल मुख्तारनामा या उसकी विधिवत् नोटरीकृत प्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन-पत्र या अंतरण-पत्र के साथ जैसा भी मामला हो प्रस्तुत करनी चाहिए।

24. आय वितरण की दर

ट्रस्ट पहले वर्ष के लिए 15% प्रति वर्ष की न्यूनतम लक्षित दर पर लाभ का भुगतान करने का प्रस्ताव करता है । यह समानुपातिक आधार पर जुलाई 1996 में देय होगा । पहले वर्ष के लिए लाभांश दैनिक आधार पर परिकलित किया जाएगा, जो सम्मिलित होने की तिथि पर निर्भर करेगा। बाद के वर्षों के लिए लाभांश का घोषणा वर्ष के अंत से पूर्व की जाएगी; जो प्रति वर्ष जनवरी और जुलाई में देय होगी।

25. यूनिटधारकों को भुगतान

(1) वर्ष के दौरान अर्जित लाभों का कम से कम 90% यूनिटधारकों को लाभांश के रूप में वितरित किया जाएगा ।

लाभांश घोषित करने से पहले ट्रस्ट निवेश पर मूल्यह्रास का प्रावधान करेगा और अपने लेखा परीक्षकों को संतुष्ट करते हुए संदिग्ध एवं अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान भी करेगा और लेखों की टिप्पणियों में मूल्यह्रास की पद्धति भी सूचित करेगा । ट्रस्ट पहले वर्ष के लिए न्यूनतम 15% प्रति वर्ष की दर से लक्षित लाभांश समानुपातिक आधार पर जुलाई 1996 में अदा करेगा । कम मार्केटिंग तथा सेवा प्रभार और निवेश उद्देश्य और योजना की प्रचलित नीतियों तथा लिखतों से अनुमानित लाभ, जिनमें प्लान की निधियों का निवेश किया जाएगा, के आधार पर योजना पहले वर्ष में निवेशकों के लिए 15% प्रति वर्ष की दर से न्यूनतम लक्षित लाभांश अदा करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न कर सकेगी। वर्तमान में नियत आय प्रतिभूतियों से प्राप्त लाभ 16% से 16.5% के बीच है और "परिपक्वता पर लाभ" 18% से 19% के बीच है । ईक्विटी निवेशों से अनुमानित लाभ कम से कम 20% प्र. व. होगा । इस तरह ट्रस्ट को निवेशकों को 15% प्र. व. की दर से न्यूनतम लक्षित लाभ देना संभव होगा । बाद के प्रत्येक वर्ष के लिए लाभांश दर योजना

को आय पर और संबंधित कारकों पर निर्भर करेगा और अर्ध-वार्षिक आधार पर प्रत्येक वर्ष जनवरी/जुलाई में भुगतान किया जाएगा। ट्रस्ट लाभांश घोषित करने के 42 दिनों के भीतर उसे प्रेषित करने का प्रयत्न करेगा।

(2) यूनिटों के संबंध में जिसका वह धारक है ट्रस्ट द्वारा घोषित कोई आय प्राप्त कर धारण करना यूनिट धारक के लिए वैध होगा, भले ही उसके द्वारा किसी प्रतिफल हेतु यूनिट अंतरित कर दिए गए हों तथापि जब तक अंतरिती या अंतरणकर्ता से आय का दावा करता है, आय के देय होने के 15 दिनों के भीतर प्रमाणपत्र और अंतरण से संबंधित अन्य सभी दस्तावेज, जो प्रावधानों के अंतर्गत या अन्य रूप से उसके नाम में पंजीकृत करने के लिए ट्रस्ट द्वारा मांगे जाएं, उन्हें प्रस्तुत नहीं कर देगा।

स्पष्टीकरण :—इस उप-खण्ड में निर्दिष्ट अवधि निम्नलिखित मामलों में विस्तारित की जाएगी :—

(1) अंतरण विलेख के चोरी होने या अंतरणकर्ता के नियंत्रण के बाहर की परिस्थिति में अन्य किसी कारण से खो जाने की स्थिति में उसके स्थान पर दूसरा प्राप्त करने में व्यतीत हुई वास्तविक अवधि के द्वारा; और

(2) कोई प्रमाणपत्र दाखिल करने में हुए विलम्ब और अंतरण के संबंध में अन्य दस्तावेजों को डाक द्वारा देरी से पहुंचने के संबंध में हुए विलम्ब की वास्तविक अवधि के द्वारा।

(3) इसमें ऊपर उल्लिखित किसी भी बात के होने के बावजूद ऐसी यूनिटों के संबंध में, जिसका वह धारक है, यूनिटधारक को देय किसी भी आय का भुगतान करने का ट्रस्ट का अधिकार प्रभावित नहीं होगा।

(4) यूनिटधारकों में वितरित की जाने वाली ऐसी आय पर ट्रस्ट द्वारा कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।

तथापि, ट्रस्ट योजना के अंतर्गत स्थापित प्रारक्षण निधि पर निर्भर करते हुए और उचित परिस्थितियों के होने पर यूनिट धारक द्वारा लाभांश के किसी विलम्ब पर किए दावे पर जैसा कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया जाएगा उस रूप में और रीति से यूनिटधारक को मुआवजा देगा।

(5) यूनिटधारकों में वितरित की जाने वाली आय चेक या यूनिट ट्रस्ट के बैंकरों के नाम आहरित वारंट या यूनिटधारक के विकल्प पर, बैंक ड्राफ्ट द्वारा अदा की जाएगी। उक्त बैंक ड्राफ्ट के प्रभार यूनिटधारक द्वारा वहन किए जाएंगे।

आय वितरण वारंटों के खो जाने/गलत स्थान पर पहुंचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिए आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा पावती रसीद वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात् खाते का प्रकार एवं खाता संख्या, बैंक का नाम) दें। तब आय वितरण वारंट इस प्रकार से निर्दिष्ट किए गए उनके खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जाएंगे।

यूनिटधारक कथित बैंक में अपने खाते में जमा करने हेतु उस आय वितरण वारंट को प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि बैंक सम्बंधी पूरा विवरण नहीं दिया जाता है तो आय वितरण वारंट यूनिटधारक के नाम जारी किए जाएंगे।

26. आय वितरण का और यूनिटों में पुनर्निवेश :

यूनिटों के लिए आवेदन करते समय या उसके बाद यूनिटधारक को यूनिटों के संबंध में प्राप्त होने वाली आय को और यूनिटों में पुनर्निवेश करने का विकल्प होगा। ऐसे विकल्प का प्रयोग करने की स्थिति में वितरित की जानेवाली पूर्ण आय खण्ड 25 में दी गयी राशि से यूनिटधारक को अदा करने जाने के बजाय, कर कटौती के बाद यदि कोई हो यूनिट ट्रस्ट द्वारा अगले/उसी वर्ष के जुलाई/जनवरी के पहले सप्ताह में प्रकाशित एन ए वी आधारित मूल्य पर यूनिटों में पुनर्निवेशित की जाएगी।

वितरण योग्य लाभांश, कर कटौती, यदि कोई है, और उसके बदले आबंटित यूनिटों का ब्यौरे सहित एक विवरणी यूनिट धारक को भेजी जाएगी। इस तरह आबंटित यूनिटों के संबंध में किसी भी यूनिटधारक का यूनिट प्रमाणपत्र जारी करने की मांग करने का हक नहीं होगा। यूनिटधारक जिसने पूर्वोक्तानुसार पुनर्निवेश सुविधा का विकल्प चुना है, उसके द्वारा लिखित आवेदन तथा अंतिम जारी विवरणी को अभ्यर्पित करने पर पुनर्खरीद की अनुमति प्रदान करने वाले खण्ड की शर्तों के अनुसार उसे उस समय पुनर्खरीद मूल्य पर यूनिटों को पुनर्खरीद की अनुमति दी जा सकती है। जिन यूनिटधारकों ने पुनर्निवेशित यूनिटों की पुनर्खरीद की हो, वे उत्तरवर्ती वर्षों के लिए वितरण योग्य आय के संबंध में पुनर्निवेश सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस खण्ड के अंतर्गत पुनर्निवेश सुविधा के अधीन आबंटित यूनिट न्यूनतम 1 लाख यूनिटों का धारण और इसके बाद 50,000 यूनिटों के गुणकों में धारण तथा 50,000 यूनिटों के गुणकों में पुनर्खरीद और अन्य मामलों के संदर्भ में नियंत्रित करनेवाली शर्तों और प्रावधानों के अधीन नहीं होगी।

27. विकास प्रारंभिक निधि (डी आर एफ) में अंशदान : प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक आस्ति शुद्ध आस्ति मूल्य के 0.10% की दर से विकास प्रारंभिक निधि में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। डी आर एफ में अंशदान आवर्ती व्ययों का ही अंश होगा।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नयी योजनाओं को लागू करने के संदर्भ में अनुसंधान और विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं की अवधारणा के स्तर पर प्रदर्शन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, उन्हें भी करने में होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों, जो किसी योजना से जुड़े हुए न हों तथा सामान्य संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य कार्यकलापों से संबंधित हों, के लिए भी किया जा सकता है।

27.ए. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान : प्रत्येक वर्ष शुद्ध आस्ति मूल्य के साप्ताहिक आस्ति मूल्य का 10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा।

ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।

28. योजना के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना :

जो व्यक्ति यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा यूनिटधारक के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसी यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिए ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और किसी विपरीत नोटिस से या न्यास निष्पादन की नोटिस से उस बात को छोड़कर जैसा इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया हो या सक्षम प्राधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया हो कि इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करनेवाले किसी न्यास या ईक्विटी या अन्य हित को मान्यता दी जाए, बाध्य नहीं होगा ।

29. लेखों का प्रकाशन :

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष के 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि का योजना के कार्यों का विवरण होगा। ट्रस्ट सेबी और अन्यों को विधिवत रूप से लेखा परीक्षित तुलन-पत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और लाभ हानि लेखा तथा अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार चढ़ाव का एक तिमाही विवरण और पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित तिमाही पोर्टफोलिओ विवरण भेजेगा । ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पहलों के बारे में हो और जिसका सूचित किया जाना आवश्यक हो ।

ट्रस्ट, सदस्य से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर उसे प्रकाशित विवरणों और लेखों की एक प्रति भेजेगा ।

30. योजना में परिवर्तन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्तन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किए गए परिवर्तन संशोधन को सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा ।

यदि कोई संशोधन करना हो तो सेबी से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना होगा ।

31. योजना की समाप्ति :

(क) योजना पूर्ण रूप से 30-9-2000 को समाप्त हो जाएगी। यूनिटधारकों के बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी और यूनिट धारक को उनके यूनिटों के मूल्य की अदायगी उक्त अवधि के दौरान अंतिम पुनर्खरीद के लिए निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी ।

निर्धारित अंतिम पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के बाद की किसी अवधि के लिए पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या लाभांश के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा ।

फिर भी ट्रस्ट लिखित रूप में सेबी की पूर्व अनुमति से इस योजना को 5 वर्षों से आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है । ऐसी स्थिति में यूनिटधारकों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को वापस ट्रस्ट को बेच दें अथवा इस योजना में बने रहें । ट्रस्ट द्वारा निवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को धारक की गई अथवा उस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित कर सके ।

(ख) ट्रस्ट योजना को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(1) योजना के 5 वर्ष पूरे होने पर अर्थात् 30 सितम्बर 2000 को अथवा आगे ऐसी तारीख की समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित हो ।

(2) कोई ऐसी घटना घटने पर और जिससे ट्रस्ट की राय में योजना की समाप्ति आवश्यक हो, या

(3) योजना के 75% यूनिटधारकों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(4) यूनिटधारकों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दें ।

(ग) जहां उपर्युक्त उपखंड (ख) के अधीन, योजना की समाप्ति की जाती है, तो ट्रस्ट को योजना को समाप्त करने की परिस्थितियों की सूचना सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और बम्बई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देनी होगी ।

(घ) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट—

(1) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा ।

(2) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को निर्मित और रद्द करना बंद करेगा ।

(3) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा ।

(ङ) न्यासी मंडल यूनिटधारकों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और महावाद द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा ।

(च) (1) न्यासी मंडल योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के यूनिट धारकों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा ।

(2) ऊपर दिए गए उप खंड (च) (1) के अनुसार की गयी बिक्री की राशि का पहले दृष्टांत में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन को किया उपयोग किया जाएगा जो योजना के अंतर्गत उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों की चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने की तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिटधारकों के हित के समानुपात में नकद शेष राशि का भुगतान किया जाएगा ।

(छ) समाप्ति पूरी होने पर ट्रस्ट सेबी और यूनिट धारकों को समाप्ति पर एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां जिनके कारण योजना समाप्त की गई, योजना की समाप्ति के पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम समाप्ति के लिए किया गया व्यय, यूनिट धारकों को वितरण को लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र होगा ।

(ज) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी (म्यूचुअल फण्ड) विनियम 1993 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे ।

(झ) खंड 31 (छ) तक संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट होता है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी ।

(ञ) ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र विधिवत् रूप से भरे हुए पुनर्खरीद फार्म के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा । पुनर्खरीद के लिए प्राप्त यूनिट प्रमाण-पत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हो, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए सुरक्षित रखे जाएंगे ।

32. यूनिट धारकों को लाभ :

योजना की समाप्ति के समय पंजी, प्रारक्षित निधि और अधिक राशि के संबंध में योजना में उपस्थित सभी लाभ केवल उन्हीं यूनिट धारकों को प्राप्त होंगे जो योजना की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिए यूनिट के धारक रहे हों ।

33. उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार :

योजना के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना के उपबंधों के अर्थ-निर्धारण का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला या योजना की मूल संरचना से विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा ।

34. उपबंधों में ढील :

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना के निर्बाध और सहज संचालन के लिए सेबी को सूचित करके इस योजना के किसी भी उपबंध में ढील दे सकता है, परिवर्तित या संशोधित कर सकता है, बशर्ते किसी यूनिट धारक या यूनिट धारक वर्ग के लिए ऐसा करना समीचीन हो ।

उपबंध में परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद ही किया जाएगा ।

35. योजना का यूनिटधारकों के लिए बाध्यकारी होना :

इस योजना की शर्तें के साथ-साथ समय-समय पर उनमें किए गए संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक यूनिट धारक और उसके माध्यम से दावा करनेवाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिए इस प्रकार बाध्यकारी होंगी, मानो वह योजना के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिए बाध्य हो ।

36. यूनिधारकों के अधिकार :

1. योजना के अधीन यूनिटधारक को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित लाभांशों में समानुपातिक अधिकार है ।

2. यूनिट धारक को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो तथा यूनिटधारक को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे ।

3. लाभांश की घोषणा किए जाने के 42 दिनों के भीतर यूनिट धारक लाभांश वारण्ट को प्रेषित किए जाने के हकदार होंगे।

4. यूनिटधारक को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अन्तर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है ।

कर छूट

प्रचलित आय कर अधिनियम के अन्तर्गत ।

उन मामलों में जहां पर निवेश करने वाली संस्थाएं निम्नलिखित हैं :

(1) धर्मार्थ और धर्मादा न्यास :

धर्मार्थ और धर्मादा न्यास की आय किसी भी वर्ष में आय कर से पूरी तरह मुक्त होगी यदि जिस वर्ष आय अर्जित की गई हो उसी वर्ष उसका 75% ट्रस्ट के किसी भी उद्देश्य के लिए खर्च किया गया हो (आय कर अधिनियम की धारा 11) इस प्रकार धर्मार्थ और धर्मादा न्यास वर्ष की आय का 25% को भविष्य के वर्षों में धमार्थ और धार्मिक उद्देश्यों पर खर्च करने के लिए अलग रख सकते हैं और आय कर से बच सकते हैं । यदि इस प्रकार अलग रखी गई आय उस वर्ष की आय के 25% से अधिक हो तो उस पर आय कर लगेगा । ऐसी अधिक आय, आय कर से मुक्त होगी, यदि उसका आयकर अधिनियम की धारा 11 (2) (ख) में उल्लिखित "स्वीकृत प्रतिभूतियों" में निवेश किया गया हो । यूटीआई के यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियों में से एक हैं । कोई धर्मार्थ और धर्मादा न्यास जो कि अपनी अतिरिक्त निधियों का यूनिटों में निवेश करता है, आय कर से छूट के योग्य होगा।

आय कर अधिनियम की धारा 13 के अनुसार आय कर अधिनियम की धारा 11 के अन्तर्गत कर में छूट के लिए योग्य एक शर्त यह है कि ट्रस्ट के धन और अन्य निधि का स्वीकृत प्रतिभूतियों में निवेश करना चाहिए । यूटीआई की यूनिटें स्वीकृत प्रतिभूतियों में से एक हैं ।

(2) धारा 23 ए ए में दर्शायी गयी कोई भी संगठित निधि/अन्य संस्थाएं : से प्रचलित कर विधि के अनुसरण में होगी ।

स्रोत पर कोई कर कटौती नहीं होगी

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 11 अथवा 12 अथवा 10(22) अथवा 10(22 ए) अथवा 10(23) अथवा 10(23 ए ए) या 10 (23 सी) के अन्तर्गत आने वाली पात्र संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्र में उपलब्ध कराए गए प्रारूप में घोषणा किए जाने के आधार पर उनसे स्रोत पर कर की कटौती नहीं की जाएगी ।

उपर्युक्त को छोड़कर अन्य संस्थाओं के मामले में स्रोत पर कटौती प्रचलित कर विधि के अनुसार होगी ।

धन कर

वित्तीय आस्तियां जैसे शेयर और भारतीय यूनिट ट्रस्ट और अन्य म्यूच्युअल फण्डों के यूनिट धन कर देयता से मुक्त हैं।

टिप्पणी : सांविधिक निगमों यथा आईडीबीआई और ऐसी ही अन्य संस्थाओं के संबंध में आयकर अधिनियम और धनकर अधिनियम के अन्तर्गत कर लाभ/छूट, अन्य बातों के साथ साथ उन्हें संचालित करने वाले विशेष अधिनियमों, यदि कोई हों, के प्रावधानों के अनुसरण में, संचालित होगी।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारत स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल चेंबर्स, बी विंग, नरीमन पाइंट, बम्बई-400021 में स्थित है।

अभिरक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत सभी योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित सम्पत्तियों की सुपुर्दगी लें और उन्हें अभिरक्षा खाते में धारित करें जो अभिरक्षकों तथा उनके मान्य ग्राहकों की आस्तियों से अलग हो।

अभिरक्षकों का यह प्रयास होगा कि वे योजनाओं/निधियों/प्लानों की सम्पत्तियों को ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत करें तथा वे उनकी सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करें। जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निर्देश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद, अन्तरण एवं लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर-विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक ब्यौरों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा। अभिरक्षक सभी सूचनाएं, रिपोर्टें अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएंगे।

लेखा परीक्षक

मैसर्स एस० के० मित्तल एण्ड कं०, ई/29, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट 2, नई दिल्ली 110049 और मैसर्स एस० के० कपूर एण्ड कं०, 16/98 एल० आई० सी० बिल्डिंग, दी माल, कानपुर 208001 को विकास बैंक द्वारा लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

निवेशकों की शिकायतें

ट्रस्ट की विभिन्न 59 योजनाओं में 48 मिलियन से भी अधिक निवेशक हैं। जुलाई 1994 से मार्च 1995 तक की अवधि के लिए प्राप्त कुल शिकायतों की संख्या और जिनका निवारण किया गया उनकी योजनावार संख्या नीचे दी गई है :—

	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	निवारणाधीन शिकायतें	निवारणाधीन शिकायतों का प्रतिशत
1	2	3	4	5
सतत खुली योजनाएं				
सी० सी० एफ०	511	455	56	10.96
सी० जी० जी० एफ०	10621	9611	1010	9.51
सी० जी० एस०	775	566	209	26.97
सी० आर० टी० एस०	130	42	98	67.69
गृहलक्ष्मी यूनिट प्लान 94	1163	808	355	30.52
एच० यू० एस०	263	136	127	48.29
आर० बी० पी० 95	84	1	83	98.81
राजलक्ष्मी यूनिट योजना	2501	1812	689	27.55
एस० सी० यू० पी०	326	233	93	28.53
यू० लिप०	7533	5394	2139	28.40
यू० एस० 64	113576	102440	11138	9.80
कुल	137483	121498	15985	11.63

1	2	3	4	5
नियतकालीन योजनाएं				
सी० जी० यू० एस० 91	13474	13314	160	1.19
डी० आई० यू० पी० 93	4155	3794	361	8.89
डी० आई० यू० एस० 90	3203	3142	61	1.90
डी० आई० यू० एस० 91	2778	2708	70	2.52
डी० आई० यू० एस० 92	1448	1388	60	4.14
जी० सी०जी० आई०	2143	1157	986	46.01
जी० आई० यू० एस० पूल	1494	1200	294	19.68
जी० एम० आई० एस० 91	7053	6787	266	3.77
जी० एम० आई० एस० 92	3094	2950	144	4.65
जी० एम० आई० एस० 92 (II)	4546	4053	493	10.84
जी० एम० आई० एस० बी 92	2700	2504	196	7.26
जी० एम० आई० एस० बी० 92 (II)	5315	5188	127	2.39
जी० एम० आई० एस० बी० 92	2700	2504	196	7.26
जी० एम० आई० एस० बी० 92 (II)	5315	5188	127	3.39
ग्रैंड मास्टर	6825	6197	628	9.20
आई० यू० एस० 82	39	15	14	48.28
आई० यू० एस० 85	11	9	2	18.18
मास्टर ग्रोथ	26957	25265	1692	6.28
एम० इ० बी० 91	9272	8462	810	8.74
एम० इ० पी० 92	26809	25868	941	3.51
एम० इ० पी० 93	5371	4900	471	8.77
एम० इ० पी० 94	8636	7805	931	8.50
एम० इ० पी० 95	17	13	4	23.53
मास्टर ग्रैम 92	114271	95823	18448	16.14
एम० आई० पी० 93	5774	5178	596	10.32
एम० आई० पी० 94	4435	4058	377	8.50
एम० आई० पी० 94 (II)	3150	2749	401	12.73
एम० आई० पी० 94 (III)	720	694	26	3.91
एम० आई० एस० पूल	2801	1874	927	33.10
एम० आई० एस० जी० 90 (I)	1664	1080	584	35.10

1	2	3	4	5
एम० आई० एस० जी० 90 (II)	22261	20945	1316	5.91
एम० आई० एस० बी० 93	3825	3577	248	6.48
एम० आई० एस० जी० 91	17839	16969	870	4.88
मास्टर प्लस 91	32818	28844	3974	12.11
मास्टर शेयर 86	23312	1105	22207	95.26
यू० जी० एस० 2000	18656	11401	7449	38.87
यू० जी० एस० 5000	6276	4671	1605	25.57
यू० एस० 92	7546	7385	161	2.13
विविध	1530	1119	411	26.86
योग	402202	334191	68011	16.91
कुल योग	538165	454570	93585	15.53

शिकायतों के निर्णयाधीन रहने के कारण :

(1) संग्रहणकर्ता बैंकों से आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना ।

(2) आवेदन पत्र में निवेशक का पता, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण ।

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना ।

(4) मार्ग में ही खो जाना ।

(5) डाक सेवा में विलम्ब ।

(6) अन्तरण/मृत्यु दावों/पुनर्खरीद के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना ।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्यौरा ।

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलम्ब से प्राप्त होना ।

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार पर भेजा जाना ।

शिकायतों/आपत्तियों के प्रकार के अनुसार ट्रस्ट निवेशक/बैंक/रजिस्ट्रार को उक्त का निवारण करने हेतु लिखता है । सभी निवेशक निवेश का पूर्ण ब्यौरा देते हुए अपनी शिकायतें निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं ।

श्री पी० पी० शास्त्री
महाप्रबन्धक
केन्द्रीय निवेशक सम्पर्क कक्ष
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
एस० एन० डी० टी० महिला विश्वविद्यालय बेसमेंट
द्वार क्र. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग
बम्बई-400020
दूरभाष : 2003960/2003953
फैक्स : (022) 2003855

रजिस्ट्रार

आवेदन पत्रों का प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात सेवाएं ट्रस्ट के बम्बई मुख्य शाखा कार्यालय द्वारा कामर्स सेन्टर-1, 28वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, कफ परेड, कोलाबा, बम्बई-400005 पर प्रदान की जाएंगी ।

यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि ट्रस्ट के पास आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग करने, प्रमाणपत्रों को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशकों की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त क्षमता है ।

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केन्द्रीय निवेशक सम्पर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एस० एन० डी० टी० महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट, द्वार नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, बम्बई-400020 में उपलब्ध किया जाएगा :—

*यूटीआई अधिनियम ।
*सामान्य विनियम ।
*अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और संग्रहणकर्ता बैंकों के साथ किए गए करार ।

सामान्य

सेबी (म्यूच्युअल फण्ड) विनियम 1993 के अनुसार म्यूच्युअल फण्डों की सभी नियतकालीन योजनाएं सूचीबद्ध होनी चाहिए। हमारी इस योजना की विशेष प्रकृति और प्रयोजन के मद्देनजर रखते हुए हमने सेबी को आवेदन किया है कि वह आई.आई.एस. एफ.यू.एस. 95 को सूचीबद्ध करवाने से छूट प्रदान करें । यदि हमारा अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाता है तो इस योजना के एनएसई और ओटीसीईआई में सूचीबद्ध करवाया जाएगा और यूटीआई विपणन योग्य लाट में प्रमाणपत्र जारी करेगा जो हस्तांतरणीय होंगे ।

हालांकि, निवेशकों को एक वर्ष के बाद पुनर्खरीद सुविधा उपलब्ध कराया जाना जारी रहेगा भले ही योजना सूचीबद्ध हो या न हो।

संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 9193 का विवरण

आरम्भ होने की तिथि : 1-3-1993

बिक्री बन्द होने की तिथि : 1-11-1993

अर्ध वार्षिक लाभांश : 16% प्र. व.
(जुलाई और जनवरी में)

संगृहीत राशि : 1276.87 करोड़ रु०

आवेदन पत्रों की संख्या : 518

संक्षिप्त वित्तीय सूचना (रुपये लाख में)

पूर्ववर्ती प्रति यूनिट सांख्यिकी	*1992-93	1993-94	1994-95 (अनुमानित)
(क) कुल आय	612.26	20681.77	23757.49
(ख) व्यय (संदिग्ध आस्तियों के लिए प्रावधान सहित)	200.04	@877.53	1910.00
(ग) शुद्ध आय (क—ख)	412.22	19804.24	21839.49
(घ) लाभांश 16% प्र० व० (अर्ध वार्षिक आधार पर देय)	0.00	19553.23	20745.00
(ङ) शुद्ध आस्ति मूल्य (प्रति यूनिट)			
अवधि के आरम्भ में	0.00	10.20	10.49
अवधि के अंत में	10.20	10.49	10.21
(च) मासिक शुद्ध आस्तियों के औसत का व्यय (%)	--	--	--
(छ) पोर्टफोलियो कुल विक्री दर	--	--	--
(ज) बाजार मूल्य			
(1) उच्चतम	--	--	--
(2) न्यूनतम	--	--	--
(झ) पुनर्खरीद मूल्य			
(1) उच्चतम	--	--	--
(2) न्यूनतम	--	--	--
(ञ) बिक्री मूल्य			
(1) उच्चतम	--	--	--
(2) न्यूनतम	--	--	--
(ट) अवधि के अंत में बकाया यूनिटों की संख्या (रु० लाख में)	2453.00	12768.74	12982.90

*1-3-93 से 30-6-93 की अवधि के लिए

व्यय	811.99
प्रावधान	65.63
	877.53

आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : कामर्स केन्द्र-1, 28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, बम्बई-400005, दूरध्वनि 2181099/2181254 पूर्वी अंचल : 2 फेयरली प्लेस, 2 मंजिल, कलकत्ता-700001, दूरध्वनि : 2209391/2205322 दक्षिणी अंचल : यूटीआई हाउस 29, राजाजी सालै, मद्रास-600001, दूरध्वनि : 517101 उत्तरी अंचल : जीवन भारती, 13वीं, मंजिल, टावर 2, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001, दूरध्वनि : 3329860/332858.

पश्चिमी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

अहमदाबाद : यूटीआई हाउस, मिथाकाली रेलवे पुल के पास, आश्रम रोड के समीप, अहमदाबाद-380009, दूरध्वनि : 403864 बड़ौदा : मंगलधनुष, चौथी और पांचवी मंजिल, ट्रान्सपेक सर्कल, रेस कोर्स रोड, बड़ौदा-390015, दूरध्वनि : 332481 भोपाल : 1ली मंजिल, गंगाजमुना कामर्सियल काम्पलेक्स, प्लाट नं. 202, महाराणा प्रताप नगर, अंचल 1, स्कीम 13, हबीब गंज, भोपाल-462001, दूरध्वनि : 558308 बम्बई (1) : यूनिट सं. 2, ब्लाक 'बी' जेवीपीडी शापिंग सेन्टर, गलमोहर क्रास रोड नं. 9, अंधेरी (पश्चिम), बम्बई-400049, दूरध्वनि : 6201995 बम्बई (2) : पर्सपोलिस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, आन्ध्र बैंक के ऊपर, सेक्टर 17, वाशी, नई बम्बई-400703, दूरध्वनि : 7672607 बम्बई (3) लोटस कोर्ट बिल्डिंग, 196 जमशेदजी टाटा रोड, बैंकवे रिक्लेमेशन, बम्बई-400020, दूरध्वनि : 2850821/822/823, बम्बई (4) : श्रद्धा शापिंग आर्केड, पहली मंजिल, एस वी रोड, बोरीवली (पश्चिम), बंबई-400092, दूरध्वनि 8020521 बंबई (5) सागर बोनांजा, पहली मंजिल, खोत लेन, घाटकोपर (पश्चिम), बम्बई-400086, दूरध्वनि : 5162256, इन्दौर : सिटी सेंटर, दूसरी मंजिल, 570, एम जी रोड, इन्दौर-452001 दूरध्वनि : 22796 कोल्हापुर : अयोध्या टावर्स, सी एस नं. 511, केएच-1/2, 'ई' वार्ड दुब्बोलकर कोरनर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर-416001, दूरध्वनि : 657315/657325, नागपुर : श्री मोहिनी काम्पलेक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, (किंग्सवे), नागपुर-440001, दूरध्वनि : 536893 नासिक : सारदा संकुल, दूसरी मंजिल, एम. जी. रोड, नासिक-422001, दूरध्वनि: 72166 पणजी : ई डी. सी. हाउस भूतल, डा. ए बी मार्ग, पणजी, गोवा-403001, दूरध्वनि : 222472 पुणे : सदाशिव विलास, तीसरी मंजल, 1183 फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी नगर, पुणे-4411005, दूरध्वनि : 325954 राजकोट : लल्लूभाई सेन्टर, चौथी मंजिल, लखाजी राजरोड, राजकोट-360001, दूरध्वनि : 35112 सूरत : भूतल, सैफी बिल्डिंग, डच्च रोड नेनपुरा, सूरत-395001, दूरध्वनि : 34550 ।

उत्तरी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

आगरा : सी ब्लाक, भूतल, जीवन प्रकाश, संजय प्लेस, महात्मा गांधी रोड, आगरा-282002 दूरध्वनि : 350552 इलाहाबाद : यूनाइटेड टावर्स, तीसरी मंजिल, 53, लीडर रोड इलाहाबाद-211003 दूरध्वनि : 50521, अमृतसर : श्री द्वारका धीशजी काम्पलेक्स, किन्स. रोड, अमृतसर-143001 दूरध्वनि : 210367, चंडीगढ़ : जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160017 दूरध्वनि : 543623, देहरादून, दूसरी मंजिल, 59/3; राजपुर रोड, देहरादून 248001, दूरध्वनि : 26720, जयपुर : आनन्द भवन, तीसरी मंजिल, संसार चन्द्र रोड, जयपुर 302001, दूरध्वनि : 232501, कानपुर : 16/79इ, सिविल लाईन्स कानपुर 208001, दूरध्वनि : 317278, लखनऊ : रिजेन्सी प्लाजा बिल्डिंग, 5, पार्क रोड, लखनऊ 226001, दूरध्वनि : 232501, लुधियाना : सोहन पैलेस, 455, दि माल, लुधियाना 141001, दूरध्वनि : 400373, नई दिल्ली : गुलाब भवन (पिछला ब्लाक), दूसरी मंजिल, 6, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली 110002, दूरध्वनि : 3318638/3319786 शिमला : 3, माल, पहली मंजिल, (जानकीदास एण्ड कं. डिपार्टमेन्ट स्टोर के ऊपर), शिमला 171002, दूरध्वनि : 4203, वाराणसी : पहली मंजिल, डी/58/2ए-1, भवानी मार्केट, रथयात्रा, वाराणसी 221001, दूरध्वनि : 54306/54262/54272 ।

दक्षिणी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

बंगलोर : विश्व व्यापार केन्द्र, चेंबर आफ कामर्स, केम्पेगोवडा रोड, बंगलोर 560009, दूरध्वनि : 2253739 कोचीन : जीवन प्रकाश, पांचवी मंजिल, एम जी रोड, एर्णाकुलम, कोचीन : 682001, दूरध्वनि : 362354, कोयम्बतूर : 82, चेरन टावर्स, तीसरी मंजिल, 6/25, राजकीय आर्टस् कालेज रोड, कोयम्बतूर 641018, दूरध्वनि : 214973, हुबली : कालबर्गी मेंशन, 4 थी मंजिल, लेमिंगटन रोड, हुबली5800-200, दूरध्वनि : 363963, हैदराबाद : पहली मंजिल, सुरभि आर्केड, 5-1-664, 665, 669, बैंक स्ट्रीट, हैदराबाद 500001, दूरध्वनि : 511095 मद्रास : यू.टी.आई. हाउस, 20, राजाजी सलाई, मद्रास 600001, दूरध्वनि : 517101 मदुराई : तमिलनाडु सर्वोदय संघ बिल्डिंग, 108, तिरुप्परनकुन्द्रम रोड, मदुराई 625001, दूरध्वनि : 38186, मंगलोर : सिद्धार्थ बिल्डिंग, 1ली मंजिल, बालमत्ता रोड, मंगलोर-575001, दूरध्वनि : 426290, तिरुअनंतपुरम : स्वस्तिक सेन्टर, तीसरी मंजिल, एम. जी. रोड, तिरुअनंतपुरम 695001, दूरध्वनि : 331415 त्रिची : 104, सलाई रोड, वोरेयूर, तिरुचिरापल्ली 620003, दूरध्वनि : 27060, त्रिचूर : 28/876/77, वेस्ट पल्लिथाम्म बिल्डिंग कारुणाकरण नंबियार रोड, राउंड नार्थ, त्रिचूर 680020, दूरध्वनि : 231259, विजयवाड़ा : 27-37-56, बंदर रोड, मनोरमा होटल के आगे, विजयवाड़ा 520002, दूरध्वनि : 74434 विशाखापट्टनम् : रत्ना आर्केड, तीसरी मंजिल, 47-15-6, स्टेशन रोड, द्वारका नगर, विशाखापट्टनम् 530016, दूरध्वनि : 548121 ।

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

भुवनेश्वर : आशा निवास, 246, लेविस रोड, भुवनेश्वर-751014, दूरध्वनि : 56141 कलकत्ता : 2 और 4, फेयरली प्लेस, कलकत्ता 700001, दूरध्वनि : 2209391/2208-322 दुर्गापुर : तीसरी एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, आसनसोल, दुर्गापुर विकास प्राधिकरण, सिटी सेन्टर, दुर्गापुर 713216, दूरध्वनि : 4831 गुवाहाटी : जीवन दीप, मोतीलाल नेहरू रोड, पानबाजार, गुवाहाटी 781001, दूरध्वनि : 543131 जमशेदपुर : 1-ए, राम मंदिर परिसर, भूतल और दूसरी मंजिल, बिस्तूपुर, जमशेदपुर 831001, दूरध्वनि: 425508 पटना : जीवन दीप बिल्डिंग, एक्जिबिशन रोड, पटना 800001, दूरध्वनि : 235001 सिलीगुड़ी : जीवन दीप, भूतल, गुरु नानक सारनी, सिलीगुड़ी-734401, दूरध्वनि : 23275,

RESERVE BANK OF INDIA

CENTRAL OFFICE

DEPARTMENT OF GOVERNMENT AND BANK ACCOUNTS

Bombay, the 18th November, 1995

In pursuance of Rule 18 of the Rule made by the Government of India under Section 28 of the Public Debt Act, 1944 and published in the Gazette of the 20th April, 1946 [as amended under the Notification No. F(8)/70-B/52 dated the 29th April, 1954 and the notification in extra ordinary Gazette No. 67 dated 21st February, 1990] the following list for the month ended September, 1995 is hereby advertised of securities lost etc., in respect of which prima facie ground exists for believing that the securities have been lost and that the claim of applicant is just. All persons other than the respective claimants named below who have any claim upon these securities should communicate immediately with the Chief Accountant, Reserve Bank of India, Central Office, Department of Government & Bank Accounts, Central Debt Division, Bombay.

The list has been divided into two parts : List 'A' being securities now advertised for the first time and list 'B' the list of securiries previous advertised.

LIST 'A'

No. of Security	Value in Rs./Gms.	In whose name issued	From what date bearing interest	Name(s) of the claimant(s) for issue of duplicate and/or payment of discharge value	No. and date of order issued
1	2	3	4	5	6
		9% Relief Bonds (Trivandrum Circle)			
1. TR-000337	2,00,000/-	P.C. Thomas	19-1-90	P. C. Thomas	File No. LN 05-02-168 Gen. Mgrs. Orders dated 21-9-95
		NDGB 1980 (Madras Circle)			
		'A' Series			
2. MS-034168	10 gms.	P. Kuppusamy Pillai (deceased)	On maturity only	K. Rani Ammal	J.M.D.Y. No. 122 dated 28-8-95
MS-036767	80 gms.				

LIST 'B'

No. of Security	Value Rs./Gms.	In whose name issued	From what date bearing interest	Name(s) of the claimant(s) for issue of duplicate/ payment of discharge value	No. and date of order issued	Date of publication under P.D. Act 9 of 1944 of list in which the security was first published
1	2	3	4	5	6	7
			Gold Bonds 1998 (Bombay Circle)			
1. BY. RBL 000051	580 gms.	Deepak Srivastava and Kamal Kishen	(On maturity only)	Deepak Srivastava and Kamal Kishen	Case No. 20-04-2008 Gen. Mgrs. Orders dated 10-7-95 C.O. Diary No. 21 dated 12-7-1995.	—
2. BY. SBL 000002	499 gms.	Sanjay K. Srivastava and Prakash K. Srivastava	(On maturity only)	Sanjay K. Srivastava and Prakash K. Srivastava	Case No. 20-04-1996 Gen. Mgrs. Order dated 12-7-95 C. O. Diary No. 23 dated 12-7-95	—

D. C. PADALKAR
(P. Chief General Manager)

URBAN BANKS DEPARTMENT

CENTRAL OFFICE

Bombay, the 12th October 1995

No. URB. BR. 129/16-26-00/95-96.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2A) of Section 24 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949, (10 of 1949), and in supersession of its Notification UDB. BR. No. 763/B.1-84/85 dated 29th March 1985, the Reserve Bank of India hereby specifies that on and from 14th October 1995, for the purpose of Section 24 of the said Act, unencumbered approved securities (hereinafter referred to as securities), shall be valued in the manner following namely ::—

(a) securities held on 31st March, 1995, so long as they are held continuously and are still in the bank's portfolio shall be valued by adopting the same system of valuation as for the balance sheet as on that date. The valuation shall remain unchanged throughout the financial year immediately following. Further, securities acquired from April 1, 1995 ownwards upto March 31, 1996 shall be valued at face value or cost price, as on the date of acquisition, whichever is lower. These securities shall be shown at the same value till these securities remain in the portfolio of the bank or till March 31, 1996 whichever is earlier.

(b) securities held on 31st March every year thereafter so long as these are held continuously and are still in the bank's portfolio shall be valued by adopting the same system of valuation as for the balance sheet as on that date. The valuation shall remain unchanged throughout the financial year immediately following. However, the securities acquired during the ensuing financial year shall be valued at face value or cost price, as on the date of acquisition, whichever is lower. These securities shall be shown at the same value till these securities remain in the portfolio of the bank or till the end of financial year, whichever is earlier.

S. A. HUSSAIN,
Executive Director

DEPARTMENT OF BANKING OPERATIONS & DEVELOPMENT

Bombay-400 005, the 30th October 1995

No. BC. 127/12-01-001/95-96.—In exercise of the powers conferred by sub-section (7) read with proviso to sub-section (1) of Section 42 the Reserve Bank of India Act, 1934 (2 of 1934) and in partial modification of circular DBOD No. Ret. BC. 108/C. 96/(Ret)/89 dated 11th April 1989, the Reserve Bank of India hereby directs that with effect from the fortnight beginning October 28, 1995 any increase in liabilities under Non-Resident (External) Rupee (NRE) deposit Accounts over the level outstanding as on October 27, 1995 shall be exempt from maintenance of the average Cash Reserve Ratio (CRR). Banks will, however, continue to be required to maintain the average CRR of 15.0 per cent on liability under NRE deposit upto the level as on October 27, 1995.

2. The exemption stipulated obove shall be subject to the effective CRR maintained by a scheduled commercial bank at not less than 3 per cent on its total net demand and time liabilities.

B. K. PAL,
Executive Director

No. BC.128/12-01-001/95-96.—In exercise of the powers conferred by sub-section (7) read with proviso to sub-section (1) of Section 42 of the Reserve Bank of India Act, 1934 (2 of 1934) and in partial modification of its Notification DBOD No. BC. 5/12-01-001/94-95 dated January 11, 1995, the Reserve Bank of India hereby specifies that with effect from the fornight beginning October 28, 1995, any increase in the liabilities under Non-Resident (Non-Repatriable) Rupee (NRNR) Deposit Accounts over the level outstanding as on October 27 1995 shall be exempt from maintenance of the averange Cash Reserve Ratio (CRR). Banks will, however, continue to be required to maintain the average CRR of 7.5 per cent of liability under NRNR deposit upto the level as on October 27, 1995.

2. The exemption stipulated abeove shall be subject to the effective CRR maintained by a scheduled commercial bank at not less than 3 per cent on its total net demand and time liabilities.

B. K. PAL,
Executive Director

UCO BANK

HEAD OFFICE

PERSONNEL DEPARTMENT

Calcutta-700001, the 30th October 1995

Sl. No. OSR/1/1995.—In exercise of powers cofenrred by Section 19 of the Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act 1970 (5 of 1970), the Board of Directors of UCO Bank in consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following Regulation further to amend the UCO Bank (Officers') Service Regulations, 1979.

Short title and commencement :

(i) These Regulations may be called the UCO Bank (Officers') Service (Amendment) Regulations, 1995

(ii) These Regulations shall come into force from the date of their publication in the official Gazette.

(iii) Existing Regulation 49 (ii) may be substituted as follows :

Text of Existing Provision	Text of amended Regulation
During the joining time an Officer shall be eligible to draw the emoluments at the place of the old or new posting, whichever are less.	During the joining time an officer shall be eligible to draw the emoluments as applicable to the place of transfer.

B. VENKATARAMAN
General Manager
(Personnel)

UNIT TRUST OF INDIA

Bombay, the 20th October 1995

